✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 05 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 1 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




भागलपुर में विकास योजनाओं का उद्घाटन करते सीएम सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षकों को प्रोफाइल अपडेट करने का मौका मिला

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को इ-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपनी प्रोफाइल अपडेट करने का शिक्षा विभाग ने अंतिम मौका दिया है। सभी शिक्षकों को पांच जून तक प्रोफाइल के सभी 54 अनिवार्य फील्ड को अपडेट करना होगा। निर्धारित समय के बाद उपलब्ध जानकारी को फ्रीज कर दिया जायेगा। प्राथमिक शिक्षा निदेशक सज्जन आर ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किया है।

### राज्य में आज से चलेगा खेत बचाओ अभियान

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** राज्यभर में आज सोमवार से 30 जून तक पूरे एक माह तक खेत बचाओ अभियान चलेगा। इस दौरान किसानों को कम और हरी खाद के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। वंचित किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड और पीएम किसान सम्मान योजना का लाभ दिलाया जाएगा। अभियान की शुरुआत मीठापुर स्थित कृषि भवन से कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा करेंगे। अभियान के संबंध में रविवार को कृषि मंत्री ने बताया कि इसका मुख्य फोकस कम खाद, सही खाद और सही सलाह के सिद्धांत को हर खेत तक पहुंचाना है जिससे रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग को रोका जा सके और खेती की लागत कम हो।

### भाजपा ने 20 हजार कार्यकर्ताओं को दिया संगठनात्मक प्रशिक्षण

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 रविवार को संपन्न हो गया। दो मई से प्रारंभ होकर एक माह तक चले इस महाअभियान में राज्य के सभी 52 संगठनात्मक जिलों में जिला प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए गए। इसमें लगभग 20 हजार कार्यकर्ताओं को वैचारिक और संगठनात्मक प्रशिक्षण मिला। प्रत्येक प्रशिक्षण वर्ग दो दिन एवं एक रात्रि का था जिसमें जिला स्तर एवं उससे ऊपर के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मोर्चा के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मंडल पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### फिजिकल टीचर ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पांकी थाना क्षेत्र के थाना रोड स्थित एक किराये के मकान में रहने वाले फिजिकल टीचर का शव फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पांकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान सत्यप्रकाश श्रीवास्तव के रूप में हुई है। वह सिलदिलिया स्कूल में फिजिकल टीचर के पद पर कार्यरत थे। मूल रूप से वह उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के रहने वाले थे और नौकरी के सिलसिले में पांकी में किराये के मकान में रह रहे थे। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

मुख्यमंत्री ने विक्रमशिला सेतु पर निर्माणाधीन बेली ब्रिज और वैकल्पिक यातायात व्यवस्था का किया निरीक्षण

# विक्रमशिला सेतु कोसी-सीमांचल क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक धड़कन : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** गंगा के दोनों तटों को जोड़ने वाली भागलपुर की जीवनरेखा विक्रमशिला सेतु के स्थाई समाधान की दिशा में सरकार ने ठोस कदम बढ़ा दिए हैं। रविवार को मुख्यमंत्री ने सेतु पर निर्माणाधीन बेली ब्रिज और वैकल्पिक यातायात व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अस्थाई व्यवस्था के तहत यथाशीघ्र आवागमन बहाल किया जाए ताकि लोगों की परेशानियां कम हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि विक्रमशिला सेतु केवल एक पुल नहीं बल्कि भागलपुर और कोसी-सीमांचल क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक धड़कन है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सेतु के सुपर स्ट्रक्चर की



तकनीकी जांच दो विशेषज्ञ एजेंसियों द्वारा पूरी हो चुकी है जबकि एक अन्य एजेंसी से भी विस्तृत परीक्षण कराया जाएगा। उनका कहना था कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में सेतु की मजबूती और सुरक्षा पर कोई समझौता न हो। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में सेतु के तीन स्लैब में क्षति और स्क्रैच पाए गए हैं। इन स्लैबों को हटाकर नए स्लैब लगाए जाएंगे। जांच एजेंसियों की अंतिम रिपोर्ट में यदि अन्य स्लैबों को भी बदलने की आवश्यकता सामने आती है तो उन्हें भी तुरंत बदला जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरम्मत और पुनर्निर्माण के बाद विक्रमशिला सेतु पहले से अधिक सुदृढ़, सुरक्षित और आधुनिक स्वरूप में तैयार होगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने 30 नवंबर की समय-सीमा निर्धारित करते हुए कहा कि मैं स्वयं 30 नवंबर को पुनः भागलपुर आकर सेतु का निरीक्षण करूंगा। तब कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि बेली ब्रिज के माध्यम से शीघ्र आवागमन प्रारंभ कराया जाएगा। तब तक सरकारी स्तर पर छोटे वाहनों तथा आम लोगों के आवागमन की विशेष व्यवस्था जारी रहेगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनजीवन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि बेली ब्रिज के माध्यम से जब तक मुख्य सेतु दुरुस्त नहीं होता तब तक छोटे वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था जारी रहे। इसका उद्देश्य है कि लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में कोई बाधा न आए।

# सोन नदी में नहाने गए छह बच्चे डूबे, तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के चौरी थाना क्षेत्र के अंधारी गांव स्थित सोन नदी में रविवार को नहाने के दौरान छह बच्चे डूब गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से सभी बच्चों को नदी से बाहर निकाला गया जिनमें तीन बच्चों की अस्पताल में मौत हो गई। तीन अन्य बच्चों का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही चौरी थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और मामले की जांच में जुट गए हैं। गंभीर हालत में मिले बच्चों को स्वजन आनन-फानन में इलाज के लिए अरवल सदर अस्पताल ले गए। चौरी थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि नहाने के दौरान पहले एक बच्चा डूब रहा था। उसे बचाने में दो और बच्चे गहरे पानी में डूब गए। तीनों को इलाज के लिए अरवल ले जाया गया था जहां उनकी मौत होने की सूचना है। जिन बच्चों की मौत हुई है उनमें चिंटू राय का पुत्र हर्षित कुमार, रंजीत राय का पुत्र नीतीश



कुमार तथा शिवभंटू राय का पुत्र निखिल कुमार शामिल हैं। वहीं जलेंद्र राय के बेटे पंकज कुमार, संतोष राय के पुत्र प्रिंस कुमार तथा रामधीन राय के बेटे संतोष कुमार का इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि रविवार को गांव के छह बच्चे सोन नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान सभी गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। बच्चों को डूबता देख वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया। इसके बाद स्थानीय गोताखोरों ने नदी में उतरकर राहत कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद तीन बच्चों को गंभीर हालत में तथा तीन को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

# राबड़ी देवी को 15 दिनों के अंदर खाली करना होगा आवास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद नेत्री राबड़ी देवी को पटना जिला प्रशासन ने 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने के लिए 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया है। प्रशासन की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि निर्धारित अवधि के भीतर आवास खाली कर 39 हार्डिंग रोड स्थित आवंटित सरकारी आवास में स्थानांतरित होना होगा। जिला प्रशासन का कहना है कि पूर्व सीएम राबड़ी देवी को 39 हार्डिंग रोड में शिफ्ट होने का अनुरोध किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 15 दिनों के भीतर आवास खाली नहीं किए जाने की स्थिति में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। दरअसल शनिवार शाम को पटना पुलिस राबड़ी देवी के आवास पर पहुंची थी। सचिवालय एसडीपीओ अनु कुमारी ने राबड़ी देवी से मुलाकात कर प्रशासन का पत्र और निर्देश सौंपा। मुलाकात के दौरान आवास खाली करने और नए आवास में स्थानांतरित होने को लेकर प्रशासन की ओर से औपचारिक जानकारी दी गई थी। इसके बाद सियासत गरमा गई। राजद और भाजपा नेताओं ने एक दूसरे पर जमकर हमला बोला। भवन निर्माण विभाग की ओर से जानकारी दी गई है कि 25 नवंबर 2025 को जारी आदेश के तहत नेता प्रतिपक्ष के लिए हार्डिंग रोड स्थित आवास संख्या-39 आवंटित किया गया था। विभाग का कहना है कि नया आवास उपलब्ध कराए जाने के बावजूद राबड़ी देवी ने अब तक सर्कुलर रोड स्थित आवास संख्या-10 खाली नहीं किया है।

# राजनीतिक विरोध का जवाब हिंसा से देना गलत : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा रोष व्यक्त करते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। मुख्यमंत्री ने दो-टूक शब्दों में कहा कि एक स्वस्थ और प्रगतिशील लोकतंत्र में हिंसा, डर और हमलों के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। उन्होंने इस हरकत की आलोचना करते हुए घटना में संलिप्त दोषियों के खिलाफ अविलंब और सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुआ यह हमला अत्यंत निंदनीय और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि किसी भी जीवंत लोकतंत्र में अलग-अलग दलों और नेताओं के बीच वैचारिक मतभेद होना पूरी तरह से स्वाभाविक और स्वागत योग्य है लेकिन राजनीतिक विरोध या प्रतिद्वंद्विता का जवाब कभी भी हिंसा, डर का माहौल बनाने या बल प्रयोग के जरिए नहीं दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि



किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी प्रकार के राजनीतिक मतभेदों, विवादों और समस्याओं के समाधान का एकमात्र माध्यम केवल तर्क, स्वस्थ संवाद और जनमत ही होते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की हिंसक घटनाओं में शामिल लोगों के खिलाफ प्रशासन को बिना किसी ढिलाई के कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा अक्षुण्ण बनी रहे। मुख्यमंत्री ने संदेश दिया कि लोकतंत्र कभी भी हिंसा की बुनियाद पर खड़ा नहीं हो सकता बल्कि यह केवल आपसी संवाद, सहिष्णुता और एक-दूसरे के प्रति पारस्परिक सम्मान की भावना से ही मजबूत और दीर्घायु बनता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस पोस्ट पर अभिषेक बनर्जी ने जवाब दिया है। उन्होंने सीएम हेमंत का आभार जताते हुए सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि उनका समर्थन उन्हें इस तरह की धमकियों और हिंसा के खिलाफ लड़ाई जारी रखने की ताकत देता है। उन्होंने आगे लिखा कि कल का हमला विपक्ष को डराने के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित और केंद्र सरकार द्वारा समर्थित साजिश के सभी लक्षण दिखाता है। जब हिंसा सबके सामने होती है और प्रशासन मूक दर्शक बना रहता है तो यह केवल कानून-व्यवस्था की विफलता नहीं रह जाती बल्कि लोकतंत्र पर जान-बूझकर किया गया हमला बन जाती है। अपने पोस्ट के अंत में अभिषेक ने इस हमले से नहीं डरने की बात कही है। उन्होंने लिखा कि हम जनता के साथ खड़े रहेंगे और एक ऐसे भारत के लिए लड़ेंगे जहां लोकतंत्र भय और हिंसा पर विजय प्राप्त करे।

# बिहार रेजिमेंट सेंटर में पासिंग आउट परेड, देश को मिले 1045 युवा सोल्जर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार रेजिमेंट सेंटर दानापुर के परेड ग्राउंड में रविवार को देशभक्ति, अनुशासन और गौरव का अद्भुत नजारा देखने को मिला। अग्निपथ योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सातवें बैच के 1045 अग्निवीरों ने भव्य पासिंग आउट परेड में हिस्सा लेते हुए भारतीय सेना का हिस्सा बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। हरे रंग की सैन्य वर्दी और रंग-बिरंगी टोपी पहने अग्निवीरों का जोश और आत्मविश्वास देखते ही बन रहा था। परेड की शुरुआत होते ही हाका द्वार से कदमताल करते हुए अग्निवीर जब परेड मैदान पहुंचे तो उपस्थित लोगों की निगाहें उन पर टिक गईं। मैदान में मौजूद अग्निवीरों के चेहरों पर सेना में शामिल होने का गर्व और देशसेवा का उत्साह साफ झलक रहा था। इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में उनके माता-पिता, भाई-बहन और अन्य परिजन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार रेजिमेंट के कर्नल ऑफ रेजिमेंट एवं असम राइफल्स के सहायक



निदेशक मेजर जनरल जय सिंह बैंसला (एसएम) ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। उन्होंने कठिन सैन्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले सभी अग्निवीरों को बधाई देते हुए कहा कि सेना में सेवा का अवसर हर किसी को नहीं मिलता। यह सौभाग्य केवल चुनिंदा और समर्पित युवाओं को प्राप्त होता है। मेजर जनरल बैंसल ने कहा कि 24 सप्ताह की बेसिक और एडवांस मिलिट्री ट्रेनिंग को अग्निवीरों ने पूरी निष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन और कड़ी मेहनत के साथ पूरा किया है। उन्होंने जवानों से तिरंगे के प्रति अपनी प्रतिज्ञा को हमेशा याद रखने और मातृभूमि की रक्षा के लिए हर परिस्थिति में तत्पर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जहां भी उनकी तैनाती हो, वे अपने कार्य और व्यवहार से बिहार रेजिमेंट तथा भारतीय सेना का नाम गौरवान्वित करें।

# ट्रांसफर्मर से उपभोक्ता तक होगी बिजली निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली कंपनियों को अब अगले एक दशक तक ऊर्ज़ा लेखांकन (इनर्जी अकाउंटिंग) का कार्य भी करना होगा। इसके लिए कंपनियां क्षेत्रवार निगरानी करेंगी और बिजली वितरण तथा खपत के आंकड़ों का विश्लेषण करेंगी। बिजली कंपनियों ने इसे अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य तकनीकी माध्यमों से बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाना है। बिजली कंपनियों ने प्रत्येक क्षेत्र में स्थापित पावर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफर्मरों पर सिम आधारित विशेष उपकरण लगाए हैं। इन उपकरणों के माध्यम से ट्रांसफर्मर से वितरित होने वाली बिजली की जानकारी सीधे बिजली कंपनी के सर्वर तक पहुंचती है। किसी क्षेत्र में मौजूद सभी ट्रांसफर्मरों से आपूर्ति की जा रही बिजली का नियमित डाटा उपलब्ध रहता है। इसके बाद उपभोक्ताओं की वास्तविक बिजली खपत और बिलिंग के आंकड़ों का मिलान किया जाता है। इसी प्रक्रिया को इनर्जी अकाउंटिंग कहा जाता है। इससे यह पता लगाया जाता है कि वितरित बिजली और बिलिंग के बीच कितना अंतर है। जिस क्षेत्र में जिस कंपनी ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए हैं, उसी कंपनी को वहां इनर्जी अकाउंटिंग की जिम्मेदारी भी दी गई है।






# बिहार का सत्तू और जर्दालू आम गर्मी में वरदान : मोदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड में देश के कई विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बिहार के पारंपरिक पेय सत्तू और प्रसिद्ध जर्दालु आम का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री के इस उल्लेख के बाद बिहार में खुशी का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भीषण गर्मी का जिक्र करते हुए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। इसी दौरान उन्होंने सत्तू की चर्चा करते हुए कहा कि यह ऐसा पेय है जो पेट भी भरता है और शरीर को ताकत भी देता है। प्रधानमंत्री के इस बयान को बिहार के पारंपरिक खान-पान के सम्मान के रूप में देखा जा रहा है। आम के मौसम की चर्चा



करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने देश के विभिन्न राज्यों की प्रसिद्ध आम के किस्मों का उल्लेख किया। उन्होंने बिहार के जर्दालु आम की विशेषता बताते हुए कहा कि इसकी खुशबू दूर से ही पहचान में आ जाती है। उन्होंने चौसा, मालदा, दशहरी, लंगड़ा, अल्फांसो और केसर जैसे कई प्रसिद्ध आमों का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम में कहा कि भारत के अलग-अलग क्षेत्रों के आमों की अपनी अलग पहचान और स्वाद है। अब ये उत्पाद सिर्फ गांवों और शहरों तक सीमित नहीं हैं बल्कि वैश्विक बाजारों तक पहुंच रहे हैं। उनके इस संदेश को स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री देश की विविध संस्कृति, परंपराओं और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की सांस्कृतिक विरासत और यहां के उत्पादों का उल्लेख राज्यवासियों के लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सत्तू और जर्दालु आम का उल्लेख बिहार के किसानों, उद्यमियों और आम लोगों के परिश्रम का सम्मान है। उन्होंने कहा कि इससे बिहार के स्थानीय उत्पादों को देश और विदेश में नई पहचान मिलेगी और किसानों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार अपनी कृषि, संस्कृति और लोक परंपराओं के लिए पूरे देश में जाना जाता है। प्रधानमंत्री द्वारा इन विशेषताओं को राष्ट्रीय मंच पर स्थान देने से राज्य के लोगों का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे बिहार के उत्पादों की मांग और लोकप्रियता दोनों में वृद्धि होगी।

# बिहार में आज से शुरू होगा ऐतिहासिक 'खेत बचाओ अभियान'

## वंचित किसानों को ऑन-स्पॉट मिलेगा केसीसी और पीएम-किसान जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा 1 जून 2026 को पूरे राज्य में महीने भर चलने वाले ऐतिहासिक 'खेत बचाओ अभियान' का भव्य शुभारंभ करेंगे। 30 जून तक चलने वाले इस राष्ट्रीय अभियान को बिहार के प्रत्येक गांव और पंचायत स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए कृषि विभाग ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली है। अभियान की पूर्व संध्या पर कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की दूरदर्शी सोच के अनुरूप, बिहार में इस अभियान को मात्र एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामाजिक और आर्थिक जन आंदोलन बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य फोकस 'कम खाद, सही खाद और सही स्थान' के सिद्धांत को हर खेत तक पहुंचाना है जिससे रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग को रोका जा सके और खेती की लागत में कमी आए। अभियान के दौरान राज्यभर में मिट्टी की जांच पर विशेष बल दिया जाएगा। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर ही संतुलित उर्वरक डालने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही हरी खाद, जैविक खेती और बायो-प्रोडक्ट्स के उपयोग को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाएगा। बदलते मौसम में 'सटीक सलाह': जलवायु परिवर्तन को देखते हुए कृषि वैज्ञानिक सीधे खेतों पर जाकर व्यावहारिक सलाह देंगे। कम पानी वाली फसलों, फसल विविधीकरण और जोखिम प्रबंधन के आधुनिक तरीकों की लाइव जानकारी दी जाएगी। पंचायत से राज्य स्तर तक व्यापक समन्वय स्थापित किया गया है। कृषि मंत्री ने सांसदों, विधायकों, मुखिया और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से गांवों में चौपाल लगाकर इस अभियान को नेतृत्व प्रदान करने की अपील की है। अभियान के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम-किसान सम्मान निधि से वंचित रह गए पात्र किसानों को जोड़ने, राष्ट्रीय दलहन-तिलहन मिशन और कृषि यंत्रीकरण (मशीनरी) योजनाओं का लाभ सीधे गांव के स्तर पर सुलभ कराया जाएगा। कृषि मंत्री श्री सिन्हा ने जानकारी दी कि बिहार के सभी जिलों के लिए विशेष टीमों का गठन पूरा हो चुका है। इनमें कृषि विज्ञान केंद्रों, आईसीएआर संस्थानों के वैज्ञानिक और कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं जिन जिलों या ब्लॉकों में रासायनिक खादों का उपयोग औसत से अधिक है, वहां के लिए विशेष 'बहुविषयक टीमें' 1 जून से ही मैदान में मोर्चा संभाल लेंगी। कृषि मंत्री ने कहा कि खेत सुरक्षित रहेगा, तभी हमारा किसान समृद्ध होगा और तभी बिहार आत्मनिर्भर बनेगा। 'खेत बचाओ अभियान' के जरिए हमारी सरकार 'प्रयोगशाला से खेत तक' के संकल्प को साकार करने जा रही है। मैं बिहार के सभी परिश्रमी किसान भाइयों-बहनों से अपील करता हूं कि वे कल से शुरू हो रहे इस अभियान से जुड़ें, वैज्ञानिकों की सलाह अपनाएं और खाद की लागत घटाएं।

# दुग्ध उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों, विशेषकर राज्य के मेहनती पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों और डेयरी उद्योग से जुड़े किसानों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन केवल एक आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन, पोषण सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण आधार है। अपने शुभकामना संदेश में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि दूध मानव स्वास्थ्य और संपूर्ण पोषण का मुख्य स्रोत है। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। संतुलित आहार के रूप में दूध और दुग्ध उत्पाद समाज को स्वस्थ एवं सशक्त बनाने में अहम योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन आजीविका का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। राज्य के लाखों पशुपालक और किसान अपने परिश्रम से न केवल परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती प्रदान कर रहे हैं। बिहार के विकास में ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों का योगदान अतुलनीय है और उनके अथक श्रम के कारण दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में राज्य लगातार आगे बढ़ रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों के कल्याण, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि तथा डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं के माध्यम से पशुपालकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं और किसानों की आय में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि विश्व दुग्ध दिवस हमें दूध के पोषण महत्व के साथ-साथ पशुपालकों और डेयरी क्षेत्र से जुड़े लोगों के योगदान का सम्मान देने का अवसर प्रदान करता है। यह दिन हमें दुग्ध उत्पादन को आधुनिक तकनीकों, स्वच्छता और गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप विकसित करने की प्रेरणा भी देता है। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे स्वच्छ, सुरक्षित और उन्नत दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि यदि हम गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादन और उसके समुचित उपयोग को बढ़ावा देंगे, तो आने वाली पीढ़ी को कुपोषण से मुक्त कर एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकेगा।

# जदयू के वरिष्ठ नेता अरविन्द मोहन के निधन पर मंत्री श्रवण कुमार ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** ग्रामीण विकास एवं सूचना-जनसंपर्क मंत्री तथा विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने खगड़िया नगर परिषद के सन्हौली निवासी, जनता दल (यू.) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला प्रवक्ता स्वर्गीय अरविन्द मोहन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अरविन्द मोहन का निधन न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे खगड़िया जिले और जदयू परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। मंत्री श्री कुमार ने स्वर्गीय अरविन्द मोहन के श्राद्ध कार्यक्रम में उनके सन्हौली स्थित आवास पर पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अरविन्द मोहन का सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान, उनके विचार तथा संगठन के प्रति उनकी निष्ठा सदैव स्मरणीय रहेगी। उन्होंने कहा कि जदयू परिवार हमेशा उन्हें सम्मान और आदर के साथ याद करता रहेगा। श्री कुमार ने कहा कि अरविन्द मोहन का परिवार लंबे समय से समाजवादी विचारधारा से जुड़ा रहा है। उनके आवास पर समय-समय पर देश के कई प्रमुख समाजवादी नेताओं का आगमन होता रहा। उनका संबंध जननायक कर्पूरी ठाकुर, राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण, मधु लिमये तथा रामविलास पासवान जैसे दिग्गज नेताओं से पारिवारिक स्तर पर रहा था। उन्होंने कहा कि अरविन्द मोहन के निधन से खगड़िया ने एक सजग, कर्मठ और विचारशील जननेता को खो दिया है। वे सामाजिक न्याय, सुशासन, महिला सशक्तिकरण और विकास की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे।

# एनटीपीसी बाढ़ में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बाढ़/पटना।** एनटीपीसी बाढ़ में 16 मई से 31 मई 2026 तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा का सफलतापूर्वक समापन हुआ। पखवाड़े का शुभारंभ स्वच्छता शपथ एवं प्रभातफेरी के साथ किया गया था जिसमें कर्मचारियों, महिलाओं एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान कर्मचारियों, टाउनशिप निवासियों, विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं स्थानीय ग्रामीणों की सहभागिता से अनेक जन-जागरूकता एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें श्रमदान, स्वच्छता अभियान, जन-जागरूकता रैली, वेस्ट टू वेल्थ कार्यशाला, एकल उपयोग प्लास्टिक उन्मूलन अभियान, सामूहिक वृक्षारोपण, जल निकाय स्वच्छता अभियान, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता, क्राफ्ट प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक तथा चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। इसके अतिरिक्त प्लांट के विभिन्न विभागों, कार्यस्थलों एवं कार्यालय परिसरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाए गए। इस दौरान कार्य क्षेत्रों, नियंत्रण कक्षों, कार्यालयों, स्टोरों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर सफाई एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियां संचालित की गईं जिससे स्वच्छ एवं सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा मिला। सी. सत्य राम कृष्ण, परियोजना प्रमुख (बाढ़) ने स्वच्छता को स्वस्थ एवं सतत जीवनशैली का आधार बताते हुए सभी कर्मचारियों एवं नागरिकों से स्वच्छता को व्यवहार का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। स्वच्छता शपथ एवं प्रभातफेरी के कार्यक्रम में हरेकृष्ण जेना, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अजीत कुमार सिंह, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम) अरुण कुमार सिंह, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं ईंधन प्रबंधन) तथा सी. वी. एल. अनुराधा, अध्यक्षा, मंदाकिनी क्लब की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। कार्यक्रमों ने प्रतिभागियों को स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा समाज में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया।

# बिहार बोर्ड के पांच शीर्ष छात्र-छात्राएं रमण अवार्ड से सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** रमण प्रकाश बंका आई पी एस स्मृति ट्रस्ट पटना के तत्वावधान में स्थानीय बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज पटना के साहु जैन हॉल में रमण अवार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अमित कुमार जैन, आई पी एस, अपर महानिदेशक, सीआईडी (डब्लू एस) और प्रोहिबिशन तथा नारकोटिक्स, पटना विशिष्ट अतिथि डॉ. जे पी.अग्रवाल, हृदय रोग विशेषज्ञ, गाजियाबाद, मनोज अग्रवाल, सेवानिवृत पुलिसमहानिदेशक, गुजरात, प्रेम कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष, बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, पटना, आनंद कुमार केडिया, आईआरएस, मुख्य आयकर आयुक्त, कमल कुमार नोपानी, भूतपूर्व उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, महेश जालान, भूतपूर्व अध्यक्ष बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ने मंचासीन अतिथियों के सहयोग से शहीद रमण प्रकाश बंका के चित्र पर माल्यार्पण तथा श्रद्धा-सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंचासीन अतिथियों के अतिरिक्त सभा में उपस्थित चिकित्सक, अभियंतागण, अधिवक्तागण, सेवानिवृत एवं कार्यरत सरकारी पदाधिकारीगण, समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तिगण, अध्यक्ष एवं स्थानीय और बाहर से आए रिश्तेदारों एवं ट्रस्टीगणों तथा राजीव नगर से आए अतिथियों ने शहीद रमण बंका को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष ओम प्रकाश बंका ने बताया कि ट्रस्ट का गठन शहीद रमण बंका की स्मृति में वर्ष 2014 में किया गया। वर्ष 2014 से लगातार प्रत्येक वर्ष मैट्रिक और इंटर में टॉपर को रमण अवार्ड से सम्मानित किया जाता रहा है। 2026 में सम्मानित किए गए छात्र - छात्राओं के साथ कुल छात्र - छात्राओं की संख्या 75 हो गई है। इनमें 46 छात्राएं हैं यानी 61.36 प्रतिशत छात्राएं हैं।

# डिजिटल जन सेवा सम्मान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** महान समाजसेवी स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं वेदांत संदेश से प्रेरित होकर समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सामाजिक संस्था नवीन डिजास्टर रेस्क्यू फाउंडेशन द्वारा दिल्ली में डिजिटल जन सेवा सम्मान का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार-सामाजिक कार्यकर्ता सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि इस सम्मान का उद्देश्य समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि महान विभूतियों एवं समाजसेवियों के योगदान को स्मरण करते हुए इस आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल एक प्रमाण पत्र नहीं होगा, बल्कि समाजसेवा के प्रति समर्पण, निष्ठा और सेवा भावना का प्रतीक होगा। इससे देशभर के सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलेगी तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। संस्था ने विश्वास व्यक्त किया है कि यह पहल सामाजिक उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# भारतीय संस्कृति का अनुपालन ही हिंदुत्व : डॉ अजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** श्री राम सनातन सेना द्वारा गुलजारबाग स्थित जुबली हॉल में सनातन सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ अजय प्रकाश ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की संस्कृति एवं संस्कार उच्चतम स्तर की रही है यह मनुष्यता सिखाती है, जीवन जीने की कला है। भारतीय संस्कृति में सोलह संस्कार का वर्णन है, परिवार एवं समाज के बीच सम्बंध कैसा होना चाहिए यह हमें अपने भारतीय संस्कार एवं संस्कृति में देखने को मिलता है। पवित्र ग्रंथ रामायण की ही बात की जाए तो जीने की अद्भुत कला का ज्ञान प्राप्त होता है कि भगवान श्रीराम ने तो मनुष्यता की मर्यादा में रहते हुए सुखी जीवन जीने का अद्भुत ज्ञान प्रदान किया है। श्री राम सनातन सेना के अध्यक्ष विशाल गुप्ता ने सभी का स्वागत करते हुए सभी को सनातन धर्म के अनुरूप जीवन जीने के लिए आह्वान किया। इस सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का सम्मान मोमेंटो प्रदान कर एवं श्रीराम दोशाला ओढ़ाकर कर किया गया, रामनवमी शोभायात्रा है शिवरात्रि शोभायात्रा आदि कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विशेष चर्चा की गई, समिति विस्तार भी किया गया। समारोह में मुख्य रूप से पूर्व वार्ड पार्षद प्रमोद गुप्ता, विनोद गुप्ता, चुन्नू चंद्रवंशी, मेयर प्रतिनिधि शिशिर कुमार, पार्षद प्रतिनिधि राजू गुप्ता ने संबोधित किया तथा विकास मौडीवाल, आलोक गोस्वामी, अजय गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकर्ता का सहयोग सराहनीय रहा।

# माता-पिता दिवस पर डॉ. प्रेम कुमार ने अभिभावकों को किया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने वैश्विक माता-पिता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों एवं सभी अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने माता-पिता के प्रति सम्मान, सेवा और कृतज्ञता की भावना को जीवन का महत्वपूर्ण मूल्य बताते हुए समाज में उनकी भूमिका को सर्वोपरि बताया। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि माता-पिता समाज के संस्कार, त्याग, समर्पण और निःस्वार्थ प्रेम के सर्वोच्च जीवंत स्तंभ हैं। उनके आदर्शों और जीवन मूल्यों के कारण ही एक स्वस्थ, सशक्त और सभ्य समाज का निर्माण संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं होते, बल्कि वे बच्चों के पहले शिक्षक, मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत भी होते हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए जीवन भर संघर्ष करते हैं और हर परिस्थिति में उनका मार्गदर्शन करते हैं। विपरीत परिस्थितियों में भी वे परिवार को संबल प्रदान करते हुए उसे एकजुट बनाए रखते हैं। उनके त्याग, परिश्रम और स्नेह का मूल्य किसी भी रूप में नहीं आंका जा सकता। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वैश्विक माता-पिता दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं है, बल्कि यह दिन हमें अपने माता-पिता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। वर्तमान समय की व्यस्त जीवनशैली में यह दिवस हमें यह संदेश देता है कि हम अपने माता-पिता के लिए समय निकालें, उनकी भावनाओं का सम्मान करें और उनके प्रति सेवा एवं आदर का भाव बनाए रखें।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर गांवों में चलेगा स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक से पांच जून तक गांवों में स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली की जानकारी, नई नियमावली के अनुसार स्वच्छता गतिविधियों के प्रति जागरुकता, समुदाय आधारित सहभागिता के माध्यम से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ करने और ओडीएफ प्लस गांवों के लक्ष्य को आगे बढ़ाने का काम होगा। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के 4 आर सिद्धांत (रिफ्यूज- इकार करना, रिड्यूस कम करना, रियूज- पुनः उपयोग और रिसाइकिल-पुनर्चक्रण) को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही धूसर जल प्रबंधन के लिए 3 आर सिद्धांत की अवधारणा को लेकर समुदाय को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समुदाय में चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढावा देने, कचरा से धन, सामुदायिक स्वच्छता परिसंपत्तियों के संचालन एवं अनुरक्षण स्वच्छता के क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने का काम होगा। पहले जून से शुरू हुए इस अभियान का सभी जिलों में औपचारिक शुभारंभ होगा जो पांच जून 2026 तक संचालित होगा। इस अवधि में प्रतिदिन अलग-अलग बिन्दुओं को केन्द्रित कर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के पहले दिन ग्राम पंचायत एवं प्रमुख सहयोगी संस्थाओं का उन्मुखीकरण किया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में सभी लोगों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली की जानकारी देने एवं जागरूक करने के लिए जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सबंधित विभागों, संस्थानों के पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधि, सहयोगी संस्थाएं शामिल होंगी। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी ग्राम पंचायतों को भी इस कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा, ताकि ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं समुदाय के लोग एसडब्ल्यूएम रूल-2026 के प्रावधानों के प्रति जागरूक हो सके। अभियान के दूसरे दिन सामुदायिक परिसंपत्तियों का निरीक्षण एवं कार्यक्षमता आकलन के लिए कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों, सेग्रीगेशन शेड, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों, गोबरधन इकाइयों, घर-घर अपशिष्ट संग्रहण करने वाले वाहन, पैडल रिक्शा, ई-रिक्शा आदि का संयुक्त निरीक्षण होगा।

तीसरे दिन यानी 03 जून को बल्क वेस्ट जेनेरेटर यानि अधिक मात्रा में अपशिष्ट उत्पन्न करने वाले लोगों की पहचान के लिए अभियान चलेगा।

# भर ले उड़ान का 10वां बिहार बिगेस्ट शो 13 जून को ए.एन. कॉलेज में




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बच्चों, युवाओं और महिलाओं की प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से 'भर ले उड़ान' संस्था द्वारा आयोजित 10वें बिहार बिगेस्ट शो का ग्रैंड फिनाले 13 जून 2026 को ए.एन. कॉलेज, बोरिंग रोड स्थित सिन्हा ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगा जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। संस्था की सचिव स्वीटि पंडित ने बताया कि पिछले दस वर्षों से संस्था का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करना रहा है। इस वर्ष आयोजित कार्यक्रम में 4 वर्ष के बच्चों से लेकर कॉलेज छात्रों एवं महिलाओं तक को भागीदारी का अवसर दिया गया है।

# देश में पहली बार एआरटी रजिस्ट्री रिपोर्टिंग का लाइव प्रशिक्षण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इंडियन फर्टिलिटी सोसाइटी बिहार चैप्टर एवं आईएफएस एसआईजी एम्ब्रियोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में पटना के होटल लेमन ट्री में आयोजित एआरटी एवं सरोगेसी मास्टरक्लास 2026 में देशभर के आईवीएफ विशेषज्ञों, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों, एम्ब्रियोलॉजिस्ट, काउंसलर्स एवं प्रजनन चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों ने सहभागिता की। कार्यक्रम को फिजिकल उपस्थिति के साथ-साथ जूम एवं फेसबुक लाइव के माध्यम से हाइब्रिड स्वरूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता नेशनल एआरटी रजिस्ट्री रिपोर्टिंग का लाइव प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन रहा। प्रतिभागियों को एआरटी एवं सरोगेसी अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्टिंग प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजीकरण, अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं, डेटा सबमिशन तथा रिपोर्टिंग में होने वाली सामान्य त्रुटियों एवं उनके समाधान की विस्तृत जानकारी दी गई।

# कभी बिहार के युवाओं की उम्मीद बना केवाइपी, अब खुद संकट में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना/वैशाली।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा कार्यक्रम, जिसने पिछले कई वर्षों में लाखों युवाओं को डिजिटल शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार की दिशा दिखाई आज खुद गंभीर संकट से गुजर रही है। राज्यभर के केवाईपी केंद्र संचालकों, शिक्षकों और छात्रों ने बिहार कौशल विकास मिशन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए योजना को बचाने की मांग की है। वर्ष 2016 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में '7 निश्चय' योजना के तहत शुरू किया गया केवाईपी बिहार के युवाओं के लिए एक बड़ी पहल माना गया था। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा, अंग्रेजी संवाद कौशल, सॉफ्ट स्किल एवं डिजिटल प्रशिक्षण देकर रोजगार योग्य बनाना था। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों तक डिजिटल शिक्षा पहुंचाने में केवाईपी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कार्यक्रम बिहार के 38 जिलों एवं 534 प्रखंडों में लगभग 1800 प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से संचालित है। केंद्र संचालकों का दावा है कि अब तक 25 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है जबकि प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 30 लाख से अधिक युवा इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। केवाईपी के जरिए हजारों युवाओं को निजी कंपनियों, बैंकिंग सेक्टर, डिजिटल सेवा केंद्रों एवं स्वरोजगार से जुड़ने का अवसर मिला। यही वजह रही कि 'आर्थिक हल, युवाओं को बल' कार्यक्रम के अंतर्गत केवाईपी को बिहार सरकार की सबसे सफल योजनाओं में गिना जाने लगा, लेकिन अब यही योजना अव्यवस्था और तकनीकी समस्याओं के कारण विवादों में है। केंद्र संचालकों का आरोप है कि बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा नॉलेज पार्टनर के रूप में स्कूलनेट इंडिया को जिम्मेदारी दिए जाने के बाद से केवाईपी की स्थिति लगातार खराब हुई है। संचालकों के अनुसार प्रशिक्षण समय पर पूरा नहीं हो पा रहा है, ऑनलाइन पोर्टल में लगातार तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं, परीक्षा नियमित रूप से नहीं हो रही, हजारों छात्रों का रिजल्ट लंबित है तथा बड़ी संख्या में युवाओं को अब तक प्रमाणपत्र नहीं मिल पाया है।

# कांग्रेस पार्टी के वैचारिक क्रांति का सृजन बनेगा सर्वोदय संकल्प शिविर : राजेश राम




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में दूसरे चरण के तीन दिवसीय 'सर्वोदय संकल्प शिविर' के समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि संगठन सृजन में सर्वोदय संकल्प शिविर से प्रशिक्षित कार्यकर्ता बेहतर तरीके से पार्टी के विचारधारा को आमजन तक पहुंचाएंगे। कांग्रेस पार्टी की वैचारिक क्रांति का सृजन यह शिविर बनेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के गौरवशाली इतिहास का बोध जिस कार्यकर्ता को रहता है वो समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति हमेशा गंभीर रहते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि समानता और समर्पण के साथ एकजुट होकर देश के अंतिम पायदान के व्यक्ति को मुख्यधारा में जोड़ने की कवायद में आप सभी की मनोवैज्ञानिक सोच इस प्रशिक्षण से बेहतर हुई है।

# एक जून से इंद्रपुरी बराज से जुड़ी नहरों में छोड़ा जाएगा पानी

## खरीफ खेती के लिए किसानों को बड़ी राहत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/डिहरी ऑन-सोन।** खरीफ फसलों की खेती की तैयारी कर रहे किसानों के लिए राहत भरी खबर है। जल संसाधन विभाग ने 1 जून से इंद्रपुरी बराज से सभी मुख्य एवं सहायक नहरों में पानी छोड़ने का निर्णय लिया है। इसके लिए विभाग ने आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली है। ताकि नहर प्रणाली के अंतिम छोर तक बिना किसी बाधा के पानी पहुंचाया जा सके। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इंद्रपुरी बराज से पश्चिमी मुख्य नहर तथा पूर्वी मुख्य नहर में निर्धारित कार्यक्रम के तहत जल प्रवाह शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही इनसे जुड़ी विभिन्न शाखा और उपशाखा नहरों में भी पानी पहुंचाया जाएगा जिससे व्यापक क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सके। इस निर्णय का लाभ कैमूर, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल तथा पटना जिलों के किसानों को मिलेगा। इन जिलों के हजारों किसानों की खेती नहर आधारित सिंचाई व्यवस्था पर निर्भर है। समय पर पानी मिलने से धान सहित खरीफ मौसम की अन्य फसलों की बुआई और रोपाई कार्य में तेजी आएगी। जल संसाधन विभाग ने संबंधित अभियंताओं और क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नहरों के संचालन की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की रुकावट या अवैध अवरोध को तत्काल हटाया जाए, ताकि अंतिम छोर तक के किसानों को भी समान रूप से सिंचाई जल उपलब्ध हो सके। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून पूर्व नहरों में जल प्रवाह शुरू होने से किसानों को सिंचाई की चिंता से राहत मिलेगी और खरीफ उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। विशेष रूप से धान की खेती करने वाले किसानों के लिए यह निर्णय काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। किसानों ने भी सरकार और जल संसाधन विभाग के इस कदम का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि पूरे सिंचाई सत्र के दौरान नहरों में नियमित जलापूर्ति बनाए रखी जाएगी जिससे खेती-किसानी को मजबूती मिले और उत्पादन में वृद्धि हो सके।

## निजी मॉल कर्मी की ट्रक से कुचलकर मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट थाना क्षेत्र स्थित कुरूर गांव के 30 वर्षीय बसंत कुमार की शनिवार देर रात गड़हनी-आयर बालिगांव रोड पर सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। आरा शहर के एक निजी मॉल में कार्यरत बसंत कंपनी के काम से सासाराम से बाइक द्वारा आरा लौट रहे थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मारकर उन्हें कुचल दिया। हादसे में मौके पर ही उनकी मौत हो गई जबकि ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची गड़हनी पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और फरार चालक की तलाश जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल, आरा में पोस्टमार्टम कराया और रविवार सुबह परिजनों को सौंप दिया।

## जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से मिले आशुतोष सिंह, विकास मुद्दों पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** सासाराम निवासी एवं जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश नेता आशुतोष सिंह अधिवक्ता ने पटना स्थित जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान रोहतास जिले और बिहार के विकास, संगठन की मजबूती तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान जदयू नेता आशुतोष सिंह ने बिहार के विकास में नीतीश कुमार के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य ने कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछाने, बिजली व्यवस्था में सुधार, रोजगार और सरकारी नौकरियों के अवसर बढ़ाने तथा सरकारी अस्पतालों में गरीबों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसे कार्यों को लंबे समय तक याद किया जाएगा। आशुतोष सिंह ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड को और अधिक मजबूत बनाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी संगठन और अधिक सशक्त होकर जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा। इस अवसर पर संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी राजनीतिक रणनीतियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। जदयू नेता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## नारायण मेडिकल कॉलेज में तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहने की दी गई प्रेरणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में चिकित्सा स्नातक छात्रों द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रोहतास जिले के अकोढ़ीगोला प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय बराढ़ी के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों एवं आसपास के समुदाय को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान तंबाकू सेवन से होने वाले कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों तथा अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उपस्थित लोगों को तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहने की प्रेरणा दी गई। स्नातक चिकित्सा छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं और किशोरों को विशेष रूप से तंबाकू की लत से बचने तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचता है, बल्कि परिवार एवं समाज पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे तंबाकू एवं धूम्रपान से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाएं तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें। यह कार्यक्रम सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ निपेन्द्र आनंद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर भारत तंवर (सहायक प्राध्यापक), डॉ अमरजीत, संतोष कुमार मिश्रा, शिवबचन प्रसाद प्रधानाध्यापक, रवि प्रकाश, प्रीति कुमारी शाह, राजेश कुमार, सरिता कुमारी, रितु कुमारी, रिंकू कुमारी, ओम प्रकाश चौधरी ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में तंबाकू निषेध को लेकर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें आसपास के बच्चे और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## मोहनियां में बस डिवाइडर से टकराई, छह यात्री घायल, दो रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** रविवार अहले सुबह मोहनियां स्थित समेकित चेकपोस्ट के समीप एक भीषण सड़क हादसा हुआ। आंध्र प्रदेश से वाराणसी जा रही एक टूरिस्ट बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार छह यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एनएचएआई की एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल, मोहनियां ले जाया गया। घायलों की पहचान अवाला सुरमा, कटारी मोहिनी, कटारी चेम्मा चेलम, कुर्ला कोटा, चेन्ना राव और मोगिली सुबैया के रूप में हुई है। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. मनीष कुमार ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया है। इनमें से दो यात्रियों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज और सीटी स्कैन के लिए सदर अस्पताल, भभुआ रेफर किया गया है। चार अन्य यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। यात्री चेन्ना राव ने बताया कि बस में कुल 40 लोग सवार थे और सभी वाराणसी दर्शन के लिए निकले थे। अचानक हुए इस हादसे से बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि समय रहते राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया गया जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने स्थिति का जायजा लिया और बस को सुरक्षित किनारे करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि बस अनियंत्रित कैसे हुई।

## तिलौथू में एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में पांच सौ कैडेट्स लेंगे हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** रोहतास जिले के तिलौथू स्थित 13 बिहार बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में राधा शांता कॉलेज परिसर में 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सीएटीसी -12 का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। यह शिविर 8 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न जिलों के लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। शिविर का उद्घाटन कैंप कमांडेंट कर्नल प्रदीप कुमार तक्षक ने ओपनिंग एड्रेस के साथ किया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में रोहतास, औरंगाबाद, गया, नालंदा, अरवल, भोजपुर एवं बक्सर जिलों के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कैडेट्स से पूरे उत्साह, समर्पण और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान किया। कर्नल तक्षक ने कहा कि एनसीसी का मूल उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता, एकता एवं अनुशासन की भावना का विकास करना है। इस शिविर के माध्यम से कैडेट्स को न केवल सैन्य प्रशिक्षण दिया जाएगा, बल्कि उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को डिजास्टर मैनेजमेंट, मैप रीडिंग, सामाजिक सहभागिता, हथियार संचालन तथा फायरिंग सहित विभिन्न विषयों का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित शिविरों जैसे रिपब्लिक डे कैंप एवं टीएससी थल सैनिक कैंप में भाग लेने का अवसर भी प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें जिम्मेदार, जागरूक और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह, एनओ, पीआई स्टाफ, सिविलियन स्टाफ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिविर के शुभारंभ के साथ ही पूरे परिसर में अनुशासन, उत्साह और देशभक्ति का माहौल देखने को मिला।

## शांडिल्य कुटीर में राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** विक्रमगंज के काराकाट में स्थित कुटीर में राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ की महत्वपूर्ण बैठक राष्ट्रीय महासचिव दशरथ मिश्र की अध्यक्षता और रविकांत तिवारी के संचालन में संपन्न हुई जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने समाज सेवा के उद्देश्यों पर बारी-बारी से अपने विचार रखे और प्राथमिकता से कई प्रमुख मांगें उठाईं। शिक्षा से जुड़ी मांगों में गरीब मेधावी छात्रों के लिए मुफ्त कोचिंग व छात्रवृत्ति की व्यवस्था, सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों को तुरंत भरने तथा सभी गरीब ब्राह्मण बच्चों को मुफ्त किताब-कॉपी उपलब्ध कराने की बात कही गई। स्वास्थ्य के क्षेत्र में काराकाट सीएचसी में 24 घंटे डॉक्टर और आवश्यक दवाइयां सुनिश्चित करने, गंभीर मरीजों को रोहतास से पटना रेफर करने हेतु निशुल्क एंबुलेंस सेवा देने और प्रत्येक पंचायत में महीने में एक बार मुफ्त स्वास्थ्य शिविर लगाने की मांग रखी गई। सामाजिक न्याय के तहत झूठे एससी/एसटी एक्ट के मुकदमों की निष्पक्ष जांच कर निर्दोषों को फंसने से बचाने, गरीब परिवारों को तत्काल सरकारी वकील उपलब्ध कराने तथा आपसी विवादों के समाधान हेतु हर थाना स्तर पर समाधान समिति गठित करने पर जोर दिया गया। प्रशासनिक मांगों में डीजीपी बिहार से अपने चंदन-टीका वाले बयान को वापस लेकर माफी मांगने, सभी धर्मों के प्रतीकों का समान सम्मान सुनिश्चित करने और काराकाट थाने में लंबित केसों का तीन महीने में निष्पादन करने की मांग शामिल रही।

## राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर प्रतिमा का अनावरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दरिहट।** आदर्श ग्राम पंचायत दरिहट स्थित श्री श्री 1008 बाबा सुरदास के प्रांगण में रविवार को राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पाल (गड़रिया) समाज के लोगों के अथक प्रयास, कुशल नेतृत्व और सामूहिक सहयोग से स्थापित राजमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक नागेंद्र राउत, जिला परिषद सदस्य नथुनी पासवान, सुरेंद्र पाल, विनय पाल, चंद्र मोहन पाल, अमरेंद्र पाल एवं राजेश पाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की महान, दूरदर्शी और जनकल्याणकारी शासकों में से एक थीं। उनका जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चोंडी गांव में हुआ था। उन्होंने अपने शासनकाल में न्याय, सुशासन और जनसेवा की मिसाल कायम की। वक्ताओं ने बताया कि अहिल्याबाई होलकर भगवान शिव की अनन्य भक्त थीं और उन्होंने धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके प्रयासों से देश के अनेक प्रमुख मंदिरों, घाटों और तीर्थस्थलों का जीर्णोद्धार एवं निर्माण कराया गया। उन्होंने वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के साथ-साथ अयोध्या, मथुरा, सोमनाथ मंदिर तथा बद्रीनाथ-केदारनाथ सहित कई धार्मिक स्थलों के विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राजमाता अहिल्याबाई होलकर के चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

## घर में घुस महिला से जबरदस्ती का प्रयास, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना में धौदाढ़ थाना क्षेत्र निवासी एक विवाहिता ने भरकुड़िया गांव में आधी रात घर में घुसकर महिला से जबरदस्ती का प्रयास करने की प्राथमिकी किया। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की और चांदी की बाली नोचकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार संध्या देवी ने दिए आवेदन में बताया कि 20 मई 2026 की रात करीब एक बजे वह अपने पति के साथ घर में सो रही थीं। उसी दौरान गांव का ही निवासी राहुल कुमार घर में घुस आया। आरोप है कि राहुल ने संध्या देवी को उठाकर दूसरे कमरे में ले जाकर जबरदस्ती करने लगा। महिला के शोर मचाने पर पति जाग गए। पति ने लात-घूंसों से आरोपी को मारना शुरू किया।

## डिहरी में आज से होगा 'चक दे इंडिया नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट' का आगाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के पड़ाव मैदान में 1 जून से बहुप्रतीक्षित 'चक दे इंडिया नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट-2026' (सीजन-20) का शुभारंभ होगा। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया जाएगा। चक दे इंडिया क्रिकेट कमिटी, डिहरी के तत्वावधान में आयोजित इस नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के सभी मुकाबले प्रतिदिन शाम 7 बजे से खेले जाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। विजेता टीम को 15 हजार रुपये नकद पुरस्कार के साथ एक स्कूटी प्रदान की जाएगी जबकि उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज को कूलर देकर सम्मानित किया जाएगा। हर मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर और बेस्ट फील्डर के लिए आकर्षक पुरस्कारों की व्यवस्था की गई है। कमिटी ने बताया कि लीग चरण के सभी मैच 8-8 ओवर के होंगे जबकि सेमीफाइनल मुकाबले 10-10 ओवर के खेले जाएंगे। आयोजन समिति के नियमों के अनुसार एक खिलाड़ी केवल एक ही टीम से खेल सकेगा तथा अंपायर और आयोजन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। टूर्नामेंट की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने डॉ. शैलेश सागर के आवास पहुंच दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के चकन्हा पंचायत निवासी एवं डिहरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे डॉ. शैलेश सागर के आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। ज्ञात हो कि पिछले महीने डॉ. शैलेश सागर के पिता स्वर्गीय योगेश्वर महतो का आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मंत्री दीपक प्रकाश ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. किशोरी लाल, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पाण्डेय, तौफीक अहमद मकरानी, डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह (सोनू सिंह), डिहरी चेयरमैन गुड्डू चंद्रवंशी, डायमंड प्रसाद, उपेंद्र चौहान, रामाधार चौहान, चंद्र प्रकाश, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर कुशवाहा, जिलाध्यक्ष कपिल कुशवाहा, चकन्हा के पूर्व मुखिया कमलेश, मोहन विक्की, प्रमोद, दीपक कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में समस्याओं पर गहन मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** शनिवार को सासाराम स्थित डीआरडीए सभागार में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री सह रोहतास जिला के प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी ने की। बैठक के आरंभ में पिछली कार्यवाही का अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसके बाद विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट सभा पटल पर रखी गई और विभागवार गहन समीक्षा हुई। इस दौरान बीस सूत्री कार्यक्रम के सदस्यों ने जिले की जमीनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह ने बिक्रमगंज बिस्कोमान में व्याप्त लूट खसोट, जिले में अपंजीकृत होटलों के संचालन, केसठ 1 नहर की साफ-सफाई की बदहाल स्थिति और पंचायत चुनाव में रोस्टर की पारदर्शिता जैसे मुद्दे उठाए। इन सभी समस्याओं को अध्यक्ष अशोक चौधरी एवं सचिव सह जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने गंभीरता से संज्ञान में लिया और निश्चित समय अवधि में निदान का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कहा कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर पैनी नजर रखे हुए हैं। बैठक में जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद शिवेश कुमार, विधायक मुरारी गौतम, राजीव रंजन, आलोक कुमार, अशोक कुमार पांडे, उपाध्यक्ष सुशील कुमार चंद्रवंशी, अजय कुशवाहा, कपिल सिंह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष कमलेश पासवान, सत्यनारायण पासवान के साथ सदस्य विजय सिंह, आरती गुप्ता, संगीता सिंह, संतोष शुक्ला, रामप्रवेश राम, असलम अंसारी, अशोक शाह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, अभिषेक तिवारी, दीनानाथ राय, कमलेश राय सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में विकास कार्यों में तेजी लाने और जन समस्याओं के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया गया।

## राधा नाम भवसागर से मुक्ति का सहारा : लक्ष्मी नारायण स्वामी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** क्षेत्र के दावथ में पधारे श्री लक्ष्मी नारायण स्वामी जी महाराज ने अपने प्रवचन में राधा नाम को भवसागर से मुक्ति का सहारा बताया। उन्होंने कहा कि यह संसार भवसागर है जहां मनुष्य जन्म, मृत्यु, सुख, दुख और मोह-माया की लहरों में लगातार बहता रहता है। इस सागर को पार करना साधारण जीव के लिए तब तक संभव नहीं जब तक उसे कोई ऐसा सहारा न मिले जो स्वयं सागर से परे हो और वही सहारा श्री राधा नाम है। शास्त्रों का उल्लेख करते हुए स्वामी जी ने कहा 'राधा नाम जपे जो कोई, भवसागर से मुक्ति होई'। राधा शब्द का अर्थ है जो आराधना के योग्य है जो स्वयं श्रीकृष्ण की आराध्या हैं। राधा केवल नाम नहीं बल्कि प्रेम, समर्पण और भक्ति की पराकाष्ठा हैं जब जीव सच्चे मन से 'राधा' नाम लेता है तो उसका अहंकार गलने लगता है और मन कृष्ण की ओर खिंचता है। स्वामी जी ने चरण का अर्थ शरणागति बताया जब मनुष्य मन, वचन और कर्म से राधा जी के चरणों की शरण लेता है तो माया का बंधन ढीला पड़ जाता है। राधा जी करुणा की मूर्ति हैं जो जीव की पुकार सुनकर उसे कृष्ण के चरणों तक पहुंचा देती है और जहां कृष्ण हैं वहां मुक्ति स्वतः है।

## दरिहट में श्री रुद्र महायज्ञ की पूर्व संध्या पर रासलीला का उद्घाटन, आज निकलेगी विराट जल यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी प्रखंड के दरिहट स्थित श्री श्री 1008 बाबा सूरदास कुटिया परिसर में आयोजित 11 दिवसीय श्री श्री रुद्र महायज्ञ के पूर्व संध्या पर शनिवार की रात भव्य रासलीला का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन यज्ञाधीश श्री श्री 1008 राम उदार दास जी महाराज, यज्ञ समिति अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता नरसिंह मेहता, राम नरेश सिंह, सुभाष सिंह कुशवाहा, मनोज यादव, अनिल कुमार सिंह एवं बिपिन सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन गोलू कुमार ने किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने सनातन संस्कृति में यज्ञ की महत्ता एवं उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। यज्ञ समिति के कोषाध्यक्ष अशोक ने बताया कि महायज्ञ की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि रविवार को संध्या चार बजे यज्ञ स्थल से भव्य जल यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा गांव के विभिन्न मंदिरों का भ्रमण एवं पूजा-अर्चना करते हुए दुर्गा मंदिर पहुंचेगी तथा वहां से आयरकोठा नहर तक जाएगी। नहर पर वाराणसी से आए विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल कलश में भरकर यज्ञ मंडप में स्थापित किया जाएगा। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन संध्या छह बजे से आठ बजे तक प्रसिद्ध मानस सेविका पूज्य निशी दीदी का प्रवचन होगा। इसके बाद रात्रि में वृंदावन से आई रासलीला मंडली द्वारा कृष्ण लीला का मंचन किया जाएगा। वहीं प्रतिदिन दोपहर एक बजे से रामलीला का भी आयोजन होगा तथा विभिन्न संत-महात्माओं के प्रवचन एवं आशीर्वचन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति ने बताया कि 9 जून को तपोमूर्ति संत श्री सुंदर राज यतिराज जी स्वामी महाराज पहली बार दरिहट की पावन धरती पर आगमन करेंगे और श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देंगे। वहीं 10 जून को घरवासडीह पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्री नारायणाचार्य स्वामी जी महाराज का भी आगमन होगा जिनके प्रवचन का श्रद्धालु लाभ उठाएंगे। इसके अलावा 10 एवं 11 जून की रात्रि नौ बजे से भोजपुरी कलाकारों द्वारा भक्ति संगीत की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।

## विधायक आलोक कुमार सिंह ने वादा निभाकर दिल जीता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** जनप्रतिनिधि घोषणाओं से नहीं, वादों को निभाकर जनता का भरोसा जीतते हैं, इसका जीवंत उदाहरण रविवार को दिनारा विधानसभा क्षेत्र के खखड़ही गांव में दिखा जब विधायक आलोक कुमार सिंह अग्निकांड पीड़ित रमेश राम के घर पहुंचे और उनकी छोटी बच्ची को नई बकरी भेंट कर अपना वचन पूरा किया। कुछ दिन पूर्व गांव में हुई भीषण आगजनी में रमेश राम का आशियाना पूरी तरह जलकर राख हो गया था जिसमें घर का सारा सामान, मवेशी और बकरियां भी नष्ट हो गई थीं। इस अवसर पर विधायक ने केवल बकरी ही नहीं दी, बल्कि बच्ची को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए अपने हाथों से डायरी और कलम भी भेंट की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी ताकत है और शिक्षित बच्चे ही परिवार, समाज व क्षेत्र का नाम देश-दुनिया में रोशन करेंगे। आलोक कुमार सिंह ने दोहराया कि जनसेवा उनके लिए दायित्व नहीं बल्कि संकल्प है और पीड़ित-जरूरतमंद लोगों के साथ हर परिस्थिति में खड़ा रहना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिया। विधायक के इस मानवीय और संवेदनशील कदम की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि एक छोटी बच्ची से किया वादा निभाकर विधायक ने साबित कर दिया कि जनता का दुख-दर्द समझने वाला जनप्रतिनिधि ही लोगों के दिलों में जगह बनाता है।

## पर्यावरण संरक्षण एवं जल बचाने के संदेश के साथ चलाया गया जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व पर्यावरण दिवस के क्रम में मिशन-लाइफ अभियान के अंतर्गत पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं रेलवे परिसरों में कपड़े एवं जूट के थैलों के उपयोग तथा 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा देने संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान यात्रियों एवं रेलकर्मियों को प्रतीकात्मक रूप से जूट के थैले वितरित कर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने का संदेश दिया गया। साथ ही पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विषयक प्रतियोगिताओं के माध्यम से रेलकर्मियों, विद्यार्थियों एवं आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। यात्रियों को डिजिटल एवं पेपरलेस टिकटिंग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया जिससे कागज की खपत में कमी लाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया जा सके। इसी क्रम में अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित सतत कार्यप्रणालियों के बारे में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही ट्रेनों में स्थापित जैव शौचालयों के प्रभावी उपयोग एवं रखरखाव के महत्व पर बल देते हुए स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल रेल परिचालन का संदेश दिया गया। 31 मई को जल संरक्षण विषय पर विशेष जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रमों के माध्यम से जल के महत्व, इसके विवेकपूर्ण उपयोग तथा दैनिक जीवन में पानी की बचत के सरल उपायों के बारे में जानकारी दी गई। रेलकर्मियों एवं आमजन को जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा प्रत्येक बूंद के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया गया। डीडीयू जंक्शन, सासाराम, गया जंक्शन, डिहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड सहित मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं रेलवे परिसरों में आयोजित इन गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने तथा सतत जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

# नवादा परिसदन में भाजपा प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना का स्वागत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा परिषदन में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता के नेतृत्व में बिहार भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना का पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि संजय कुमार मुन्ना ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से की थी। वे भाजपा के जिलाध्यक्ष सहित संगठन के विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें प्रदेश मंत्री का दायित्व सौंपा जाना नवादा जिले के लिए गौरव की बात है। उनके अनुभव एवं संगठनात्मक क्षमता का लाभ पार्टी को निश्चित रूप से मिलेगा तथा संगठन और अधिक सशक्त होगा। अपने संबोधन में नवनियुक्त प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने मुझ जैसे एक साधारण कार्यकर्ता पर इतना बड़ा दायित्व सौंपा है, इसके लिए मैं शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, संगठन महामंत्री भिखु भाई दलसानिया, सांसद विवेक ठाकुर, जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, हिसुआ विधायक अनिल सिंह तथा निर्वतमान विधायक अरुणा देवी के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए वे पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे तथा पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास करते रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रताप रंजन, जिला महामंत्री अरविन्द गुप्ता, गौरव शांडिल्य गगन एवं नंदकिशोर चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष विनोद भोली, तेजस सिन्हा एवं प्रमोद चन्द्रवंशी, जिला कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु, नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजित शंकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी वर्णनवाल, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष जीतेन्द्र पासवान, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अफसाना खातून, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, मनोज सिंह, गौतम भारती, सोशल मीडिया संयोजक नील नितिन, मंडल अध्यक्ष शिवरानी केशरी, संतोष वर्मा, राधेश्याम चौधरी, राखी गुप्ता,राहुल चन्द्रवंशी, सन्नी कुमार, महावीर चन्द्रवंशी, विनोद फूई सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हिलसा नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के चुनाव में तीन सदस्य निर्वाचित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के तीन सदस्यों के चुनाव में सुमित कुमार, विजय कुमार विजेता एवं तबस्सुम परवीन विजयी घोषित किए गए हैं। शनिवार को नगर परिषद कार्यालय के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल की देखरेख में शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान संपन्न हुआ। चुनाव में कुल छह उम्मीदवार मैदान में थे। नगर परिषद के 26 वार्ड पार्षदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के बाद परिणाम घोषित करते हुए एसडीओ अमित कुमार पटेल ने विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। मतदान परिणाम के अनुसार सुमित कुमार को 19 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी संतोष कुमार गुप्ता को 7 मत मिले। विजय कुमार विजेता को 18 मत प्राप्त हुए, जबकि रीना देवी को 8 मत मिले। वहीं तबस्सुम परवीन को 17 मत प्राप्त हुए और उनकी प्रतिद्वंद्वी सुजन्ती देवी को 9 मत मिले। परिणाम घोषित होते ही नगर परिषद कार्यालय परिसर में समर्थकों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। विजयी उम्मीदवारों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया तथा समर्थकों ने उन्हें जीत की बधाई दी। नवनिर्वाचित सदस्य विजय कुमार विजेता ने कहा कि नगर परिषद का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता होगी। सुमित कुमार ने नगर परिषद को आदर्श नगर परिषद बनाने की दिशा में कार्य करने का संकल्प जताया। वहीं तबस्सुम परवीन ने नगर परिषद को स्वच्छ एवं बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत रहने की बात कही। चुनाव परिणाम के बाद नगर परिषद की राजनीति में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कई राजनीतिक जानकार इस परिणाम को स्थानीय सत्ता पक्ष के लिए बड़ा झटका मान रहे हैं।

## एक नजर

### नवादा रेलवे स्टेशन पर अवैध वसूली का आरोप

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नवादा रेलवे स्टेशन परिसर में गरीब और मेहनतकश लोगों के साथ कथित पुलिसिया दुर्व्यवहार एवं अवैध वसूली का मामला सामने आया है। इस संबंध में राष्ट्रीय युवा वाहिनी के नेशनल वॉलेंटियर भाजपा, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी शंकर लोहार ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन परिसर में ठेला लगाकर चाय, सब्जी, बेदम और अन्य छोटे-मोटे सामान बेचने वाले गरीब लोगों से खुलेआम 30, 50 और 100 रुपये तक की वसूली की जा रही है। आरोप है कि यह वसूली कुछ पुलिसकर्मियों की मिलीभगत से हो रही है, जिससे गरीब तबके के लोग परेशान हैं। शंकर लोहार ने कहा कि एक ओर बिहार सरकार अपराध और गुंडागर्दी खत्म करने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर गरीबों पर अत्याचार की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्टेशन परिसर ही नहीं, बल्कि आसपास के उन इलाकों में भी वसूली की जा रही है जो रेलवे सीमा क्षेत्र में नहीं आते। उन्होंने यह भी कहा कि गरीब व्यक्ति दिनभर मेहनत कर अपने परिवार का पेट पालता है, लेकिन कथित रूप से उस पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए उन्होंने किसी सीआईडी अधिकारी से जांच करवाने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की अपील की है। साथ ही बिहार सरकार और जिला प्रशासन से गरीबों को सुरक्षा प्रदान करने तथा रेलवे स्टेशन परिसर में अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की गई है।

### भाजपा सरकार में युवा हताश और निराश : प्रभाकर झा



**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नवादा जिला अंतर्गत रोह ब्लाक में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन साथी अभियान को लेकर बैठक युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रभाकर झा संगठन सृजन अभियान साथी के तहत पूर्व में सात ब्लॉक में बैठक करने के बाद रोह ब्लाक के कुंज गांव पहुंच कर कार्यकर्ताओं को कांग्रेस का सदस्य बनाकर अभियान की शुरुआत की। श्री झा ने बैठक में कहा कि संगठन में जिम्मेदारी पाने के लिए संगठन सृजन साथी अभियान का रास्ता पर चलना होगा तब ही जिम्मेदारी मिल पाएगी। कांग्रेस का कोई भी कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष बनना चाहते है तो उन्हें अपने ब्लॉक में कम से कम 200 कार्यकर्ता को पचास रुपये शुल्क के साथ संगठन से विशेष सदस्यता अभियान के साथ जोड़ना होगा जिसकी अंतिम समय सीमा पांच जून 2026 है। श्री झा ने भाजपा के डबल इंजन सरकार की जुमलेबाजी पर भी चर्चा की और युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ पर चिंता जाहिर की। श्री झा ने कहा कि भाजपा शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों से हताश और निराश हो चुके है। विशेष रूप से नीट परीक्षा का पेपर बार बार लीक होने से लाखों युवाओ का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि मोदी सरकार में कोई भी पेपर लीक की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है जबकि नकल माफिया लगातार शिक्षा व्यवस्था को खोखला करने में लगे है। रोह ब्लाक प्रभारी सत्येंद्र प्रसाद ने कहा कि मोदी सरकार की पोल खोलने और सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए संगठन जरूरी है और संगठन सृजन साथी अभियान कांग्रेस कार्यकर्ता के लिए वरदान साबित होगा। संगठन सृजन साथी अभियान में संतोष कुमार, कुंदन कुमार, सच्चिदानंद सिंह, नवाब अली, टुन्नू राम, लालू कुमार, दानिश खान, मो० सोल्जर, मो० पुटुन, रघु कुमार, महेंद्र सिंह, चंदन कुमार, पिंटू चौधरी सहित कई युवाओं ने कांग्रेस का सदस्य बनकर डबल इंजन सरकार को सत्ता से उखाड़ देखने का संकल्प लिया।

## आठ करोड़ की लागत से हिलसा का होगा विकास, निकाली गई निविदा

**हिलसा (नालंदा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हिलसा नगर परिषद क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास को लेकर महत्वपूर्ण पहल की गई है। नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में करीब आठ करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे, जिसके लिए निविदा जारी कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाला, जल निकासी तथा अन्य जनसुविधाओं से संबंधित विकास योजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा। इन योजनाओं के पूरा होने से स्थानीय लोगों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी और वर्षों से चली आ रही कई समस्याओं का समाधान हो सकेगा। रविवार को मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने बताया कि विकास कार्यों के लिए आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी करते हुए निविदा प्रकाशित कर दी गई है। निविदा प्रक्रिया के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि नगर परिषद के प्रत्येक वार्ड में वीकस कार्य हो और आम जनता को बेहतर आधारभूत सुविधाए उपलब्ध कराई जा सके। सड़क, नाला, नल जल व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से हिलसा को एक विकशित और सुव्यवस्थित नगर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वही निविदा निकलने के बाद स्थानीय लोगों ने नगर परिषद की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से विकास योजनाओं को पूरा किया जाएगा। इससे शहर की आधारभूत संरचना मजबूत होगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## रक्तदान और सामाजिक सेवा के लिए रत्नवीर सम्मान से नवाजे गए समाजसेवी





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान, नवादा के तत्वावधान में समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित करने के उद्देश्य से "रत्नवीर सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया। यह समारोह 31 मई 2026, रविवार को सुबह 11 बजे आयोजित हुआ। कार्यक्रम को लेकर संस्था के सदस्यों एवं समाजसेवियों में उत्साह का माहौल सुबह से ही बना रहा।

संस्थान की अधिकारियों के अनुसार समारोह का उद्देश्य समाज में सेवा, सामाजिक जागरूकता और जनहित के कार्यों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। आयोजकों का कहना है कि समाज के लिए समर्पित लोगों को मंच प्रदान करना और उनके कार्यों को पहचान दिलाना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के आयोजन में संस्था के अध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा, कार्यक्रम प्रमुख नितेश कपूर एवं सचिव जितेंद्र प्रताप जीतू की अहम भूमिका बताई जा रही है। तीनों पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से लोगों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील किया था। आयोजकों ने कहा कि समाज सेवा ही उनका संकल्प है और सामूहिक प्रयास से बेहतर समाज एवं उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है। समारोह के दौरान सामाजिक एकता, राष्ट्रभक्ति और समाज कल्याण से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गयी। संस्था की ओर से तैयार किए गए न्यूज़ में छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर के साथ सामाजिक एकता और सेवा का संदेश दिया गया है। नवादा में आयोजित होने वाला यह समारोह सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस दौरान ब्लड डोनेट के साथ विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व सिविल सर्जन डॉ विमल कुमार, नितेश कपूर, ओमकार कश्यप, बीना मिश्रा, उत्पल कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे ।

## 'कॉलेज जाने से डरी लड़की' की खबर निकली फर्जी?

**चार यूट्यूबरों पर नगर थाना में हुआ एफआइआर से मचा हड़कंप**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** सोशल मीडिया और यूट्यूब पर एक लड़की के साथ कथित छेड़छाड़ तथा भय के कारण कॉलेज नहीं जाने की खबर प्रसारित करना चार यूट्यूबरों को भारी पड़ गया। मामले में नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद जिले के मीडिया और सोशल मीडिया जगत में हड़कंप मच गया है। नगर थाना क्षेत्र के भदौनी शोभनाथ मंदिर मोहल्ला निवासी अजीत मिस्त्री के पुत्र सोनू कुमार द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि उनके पड़ोसी विनोद प्रसाद ने अपने परिवार के साथ मिलकर झूठी और भ्रामक कहानी गढ़ी तथा चार यूट्यूबरों को बुलाकर वीडियो बनवाया, जिसे यूट्यूब पर प्रसारित कर उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई गई। प्राथमिकी में बदलो बिहार न्यूज के संचालक शेखपुरा जिले के अरियरी थाना क्षेत्र के वरसा गांव निवासी गुलशन कुमार, यूथ इंडिया के संचालक काशीचक थाना क्षेत्र के जलालपुर सरकट्टी निवासी नीतीश कुमार, टाइम्स ऑफ नवादा के संचालक रोह थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी प्रिंस कुमार तथा मगध टाइम्स के संचालक नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र के धर्मपुरा निवासी गुलशन कुमार को आरोपी बनाया गया है।

**फैक्ट्री के धुएं और प्रदूषण को लेकर हुआ था विवाद**

आवेदन में सोनू कुमार ने कहा है कि उनके पड़ोसी विनोद प्रसाद अपने घर में तेल, आटा और दाल की फैक्ट्री चलाते हैं। फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं, धूल, गंदे पानी, शोर और कंपन से आसपास के लोगों को परेशानी होती है तथा घरों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहती है। आरोप है कि 28 मई 2026 को जब उन्होंने इस संबंध में आपत्ति जताई तो विनोद प्रसाद ने गाली-गलौज की और कथित रूप से दो लाख रुपये की मांग करते हुए धमकी दी कि राशि नहीं देने पर बेटी और पत्नी के माध्यम से झूठा एवं अश्लील वीडियो बनाकर बदनाम कर देंगे।

'झूठी कहानी गढ़कर किया वायरल', सोनू कुमार ने प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि रुपये नहीं देने पर संबंधित यूट्यूबरों को बुलाकर उनकी छवि खराब करने के उद्देश्य से वीडियो तैयार कराया गया और उसे यूट्यूब पर प्रसारित कर दिया गया। इससे उनका पूरा परिवार मानसिक तनाव में है और सामाजिक रूप से अपमानित महसूस कर रहा है।

**पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी, शुरू हुई जांच**

नगर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर उमा शंकर सिंह ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर नगर थाना कांड संख्या 549/26 दर्ज कर ली गई है। मामले में नामजद सभी आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

**सोशल मीडिया की सनसनी अब पुलिस जांच के घेरे में**

छेड़छाड़ और कॉलेज छोड़ने की मजबूरी जैसे गंभीर आरोपों वाली खबरों के फर्जी होने के दावे तथा चार यूट्यूबरों पर दर्ज एफआईआर ने पूरे जिले में चर्चा छेड़ दी है। अब सभी की नजर पुलिस जांच पर टिकी है कि वायरल खबरों के पीछे की सच्चाई क्या है और जिम्मेदार कौन है।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हिलसा जेल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को हिलसा जेल परिसर में कैदियों के बीच नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारी राजयोग मेडिटेशन सेंटर, स्टेशन रोड, हिलसा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कैदियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीके पूजा बहन ने कहा कि तंबाकू और अन्य नशे केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार और समाज को भी प्रभावित करते हैं। उन्होंने बताया कि आत्म-जागरूकता, सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक जीवनशैली अपनाकर नशे की आदतों पर विजय प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने सभी को स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें तंबाकू के उपयोग से होने वाले खतरों की याद दिलाता है। उन्होंने हमारे स्वास्थ्य और भावी पीढ़ियों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि नशा व्यक्ति की इच्छाशक्ति को कमजोर कर देता है, जबकि राजयोग मेडिटेशन आत्मबल बढ़ाकर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। उन्होंने उपस्थित कैदियों से नशा छोड़ने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस दौरान जेल उपाधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि भारत में तंबाकू से संबंधित बीमारियां सालाना लाखों लोगों की जान लेती हैं और देश पर भारी आर्थिक तथा स्वास्थ्य देखभाल का बोझ डालती हैं। उन्होंने युवाओं के बीच तंबाकू उत्पादों के बढ़ते उपयोग को और भी अधिक चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि तंबाकू का उपयोग मृत्यु, विकलांगता और बीमारी का एक प्रमुख वैश्विक कारण है, जो शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है। कार्यक्रम के अंत में, उपस्थित सभी कैदियों ने तंबाकू एवं अन्य नशों से दूर रहने तथा नशामुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बीके प्रेम भाई, बीके पूजा बहन सहित हिलसा जेल के कर्मीगण मौजूद थे।

## वाहन चोरी गिरोह का पर्दाफाश, छह गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा पुलिस ने लग्जरी वाहनों की हाईटेक चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का बड़ा खुलासा करते हुए छह शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई स्कॉर्पियो समेत कई वाहनों के नंबर प्लेट बरामद किए हैं। गिरोह के तार बिहार, झारखंड, दिल्ली समेत देश के विभिन्न हिस्सों में हुई वाहन चोरी की घटनाओं से जुड़े पाए गए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अपराधी बेहद सुनियोजित तरीके से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। गिरोह का प्रत्येक सदस्य अलग-अलग जिम्मेदारी निभाता था। कोई रेकी करता था, कोई वाहन के जीपीएस लॉक को निष्क्रिय करता था, तो कोई चोरी के बाद वाहन को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने का काम करता था। गिरोह का एक सदस्य वाहन के रजिस्ट्रेशन और चेसिस नंबर को मिटाने तथा दूसरा चोरी के वाहन की बिक्री कराने का काम करता था। खास बात यह रही कि यह गिरोह किसी भी शहर में स्थानीय अपराधियों या स्लीपर सेल की मदद नहीं लेता था। मामले का खुलासा 23 मार्च 2026 को लहेरी थाना क्षेत्र के मंगला स्थान से चोरी हुई एक स्कॉर्पियो की जांच के दौरान हुआ। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ संकेत कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने तकनीकी अनुसंधान और टावर लोकेशन के आधार पर मुजफ्फरपुर और वैशाली में छापेमारी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी की गई स्कॉर्पियो का नंबर प्लेट तथा विभिन्न राज्यों के कई वाहनों के नंबर प्लेट बरामद किए गए। जांच के दौरान दिल्ली से चोरी हुई एक होंडा सिटी कार का नंबर प्लेट मिलने से पुलिस को गिरोह के व्यापक नेटवर्क का पता चला। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर झारखंड के रांची स्थित लोअर बाजार क्षेत्र में छापेमारी कर चोरी की गई स्कॉर्पियो बरामद कर ली गई। वहीं दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस का मानना है कि गिरोह ने बिहार, झारखंड, दिल्ली और अन्य राज्यों में दर्जनों लग्जरी वाहनों की चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई में जिला खुफिया इकाई, लहेरी थाना पुलिस तथा एसआईटी के अधिकारियों और जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## राजगीर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के रिक्रूट प्रशिक्षण केंद्र राजगीर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों, जवानों और उनके परिजनों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस उप महानिरीक्षक एवं प्राचार्य निखिल रस्तोगी ने किया। इस अवसर पर अधिकारियों और जवानों ने तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों से दूर रहने तथा समाज में इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने की शपथ ली। अपने संबोधन में निखिल रस्तोगी ने तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण के लिए तंबाकू मुक्त वातावरण बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ राजगीर अपने कर्मियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है तथा इसी उद्देश्य से समय-समय पर स्वास्थ्य एवं जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सीआरपीएफ ने सभी नागरिकों से तंबाकू मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

## दूसरे शाही स्नान का सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से डीएम-एसपी ने की मोनेटरिंग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** राजगीर मलमास मेला के अवसर पर दूसरे शाही स्नान को लेकर नियंत्रण कक्ष में स्थापित सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से संपूर्ण मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं के आवागमन तथा विधि-व्यवस्था की लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिसकी मोनेटरिंग जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी स्वयं कर रहें थे। संपूर्ण मेला क्षेत्र में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नियंत्रण कक्ष से हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ और प्रभावी बनी रहे। राजकीय राजगीर मलमास मेला बिहार ही नहीं बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। धार्मिक मान्यता के अनुसार मलमास अवधि में राजगीर स्थित विभिन्न कुंडों एवं सरोवरों में स्नान करने का विशेष महत्व माना जाता है। शाही स्नान के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं के राजगीर पहुंचने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर सुरक्षा एवं सुविधा संबंधी तैयारियां की हैं। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मेला क्षेत्र में आधुनिक तकनीक की सहायता से चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है। इसके लिए एक अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां से संपूर्ण मेला क्षेत्र में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए नियंत्रण कक्ष में प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने जानकारी देते हुए कहा कि शाही स्नान के दौरान भीड़ प्रबंधन एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक रूप से पुलिस बल की चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की गई है । चप्पे-चप्पे मेला क्षेत्र के प्रमुख प्रवेश एवं निकास द्वारों, स्नान घाटों, मंदिर परिसरों, पार्किंग स्थलों तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस पदाधिकारी एवं जवान लगातार निगरानी कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिस बल की भी पर्याप्त तैनाती की गई है। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई है। विभिन्न मार्गों पर यातायात नियंत्रण के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। वाहनों की पार्किंग हेतु अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं ताकि मेला क्षेत्र में अनावश्यक भीड़ एवं जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 के शाही स्नान कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु राजगीर पहुंच रहे हैं। प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन या पुलिस को दें। जिला प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सभी व्यवस्थाओं की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। वहीं पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी ने कहा कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। राजकीय राजगीर मलमास मेला भारतीय संस्कृति, आस्था एवं परंपरा का महत्वपूर्ण प्रतीक है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति के साथ इस पावन अवसर का लाभ उठा सकें। राजगीर के संपूर्ण मेला क्षेत्र में यातायात की समुचित व्यवस्था सुदृढ़ की गई है । इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में सात प्राचार्यों का तबादला, प्रो. रत्ना अमृत बनीं एएन कॉलेज की प्राचार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में बड़े पैमाने पर प्राचार्यों का स्थानांतरण एवं पदस्थापन किया गया है। कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित स्थानांतरण समिति की बैठक में सात प्राचार्यों के तबादले का निर्णय लिया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अबु बकर द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, प्रो. रत्ना अमृत को बीडी कॉलेज से एएन कॉलेज का प्राचार्य नियुक्त किया गया है। प्रो. रत्ना अमृत बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की पत्नी हैं। स्थानांतरण सूची के अनुसार प्रो. रेखा रानी को आरएस कॉलेज, मोकामा से श्री अरविंद महिला कॉलेज, प्रो. सुनीता राय को एमएम कॉलेज, बिक्रम से कालेज ऑफ कामर्स, आर्ट्स एंड साइंस पटना, प्रो. श्यामा राय को एएनएस कॉलेज, बाढ़ से गंगा देवी महिला कॉलेज, प्रो. विजय लक्ष्मी को गंगा देवी महिला कॉलेज से एमएम कॉलेज, बिक्रम तथा प्रो. दिवाकर प्रसाद को आरकेडी कॉलेज से बीडी कॉलेज, पटना स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा मगध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एसपी शाही को एएनएस कॉलेज, बाढ़ का प्राचार्य बनाया गया है, जबकि डॉ. शैलजा सिन्हा को आरकेडी कॉलेज का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष 11 अगस्त को राजभवन के निर्देशानुसार आयोजित लॉटरी प्रक्रिया के तहत प्रो. रत्ना अमृत को बीडी कॉलेज आवंटित किया गया था। इससे पहले वह एएन कॉलेज के इतिहास विभाग में कार्यरत थीं। कुलसचिव प्रो. अबु बकर ने बताया कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में पहली बार स्थानांतरण समिति के माध्यम से प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कारणों के आधार पर प्राचार्यों के स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी की गई है। बैठक में वीर कुंवर सिंह विवि आरा के प्रो. प्रासुंजय कुमार सिन्हा भी राज्यपाल द्वारा नामित सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि इस कदम से विभिन्न महाविद्यालयों में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

# प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम ने देशवासियों को किया प्रेरित : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण को कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ सुना। कार्यक्रम के उपरांत डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश की सांस्कृतिक विरासत, खेल प्रतिभाओं, किसानों की उपलब्धियों तथा जनभागीदारी से जुड़े अनेक प्रेरणादायी विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आगामी ओलंपिक प्रतियोगिताओं के संदर्भ में देश के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं तथा देशवासियों से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने का आह्वान किया। इससे युवाओं में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण होगा। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं राष्ट्रनिर्माताओं के सम्मान से जुड़े ऐतिहासिक विषयों का उल्लेख करते हुए ताम्रपत्रों की वापसी और उनके संरक्षण की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। यह देश की गौरवशाली विरासत और स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बिहार के प्रसिद्ध जर्दालू आम का उल्लेख कर राज्य के किसानों और बागवानी क्षेत्र की उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। जर्दालू आम अपनी विशिष्ट गुणवत्ता, स्वाद और सुगंध के कारण देश-विदेश में प्रसिद्ध है। प्रधानमंत्री द्वारा इसका उल्लेख किए जाने से बिहार के कृषकों और उद्यान उत्पादकों का उत्साह बढ़ेगा तथा स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलने में सहायता मिलेगी। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन, जनभागीदारी और राष्ट्रहित के कार्यों को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री के विचार देशवासियों को प्रेरित करने के साथ-साथ विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर भाजपा के अनेक कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## राजमाता अहिल्याबाई होलकर को जयंती पर आकाश प्रियदर्शी ने किया याद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती के अवसर पर गया के मानपुर स्थित जनकपुर मोहल्ला, वार्ड संख्या 50, पुलिस कॉलोनी निवासी युवा समाजसेवी एवं विशाल प्राइवेट आईटीआई, बोधगया के ट्रस्टी सदस्य आकाश प्रियदर्शी ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन और कार्यों को नमन किया। आकाश ने कहा कि राजमाता भारतीय इतिहास की एक ऐसी महान विभूति थीं जिन्होंने अपने शासनकाल में जनकल्याण, धर्म, संस्कृति और सामाजिक समरसता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। काशी विश्वनाथ, विष्णुपद मंदिर व केदारनाथ सहित देश भर के अनेक तीर्थस्थलों का जीर्णोद्धार कराकर उन्होंने राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने में अतुलनीय योगदान दिया। उन्होंने आगे कहा कि अहिल्याबाई का जीवन महिला सशक्तिकरण और जनसेवा का जीवंत उदाहरण है। उनकी न्यायप्रियता और दूरदर्शिता उन्हें सर्वश्रेष्ठ शासिकाओं में स्थापित करती है। अंत में आकाश प्रियदर्शी ने युवाओं से आह्वान किया कि आज आवश्यकता है कि हम लोकमाता के इन महान आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करें और समाज के कमजोर व जरूरतमंद वर्गों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें।

# तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए घातक : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार गयाजी स्थित गांधी मैदान में राष्ट्रीय सेवा योजना, गया कॉलेज एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा मिशन स्पंदन अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर निकाली गई जागरूकता प्रभातफेरी के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं नागरिकों को तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि तंबाकू का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि यह परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। तंबाकू से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारियों सहित अनेक जानलेवा रोग उत्पन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को विशेष रूप से तंबाकू एवं नशे की लत से दूर रहने की आवश्यकता है क्योंकि युवा ही राष्ट्र के भविष्य और विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस का उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। समाज के प्रत्येक वर्ग को तंबाकू उन्मूलन अभियान में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, तभी एक स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण संभव हो सकेगा। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक परिवर्तन और जनहित के कार्यों में युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारी, गया कॉलेज के शिक्षकगण, स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी (गया)।** अवैध बालू उत्खनन और परिवहन के खिलाफ पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के पथलकट्टी गांव के समीप बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। इस दौरान ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रूप से बालू खनन कर उसकी कालाबाजारी किए जाने की शिकायत प्रशासन को मिल रही थी। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी थी और संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू कर दी थी। इसी क्रम में पथलकट्टी गांव के पास एक ट्रैक्टर को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान चालक से बालू परिवहन से संबंधित वैध कागजात मांगे गए, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर में लाकर खड़ा कर दिया। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि हिरासत में लिए गए चालक की पहचान गुरुआ थाना क्षेत्र के कुनेल मंडल के रूप में हुई है। उससे बालू के स्रोत, परिवहन के गंतव्य तथा इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने की कुर्की-जब्ती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी(ग्रामीण)।** रौशनगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने फरार चल रहे एक अभियुक्त के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके घर की कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया पूरी की। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के आलोक में की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके विरुद्ध गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। आत्मसमर्पण नहीं करने के कारण अंततः कुर्की की कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार रविवार को रौशनगंज थानाध्यक्ष अन्नू राजा के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने इमामगंज थाना कांड संख्या 37/07 के फरार अभियुक्त मुकहर जी उर्फ विनोद पासवान उर्फ बबन पासवान के घर पहुंचकर विधिवत कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। अभियुक्त गोपाल पासवान का पुत्र बताया जाता है तथा वह थाना रौशनगंज के नवादा गांव का निवासी है। पुलिस टीम ने न्यायालय द्वारा जारी आदेश का पालन करते हुए अभियुक्त के घर की संपत्ति का आकलन किया और कानूनी प्रक्रिया के तहत कुर्की की कार्रवाई संपन्न कराई। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी रही। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। अधिकारियों ने बताया कि फरार अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है और ऐसे लोगों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जो अभियुक्त न्यायालय और कानून से बचने का प्रयास करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गया पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अपराध और अपराधियों के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस का कहना है कि जनता के सहयोग से अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सकता है।

# तीन साल पुराने धोखाधड़ी मामले में फरार आरोपित के घर कुर्की-जब्ती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** तीन वर्ष पुराने धोखाधड़ी के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ शेरघाटी पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए उसके घर पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। यह कार्रवाई शेरघाटी थाना कांड संख्या 537/2022 में दर्ज मामले के तहत की गई। पुलिस के अनुसार मामले के आरोपी मोहम्मद इकराम, पिता सईद साह, ग्राम बार हुसैनगंज, थाना शेरघाटी, लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए कई बार छापेमारी की गई, लेकिन वह पुलिस की पकड़ से बाहर रहा। आरोपी के लगातार फरार रहने के कारण न्यायालय से कुर्की-जब्ती का आदेश प्राप्त किया गया। न्यायालय के आदेश के आलोक में पुलिस टीम आरोपी के आवास पर पहुंची और विधि-सम्मत तरीके से कुर्की-जब्ती की कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान घर में मौजूद संपत्तियों का आकलन कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। कानून से बचने की कोशिश करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस अभियान में एसआई रूपा कुमारी, रवि राज, संतोष कुमार, टुनटुन शर्मा समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल रहा। पुलिस की इस कार्रवाई को फरार आरोपियों के लिए कड़ा संदेश माना जा रहा है।

# एसएसबी जवानों ने ली तंबाकू निषेध की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया परिसर में तंबाकू निषेध प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 29वीं वाहिनी के कमांडेंट श्री कुणाल ने क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन) एवं 29वीं वाहिनी एसएसबी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों तथा बलकर्मियों को तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमांडेंट श्री कुणाल ने कहा कि तंबाकू का सेवन व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसके दुष्प्रभाव केवल उपभोक्ता तक सीमित नहीं रहते, बल्कि परिवार और समाज भी इससे प्रभावित होते हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं जवानों से तंबाकू तथा अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस का उद्देश्य तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में लोगों को जागरूक करना तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन) एसएसबी, गया के द्वितीय कमान अधिकारी अंजय रजक, 29वीं वाहिनी एसएसबी के द्वितीय कमान अधिकारी असीम उपाध्याय, दिनेश कुमार सहित क्षेत्रक मुख्यालय एवं 29वीं वाहिनी के अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी तथा बलकर्मी उपस्थित रहे। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित इस प्रतिज्ञा कार्यक्रम के माध्यम से बलकर्मियों ने तंबाकू सेवन से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

## पांच जून की जिलास्तरीय बैठक को सफल बनाने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ अनुमंडल इकाई शेरघाटी की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को अध्यक्ष नवीन कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 5 जून को आयोजित होने वाली जिलास्तरीय बैठक में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि शेरघाटी अनुमंडल इकाई के सभी शिक्षक साथी जिलास्तरीय बैठक में भाग लेकर उसे सफल बनाएंगे। इस दौरान संगठन की मजबूती, शिक्षकों की समस्याओं तथा उनके समाधान को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष नवीन कुमार मिश्रा ने सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि संगठन की एकता और मजबूती के लिए 5 जून की बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में सचिव कौशलेंद्र कुमार, शाश्वत नाथ, हारून, सोहैल, चंदन कुमार मिश्रा, संजय दिवाकर, विजय कुमार, नफीस रहमान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# बिहार भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जनता पाटी द्वारा आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' का सफल समापन हो गया। 2 मई से प्रारंभ होकर एक माह तक चले इस महाअभियान के अंतर्गत बिहार के सभी 52 संगठनात्मक जिलों में जिला प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन किया गया। प्रत्येक प्रशिक्षण वर्ग दो दिवसीय एवं एक रात्रि का था जिसमें जिला स्तर एवं उससे वरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मोर्चा पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मंडल पदाधिकारियों तथा विभिन्न दायित्वधारी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। प्रदेशभर में आयोजित इन प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से लगभग 20 हजार कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक, वैचारिक एवं राजनीतिक विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह अभियान बिहार भाजपा के इतिहास में आयोजित सबसे व्यापक और प्रभावी प्रशिक्षण अभियानों में से एक माना जा रहा है। महाअभियान के अंतिम दिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी उद्घाटन सत्र में वाल्मीकिनगर तथा समापन सत्र में मोतिहारी के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए। वहीं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भागलपुर में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को संबोधित किया। प्रशिक्षण अभियान के प्रदेश संयोजक मृत्युंजय कुमार झा दरभंगा में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित रहे। विभिन्न जिलों में आयोजित इन प्रशिक्षण वर्गों में संगठन एवं सरकार के शीर्ष नेतृत्व की सक्रिय भागीदारी रही। विभिन्न जिलों में आयोजित सत्रों को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, मंत्री कुमार शैलेन्द्र, दिलीप जायसवाल, रामकृपाल यादव, संजय सिंह टाइगर, मिथिलेश तिवारी, नंद किशोर यादव, नीतीश मिश्र, केंद्रीय राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे, केंद्रीय राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी, पूर्व मंत्री मंगल पांडेय, सांसद राधामोहन सिंह, संजय जायसवाल, गोपाल जी ठाकुर सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। इस अभियान में राष्ट्रीय स्तर से भी कई प्रमुख पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षण टोली के सदस्यों ने सहभागिता की। इनमें राष्ट्रीय प्रशिक्षण टोली के सदस्य राजकुमार, उत्तर-पूर्व क्षेत्र के सह प्रशिक्षण प्रभारी राजू भंडारी, राष्ट्रीय मंत्री एवं केंद्रीय प्रशिक्षण टोली के सदस्य ओम प्रकाश धनखड़, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा तथा बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष रणवीर नंदन सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

# टडई नहर के पास जेसीबी मशीन मारी पलटी, चालक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र के इटवा स्थित उत्तरी कोयल नहर के पास जेसीबी मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें चालक घायल हो गया। हालांकि दुर्घटना में चालक की जान बाल-बाल बच गई। घायल चालक ने बताया कि उत्तरी कोयल नहर परियोजना के कार्य में लगी जेसीबी मशीन सड़क किनारे चल रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक बोलेरो को साइड देने के क्रम में वाहन का संतुलन बिगड़ गया और जेसीबी सड़क किनारे बने गड्ढे में जाकर पलट गई। हादसे में चालक को चोटें आई हैं। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने नहर निर्माण कार्य में मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्माण कार्य के दौरान नहर के दूसरे किनारे से जेसीबी द्वारा मिट्टी की कटाई की जा रही है। इससे नहर किनारे बनी सड़क के किनारे लगातार कमजोर हो रहे है जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में और भी बड़े हादसे हो सकते हैं। उन्होंने संबंधित विभाग से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने तथा सुरक्षा के आवश्यक उपाय करने की मांग की है।

# 'मन की बात' राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी का सशक्त माध्यम : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार सरकार के मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विजय कुमार सिन्हा ने भाजपा प्रदेश कार्यालय, पटना में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'मन की बात' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों को जोड़ने वाला जनसंवाद का सशक्त मंच है जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण की भावना को निरंतर मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि अपने प्रेरणादायी संबोधन में प्रधानमंत्री ने भीषण गर्मी के दौरान जनसुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों, भारत की समृद्ध आम संस्कृति और उसके वैश्विक निर्यात, खेल जगत में उभरती नई प्रतिभाओं, सामाजिक नवाचारों, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर देशवासियों का मार्गदर्शन किया। प्रधानमंत्री के विचार समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक करने के साथ-साथ राष्ट्रहित में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भारत की विविधता, सांस्कृतिक विरासत, युवाओं की प्रतिभा और जनभागीदारी की शक्ति को विशेष रूप से रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि देशभर में लाखों लोग अपने छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यही सामूहिक शक्ति विकसित भारत के निर्माण का आधार है। मंत्री सिन्हा ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक धरोहरों की वापसी, 'ज्ञान भारतम अभियान' के अंतर्गत हो रही ऐतिहासिक खोजों तथा गंगा डॉल्फिन संरक्षण जैसे विषय देश की गौरवशाली विरासत और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाते हैं। इन पहलों से देशवासियों में अपनी संस्कृति, इतिहास और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रत्येक संवाद देशवासियों में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास, कर्तव्यबोध और राष्ट्रसेवा की भावना का संचार करता है। 'मन की बात' विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज के हर वर्ग को राष्ट्र निर्माण के अभियान से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। भाजपा कार्यकर्ता भी इसी भावना के साथ समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता शहनवाज हुसैन एवं विधान परिषद सदस्य अरविंद शर्मा पटना जिला महानगर के अध्यक्ष रूपनारायण मेहता, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणय यादव एवं मुख्यालय प्रभारी अक्षय कुमार के साथ प्रदेश के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और पीएम मोदी की मन कि बात को तन्मयता से सुना।

## जमीन विवाद मामले में वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना पुलिस ने जमीन विवाद से जुड़े एक मामले में कार्रवाई करते हुए खजुरी गांव निवासी वारंटी रामजी महतो को गिरफ्तार किया है। पुलिस अवर निरीक्षक संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने छापेमारी कर न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर आरोपी को उसके गांव से दबोचा। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि रामजी महतो जमीन विवाद से संबंधित मामले में फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए थाना क्षेत्र में अभियान लगातार जारी है।

## खेती से कोर्ट तक, बिहार में एआइ से बदलेगी हर क्षेत्र की तस्वीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कृषि कार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। मौसम के पूर्वानुमान से लेकर फसलों की बीमारी और उसकी पहचान के साथ-साथ उपज बढ़ाने तक में एआई क्रांति ला सकता है। भारत जैसे देश में सुरक्षा, स्थानीय परिस्थिति, भाषा एवं किसानों की जरूरतों को देखते हुए स्वदेशी एआई मॉडल विकसित करने की आवश्यकता है। ये बातें रविवार को पटना के शास्त्रीनगर स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय बिहार एआई समिट 2026 के समापन अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए विभिन्न हिस्सों से आए विशेषज्ञों ने कही। उन्होंने कहा कि बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्य में युवा एआई के माध्यम से उन्नतशील खेती कर अपना कैरियर संवार सकते हैं। उन्होंने बताया कि जलवायु के अनुसार फसल, सिंचाई, उर्वरक का इस्तेमाल के साथ-साथ सही समय पर सही बाजार की उपलब्धता संबंधित एआई से प्राप्त डेटा आधारित महत्वपूर्ण सूचना किसानों को काफी लाभ पहुंचा सकता है। समिट में एआई से प्राप्त होने वाली कानूनी सहायता, प्रेसीजन फार्मिंग, उद्योग बिहार के तहत एमएसएमइ एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम, सुरक्षित बिहार में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर आदि विषयों पर गहन चर्चा की गई। अलग-अलग तकनीकी क्षेत्रों से कार्यक्रम में शामिल विशेषज्ञों ने एआई गवर्नेंस पर बारिकी से अपने-अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि एआई के प्रयोग के दौरान मानव दृष्टिकोण रखना जरूरी है।

संपादकीय

# बशीर बद्र : अजीम शायर का जाना

उर्दू के नामचीन और हर दिल अजीज शायर बशीर बद्र का इस फानी दुनिया से जाना न केवल उर्दू शायरी की अपूरणीय क्षति है, बल्कि इंसानियत के हक में खड़ी एक लाजवाब आवाज का उठ जाना भी है। बशीर साहब के कई शेर आज आम लोगों की जुबान पर है। वो केवल किताबी शायर नहीं थे, जनता के जज्बात के शायर भी थे। बशीर साहब का इंतकाल भले भोपाल में लंबी बीमारी के बाद हुआ हो, लेकिन उनकी पैदाइश 15 फरवरी 1935 को कानपुर में हुई थी। उनका पूरा नाम सैयद मोहम्मद बशीर था। बशीर बद्र का पैतृक गांव अयोध्या (फ़ैज़ाबाद) जिले का बक़िया बताया जाता है। पिता की नौकरी के सिलसिले में कई शहरों में उनका रहना हुआ। बाद में वो मेरठ यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर बने। इंसानियत और भाईचारे के इस शायर के साथ विडंबना यह रही कि दंगाइयों ने 1987 में उनका ही घर जला दिया। उसके बाद से बशीर साहब का मेरठ पर से भरोसा उठ गया और वो स्थायी रूप से भोपाल आ बसे और उनका निधन भी यहीं हुआ। जिंदगी की जद्दोजहद और विसंगतियों को बेहद खूबसूरती और सलीके से अपनी गजलों में कह देना बशीर बद्र साहब की ख़ासियत रही है। उन्होंने उर्दू गजल को एक नया लहजा दिया। अपने श्रोता और पाठकों के दिलों में अपनी ख़ास जगह बनाई। मेरठ के दंगों के समय बद्र साहब ने यह लाजवाब शेर लिखा था- लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में, तुम तरस नहीं खाते बस्तियाँ जलाने में। बशीर साहब ने जिंदगी में अनेक झंझावात झेले। लेकिन चाहने वालों की मोहब्बत ने उनका सारा-गिला शिकवा दूर कर दिया था। इसकी वजह यह थी कि बशीर साहब ने संत कबीर के 'बुरा जो देखन मैं चला' की तर्ज पर अपने भीतर झांकना सीख लिया था। बशीर साहब का एक शेर तो इतना मकबूल हो चुका है कि कई बार बसों ट्रकों पर लिखा मिल जाता है। ये 'उजाले यादों के हमारे साथ रहने दो, न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाए।' उनके जाने कितने शेर हैं जो कल्ट बन चुके हैं। मसलन 'दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे, जब कभी हम दोस्त हो जाएँ तो शर्मिंदा न हों। या फिर 'कोई हाथ भी न मिलाएगा जो गले मिलोगे तपाक से, ये नए मिज़ाज का शहर है ज़रा फ़ासले से मिला करो। बशीर बद्र की शायरी की एक और खूबी सरल और सहज भाषा है। उन्होंने अपनी अभिव्यक्ति के लिए उर्दू का भी वो रूप चुना, जो आम श्रोता की समझ आता था, उसके दिल की गहराइयों को छूता था।

शब्दों के आडम्बर की जगह आसान मगर दिलकश लफ्जों का खूबसूरती से इस्तेमाल और बात कहने का अलग अंदाज, नई उपमाएं और रूपक बशीर साहब की खूबी थी, जो उन्होंने अपने समय के तमाम दूसरे शायरों को अलग साबित करती थी। यही कारण है कि बशीर साहब जितने उर्दू में पढ़े-सुने जाते थे, उससे कहीं ज्यादा हिंदी में सुने और सराहे जाते रहे हैं। जनता के शायर के तौर पर उनकी तुलना उन्हीं के समकालीन शायर दुष्यंत कुमार से की जा सकती है। हालांकि दुष्यंत हिंदी के कवि थे और उन्हें उर्दू में वैसी तवज्जो नहीं मिली, जैसी कि मिलनी चाहिए थी। बशीर बद्र साहब जिंदगी के आखिरी सोलह साल मौत से लड़ते रहे। उन्हें डिमेंशिया की बीमारी थी। उन्होंने 2010 में आखिरी बार किसी मुशायरे में हिस्सेदारी की थी। उसके बाद उनकी जिंदगी बिस्तर पर ही गुजरी। लेकिन अपने पीछे लाजवाब शायरी का जो खजाना वो छोड़ गए हैं, आने वाली नस्लों के लिए भी विरासत है। 'सुबह सवेरे' की ओर से उन्हें हार्दिक श्रद्धांजलि।

# मतदाता ही हमारे लोकतंत्र की अंतिम आशा

**पांच राज्यों के चुनावी नतीजों ने पचासों सवाल खड़े कर दिए हैं। मसलन - देश की मतदाता सूची बनाना, उसे जांचते व सुधारते रहना 'चुनाव आयोग' का - एकमात्र चुनाव आयोग का - दायित्व है। एक से दूसरे चुनाव के बीच इस आयोग के पास संविधान द्वारा दिया दूसरा कोई काम नहीं होता, सिवाय इसके कि वह मतदाता सूची को पाक-साफ करता रहे। अगर उसने ऐसा नहीं किया तो वह अयोग्य भी है और अपराधी भी। अगर वह ऐसा कहता है कि इस या उस सरकार ने घुसपैठिए घुसाकर, मतदाता सूची दूषित कर दी है, तो उसे देश को बताना ही पड़ेगा कि उसने कब, कहां, किससे इसकी शिकायत की? संविधान के निर्माता इसके प्रति बेहद सावधान थे कि लोकतांत्रिक चेतना व संवैधानिक प्रावधान हमारे लिखे शब्दों से एक हद तक ही सुरक्षित व संरक्षित हो सकते हैं। इसलिए उन्होंने संविधान में ही ऐसी संवैधानिक संस्थाओं की व्यवस्था खड़ी की जो लोकतंत्र की जड़ें सींचें, संरक्षण के लिए बाड़ें खड़ी करें।**

विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका ही नहीं, दूसरी भी कई संरचनाएं बनाई गईं जिनका काम लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मज़बूत, स्वस्थ व गतिशील बनाना है। संविधान निर्माताओं के मन में शंका थी कि सत्तालोलुप सरकारें व कायर-चापलूस नौकरशाही के कारण यह खतरा कभी भी उभर सकता है जब लोकतंत्र का ढांचा बना रहे, लेकिन उसकी आत्मा का लोप हो जाए। ऐसा जब भी होगा, लोकतंत्र एक बाजारू व्यवस्था भर रह जाएगा जिससे सभी निहित स्वार्थ फुटबॉल खेलेंगे। ऐसी शंका में से जन्म हुआ न्यायपालिका की संवैधानिक अवधारणा का! संविधान ने न्याय-व्यवस्था के भीतर ही एक ऐसी न्यायपालिका की संरचना की जो सबसे पहले व सबसे अंत तक संविधान के शब्दों की संरक्षक रहेगी तथा संविधान की आत्मा को प्रखरता से स्थापित करेगी। हमारे संविधान ने एकमात्र न्यायपालिका के लिए ऐसी व्यवस्था बनाई जिसे संविधान के अलावा दूसरे किसी का बोझ नहीं ढोना है; संविधान के अलावा दूसरे किसी की नहीं सुननी है; संविधान के अलावा दूसरा कुछ नहीं कहना है; संविधान के अलावा दूसरा कुछ नहीं देखना है। उसने एकमात्र इसी संस्थान की कुंडली में लिख दिया कि इसे हमेशा विपक्ष में ही रहना है - राजनीतिक दलों व संगठनों वाला विपक्ष नहीं, संवैधानिक विपक्ष!



न्यायपालिका के हाथ में संविधान का गांडीव देकर उसने कह दिया : तुम्हारी नजर हमेशा उस मछली की आंख पर होनी चाहिए जो संविधान की मर्यादा से बाहर जा रही हो। संविधान ने ऐसी सजग व संवेदनशील न्यायपालिका बनाई और फिर खुद को भी उसी के हाथों में सौंप दिया - 'मेरा संरक्षण और मेरा संवर्धन भी तुम्हारा दायित्व है। यह तुम्हारे होने की सार्थकता भी है और तुम्हारे होने की कसौटी भी।' क्या हमारी न्यायपालिका को इस दायित्व का अहसास है? क्या हमारी न्यायपालिका लोकतंत्र के कठघरे में खड़ी होकर, शपथपूर्वक कह सकती है कि लोकतंत्र के संरक्षण व संवर्धन का दायित्व उसने सौ टंच निभाया है? सौ टंच इसलिए कि संविधान का आधा-अधूरा निर्वाह अर्थहीन अवधारणा है। संविधान या तो है, या नहीं है ! अगर संविधान है तो श्रीमान सूर्यकांत हमें बताएं कि यह कैसे संभव हुआ कि बंगाल में 90 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम विभिन्न कारणों से मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए? क्या 'चुनाव आयोग' को चुनाव के ठीक पहले ऐसा करने का अधिकार है? सर्वोच्च न्यायालय के जिन गलियारों से गुज़रकर वे रोज़ अपने चैंबर में पहुंचते हैं, उन गलियारों में 'सर' (एसआईआर, 'विशेष गहन पुनरीक्षण') की गूंज लंबे वक्त से गूंजती रही है। बिहार चुनाव के वक्त सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसा दिखाया कि वह मतदाता सूची के मामले में आयोग की मनमानी चलने नहीं देगा, लेकिन बिहार में चुनाव लूट लिया गया। संविधान को धोखा देकर, संवैधानिक नैतिकता को रौंदकर एक अनैतिक गठबंधन को उसी तरह सरकार बनाने का मौका दिया गया जिस तरह महाराष्ट्र में दिया गया था। इससे लोकतंत्र को कुछ भी हासिल नहीं हुआ, न्यायपालिका अनैतिकता के दायरे में आ गई।

जब वोट चोरी का साक्ष्य सामने आया, एकाधिक बार, एकाधिक निर्वाचन क्षेत्रों के संदर्भ में, तब न्यायपालिका ने क्या किया? न्यायाधीशों की तरह संविधान के पंडित न भी हों, तो भी हम ऐसे मामले में पहला आदेश यही जारी करते कि वोट चोरी के साक्ष्य की जांच के लिए न्यायालय की समिति गठित की जा रही है और जब तक यह जांच पूरी नहीं हो जाती, 'चुनाव आयोग' दूसरा कोई भी चुनाव संचालित नहीं कर सकेगा। तत्काल न्यायिक जांच का आदेश हुआ होता तो इस पतनशील व्यवस्था पर लगाम लग जाती। बंगाल के बारे में सामान्य विवेक व लोकतंत्र के प्रति आस्था रखने वाला कोई भी व्यक्ति एक ही आदेश देता कि बंगाल में चुनाव घोषित समय से ही होंगे, लेकिन 'चुनाव आयोग' के निकम्मेपन के कारण, उसे विधानसभा के पिछले चुनाव की मतदाता सूची का ही पालन करना होगा। चुनाव से काफी पहले मतदाता सूची जांच-परख ली जाए, ताकि उसे लेकर मतदाता के मन में कोई आशंका न रह जाए, यह दायित्व 'चुनाव आयोग' का है। अगर वह अपने दायित्व के निर्वाह में विफल रहा है तो उसकी सजा उसे मिलनी चाहिए, न कि संवैधानिक प्रक्रिया को। संविधान ने आयोग के वर्चस्व की ऐसी व्यवस्था कर भी रखी है और अब तक ऐसा ही होता भी आया है। बिहार से चलकर बंगाल पहुंची 'चुनाव आयोग' और सरकार की जुगलबंदी की अनदेखी करेंगे तो भ्रमित होंगे व गलत नतीजों पर भी पहुंचेंगे। क्या न्यायपालिका ने बंगाल में यह नहीं देखा कि इस बार हिंसा का आयोजन दिल्ली से हुआ है; उसकी कमान 'चुनाव आयोग' ने संभाल रखी है। भद्रजन जिसे 'हेटस्पीच' कहते हैं और संविधान जिसे लोकतंत्र की जड़ पर प्रहार मानता है, वैसा कारनामा प्रधानमंत्री से लेकर भाजपा का हर ऐरा-गैरा, नत्थू-खैरा करने में लगा रहा। लाखों मतदाताओं के नाम रद्द करने की धौंस से नागरिकों में लाचारी व अपमान का माहौल बना, मनमाने प्रशासनिक फेरबदल ने स्थानीय स्वायत्तता को ध्वस्त कर दिया, सुरक्षा-बलों की छावनी जिस तरह बंगाल में उतारी गई, उसने एक तरफ़ बंगाली मतदाताओं को भयाक्रांत किया तो दूसरे बंगालियों को हमलावर भी बना दिया। सुप्रीमकोर्ट को इस बात का अहसास है क्या कि जब-जब उसे संविधान के संरक्षण में चीते की फुर्ती से आगे आना चाहिए था, तब-तब वह कायरता से घिरा बैठा मिला! भारतीय लोकतंत्र के संदर्भ में 'आपातकाल' एक विभाजक रेखा बनाता है। वहां से देखें कि नागरिक स्वतंत्रता का सवाल हो कि प्रेस पर सेंसरशिप का कि नक्सली बताकर, राज्य द्वारा अनगिनत लोगों की हत्या का, वोट चोरी का या मतदाता सूची में मनमानी दखलंदाजी का, ऐसा क्यों है कि संविधान की प्रतिष्ठा और राज्य के आतंक के बीच चुनाव का नाजुक क्षण जब भी आता है, हमारी न्यायपालिका को लकवा मार जाता है? बाबरी मस्जिद ध्वंस का सवाल हो कि 'चुनावी बांड' की वैधता का, न्यायपालिका अपेक्षित प्रखरता से सामने नहीं आ पाती है, तो क्यों? जवाब गांधी देते हैं : 'जिन्हें हम संवैधानिक संस्थाएं कहते हैं वे सब निर्णायक क्षणों में सत्ता के साथ खड़ी दिखाई देंगी, क्योंकि अंततः ये सब उसके ही उपकरण हैं।' यह बात बार-बार कहने व न्यायपालिका द्वारा लगातार दोहराने की है कि हमारी नागरिकता व मतदाता की हैसियत भारतीय राज्य की कृपा से नहीं है। यह हमें हमारे संविधान से स्वतः ही मिलती है। संविधान ने किसी 'चुनाव आयोग' को, किसी सरकार को, लोकसभा या राज्यसभा के किसी अध्यक्ष को या कि किसी राज्यपाल को अपवादस्वरूप भी ऐसी मनमानी शक्ति नहीं दी है कि वह नागरिक को उसकी नागरिकता से या मतदाता को उसके मतदान के अधिकार से वंचित कर दे।

अध्यात्म

## काम को कर्तव्य मानकर करेंगे, तो मन शांत रहेगा

एक लोक कथा के मुताबिक, पुराने समय में एक बड़े राज्य का राजा अपने कामकाज से बहुत परेशान रहने लगा था। उसके पास धन-दौलत, सेना, महल और हर सुख-सुविधा थी, लेकिन फिर भी उसके चेहरे पर हमेशा चिंता दिखाई देती थी। उसे हर समय डर लगा रहता कि कहीं पड़ोसी राजा हमला न कर दें। कुछ समय पहले उसने अपने ही मंत्रियों को उसके खिलाफ षड्यंत्र करते पकड़ लिया था। इसके बाद उसकी चिंता और बढ़ गई। राजा को रात में नींद नहीं आती थी। भूख भी धीरे-धीरे खत्म होती जा रही थी। शाही रसोई में रोज सैकड़ों स्वादिष्ट पकवान बनते थे, लेकिन राजा मुश्किल से थोड़ा सा ही खा पाता था। वह हर समय चिंताओं में डूबा रहता। एक दिन राजा अपने महल के बगीचे में घूम रहा था। वहां उसने माली को देखा। माली बहुत साधारण जीवन जीता था। सुबह से शाम तक मेहनत करता और फिर बड़े स्वाद से प्याज, चटनी और मोटी रोटियां खाकर खुश रहता। उसके चेहरे पर संतोष और शांति थी। राजा यह देखकर हैरान था कि साधारण भोजन खाने वाला माली उससे ज्यादा सुखी कैसे है। राजा ने अपने गुरु को ये बातें बताईं। उसके गुरु ने राजा की परेशानी समझ ली। गुरु ने राजा से कहा, 'यदि आपको नौकरी ही करनी है तो मेरे यहां नौकरी कर लो। मैं एक साधु हूं और आश्रम में रहता हूं। मुझे राज्य चलाने के लिए एक सेवक चाहिए। आप पहले की तरह महल में रहो, गद्दी पर बैठो और शासन चलाओ, लेकिन इसे अपनी जागीर नहीं, नौकरी समझो।' राजा ने गुरु की बात मान ली। अब वह पहले की तरह ही सारे काम करता था, लेकिन उसके मन का बोझ कम हो गया। वह जिम्मेदारियों को सिर पर ढोने के बजाय अपने कर्तव्य की तरह निभाने लगा। कुछ महीनों बाद गुरु फिर महल आए। उन्होंने पूछा, 'अब तुम्हारी नींद और भूख कैसी है?' राजा मुस्कुराकर बोला, 'गुरुदेव, अब मुझे खूब भूख लगती है और चैन की नींद आती है। गुरु ने कहा, 'पहले आप काम को बोझ समझते थे, इसलिए दुखी थे। अब आप उसे केवल अपना कर्तव्य मानकर कर रहे हैं, इसलिए मन शांत है। ध्यान रखें जीवन हमें कर्तव्य निभाने के लिए मिला है, बोझ उठाने के लिए नहीं। '

**सीख :** जब हम किसी काम को मजबूरी या बोझ समझते हैं, तब तनाव बढ़ने लगता है, लेकिन यदि उसी काम को जिम्मेदारी और कर्तव्य मानकर करें, तो मन हल्का रहता है। काम वही रहता है, सिर्फ सोच बदल जाती है। चिंता करने से समस्या हल नहीं होती।

# वन सुरक्षा समितियों में हेराफेरी, रोग की जड़ पहचानें

**गुरुवार 28 मई 2016 के सुबह सवेरे में 'वन सुरक्षा समितियों में करोड़ों की हेराफेरी का खुलासा' समाचार प्रमुखता से प्रकाशित हुआ है जिसमें वन सुरक्षा समितियों द्वारा किये गए भ्रष्टाचार को उजागर किया गया है। जो समाचार प्रकाशित हुआ है वह हांडी का एक चावल है और बीमारी को केवल पत्तों में देखने वाली है। इनका फौरी इलाज तो हो जायेगा, यदि शासन बीमारी मिटाना चाहे तो इलाज जड़ का करना होगा। इस बीमारी को जानने के लिए वन सुरक्षा समितियों के उदगम से शुरुआत करते हैं।**

दरअसल यह लोकतांत्रिक विकेन्द्रित व्यवस्था स्थापित करने की कोशिश है। जैसा कि लोकतंत्र को जाना जाता है यह जनता का राज, जनता के द्वारा राज करना है। इसी को जमीन पर उतारने के लिए पश्चिम बंगाल के वन विभाग ने 1977 के आसपास मिदनापुर जिले के आरावारी वन मण्डल में शोध के दौरान एक प्रयोग द्वारा संयुक्त वन प्रबंधन की पहल की जिसमें वनों की सुरक्षा, रख-रखाव और विकास के काम शासकीय अमले के साथ साथ जनता भी संयुक्त रुप से करे। 1990 में मध्य प्रदेश में इसकी पहल हरदा के तत्कालीन डी.एफ.ओ. ने की। फरवरी 1991में हरदा वन मण्डल के रहटगांव रेंज के बड़वानी गांव में पहली वन सुरक्षा समिति बनी। हरदा वन मण्डल के सकारात्मक नतीजों को देखते हुए शासन ने 1991 में संकल्प जारी कर पूरे प्रदेश में संयुक्त वन प्रबंधन लागू कर दिया। 1994 में विश्व बैंक के सहयोग से बड़े पैमाने पर वृहद प्रशिक्षण आयोजित हुए।

हरदा वन मण्डल की सफलता को देखने के लिए देशभर से और विदेशो से लोग आये। औपचारिकतावश प्रशसा के लिए मजबूर अधिकारी अनौपचारिक चर्चा में इसे पानी पी-पी कर कोसते रहे। प्रत्यक्ष विरोध संभव न था इसलिए अनौपचारिक तरीके से जानकारी कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं को देकर विरोध के प्रयास भी हुए, जिसके फलस्वरुप विश्व बैंक का 7 साल का सहयोग 5 साल में वापस हो गया। वैसे भी विश्व बैंक का वित्तीय समर्थन स्थाई तो होता नहीं है। जब खतम न कर सके तो संयुक्त वन प्रबंधन दुधारु गाय बना ली गई इसलिए अवधारणा



से विरोध होते हुए भी इसे जारी रखा। अपवादस्वरुप कुछ अधिकारी इसे निष्ठापूर्वक भी करते रहे। हमारी व्यवस्था जन और तंत्र में हर संभव दूरी बनाकर भी जनतंत्र का ढोल पीट-पीट कर शो-केस में सजाने में माहिर है। संयुक्त वन प्रबंधन इसकी सफल केस स्टडी हो सकती है। बीमारी को जानने के लिए कुछ जांचों के नतीजे देखिए। जनभागीदारी के लिए वनों के पास के गांवों में वन सुरक्षा समितियां बनाई गईं जिनमें उस गांव के सभी वयस्क मतदाता सदस्य बनाये गए। दिन प्रति दिन के कार्य संचालन के लिए एक कार्यकारिणी समिति बनी। सभी सदस्यों की भागीदारी की उपेक्षा करते हुए कार्यकारिणी समिति को ही वन सुरक्षा समिति मान लेने की प्रथा बन गई है। वन विभाग के संकल्प के अनुसार वन समिति, ग्राम सभा द्वारा गठित की जाती है। ग्राम सभा की अनदेखी करते हुए वन विभाग के कर्मचारियों ने ही बिना किसी से सलाह किए 'जनभागीदारी से' समितियां बना दीं गईं। हमारी प्रशासनिक मशीनरी इतनी सक्षम है कि एक 'प्रतिभाशाली' अतिरिक्त मुख्य सचिव ने केवल एक घंटे में प्रदेश के 52 हजार 600 गांवों में जैव विविधता प्रबंधन समितियां बना दीं, जो काम ग्राम सभाओं को जन से संवाद और सलाह से करना था वह तंत्र के एक बंदे ने आनन फानन करके जनतंत्र को 'मजबूत' बनाया। इस कमाल पर तो जनतंत्र जिन्दाबाद कहना चाहिए। एक प्रशिक्षण के दौरान हम वन विभाग के कर्मचारियों का स्थानीय समिति से संवाद कराने के लिए गांव गए। कुछ अंदाज था इसलिए गांव में पहुंचते ही मैंने रेंजर साहब से कहा मेरी डायरी रेस्ट हाउस में रह गई है ले आइये। रेंजर साहब की गैर हाजिरी में समिति के सदस्यों से संवाद शुरु किया तो समिति के अध्यक्ष को पता ही नहीं था कि वे अध्यक्ष हैं, न ही कार्यकारिणी के सदस्यों को। जब रेंजर साहब आए तो उन्होंने बताया कि ये अध्यक्ष हैं और ये सदस्य, रेंजर साहब की 'आज्ञा का पालन करते हुए' सभी लोगों ने कहा, जी साहब, जी साहब। यह रहा जनभागीदारी की जांच का एक नमूना। सिवनी जिले के वरिष्ठतम वन अधिकारी से मेरी निकटता के कारण विभागीय कर्मचारी महत्व देते थे। एक दिन गांव में रुका और फारेस्ट गार्ड से कहा आपके यहां भोजन करेंगे। प्रसन्नता और अति उत्साह में उन्होंने श्रेष्ठतम व्यवस्था की। कुछ जानकारी लेने के लिए काफी समय तक उनके निवास पर रहा, हमारी बात होती रही, वे जानकारी देते रहे। वहां मैंने जन और तंत्र के सम्बंधों को देखकर जनतंत्र का जो रुप जाना वह मेरे अध्यापकीय ज्ञान में इजाफा है। एक सज्जन झाड़ू लगा रहे थे, दूसरे पानी भर रहे थे, तीसरे सब्जी काट रहे थे, चौथे चूल्हा जलाने में और पांचवें भोजन बनाने की अन्य तैयारियां कर रहे थे। तंत्र के सबसे जूनियर कर्मचारी जो समिति के सचिव की हैसियत से समिति के सहायक थे, जन के पांच सदस्यों से बतौर नौकर काम करा कर जनसेवक का दायित्व निभाते हुए जनतंत्र का नया माडल पेश कर रहे थे। वे पांचों सदस्य ग्राम वन सुरक्षा समिति की कार्यकारिणी के 'सम्मानीय' सदस्य थे। जब भी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समिति के अध्यक्षों से पूछा कि आपकी समिति के बैंक खाते में कितने रुपये हैं? तो वे नहीं बता सके, जबकि वे बैंक खाते का संचालन करने वाले हैं, समिति में कितने सदस्य हैं? समिति के काम क्या हैं? समिति के पैसे किन कामों में खर्च होते हैं? सरीखे सामान्य उत्तर नहीं दे पाते। जबकि कागजों पर वे वन सुरक्षा और वन विकास की योजनायें बना रहे हैं। एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ग्राम वन समितियां बहुत जागरुक और सक्रिय हैं। मैंने जानना चाहा कि समितियों के खाते से लाखों रुपया नेताओं की यात्रा में भीड़ जुटाने के लिए खर्च करना कौन सी जागरुकता है? जब वे बगलें झांकने लगे तो मैने कहा कि वन ग्राम समितियां आपके डिप्यूटी रेंजर के बंधुआ मजदूर से अधिक हैसियत नहीं रखतीं। बातों से और परतें न खुलने लगें इसलिए अन्य 'चतुर' अधिकारियों ने बात बदलना उचित समझा। थोड़ा लिखा बहुत समझा जाए। बीमारी की कुछ जांच रिर्पोटों के ये नतीजे बहुत ही कम हैं, इनसे सरकार में फैली बीमारी का अंदाज लगााकर इलाज करने से कुछ हो सकता है लेकिन होगा तब जब कोई इलाज करना चाहे। वरना जन और तंत्र के इन रिश्तों के साथ हम दुनिया के सबसे बड़े जनतंत्र तो हैं ही फिर यह अरण्य रुदन किस खुशी में?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज फाइनेंशियल प्लानिंग और बचत के प्रयासों को पूरा सपोर्ट कर रही है। आज आपको कम्युनिकेशन, बिजनेस मार्केटिंग या नेटवर्किंग से जुड़े कामों में अच्छा मुनाफा हो सकता है।

**वृषभ**
आज आपकी आर्थिक योजनाओं को बेहतरीन मजबूती दे रहे हैं। बिजनेस, नेटवर्किंग या बातचीत के माध्यम से आज आपकी इनकम के सोर्स बेहतर हो सकते हैं।

**मिथुन**
आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन सामान्य लेकिन स्थिर बना रहने वाला है। बुधदेव और बृहस्पतिदेव आपकी ही राशि यानी पहले भाव में मौजूद हैं।

**कर्क**
आर्थिक मामलों में आज का दिन आपके लिए औसत रहने के संकेत दे रहा है। आपको सोशल कॉन्टैक्ट्स और प्रोफेशनल सर्कल के जरिए धन लाभ हो सकता है।

**सिंह**
आज आपको ग्रुप एक्टिविटीज, नेटवर्किंग या सही बातचीत के माध्यम से आर्थिक लाभ मिल सकता है। धन के मामलों में आपकी व्यावहारिक सोच को मजबूत कर रहे हैं।

**कन्या**
आर्थिक मामलों को लेकर आज का दिन काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। एक सटीक बजट बनाने और लॉन्ग टर्म प्लानिंग करने के लिए प्रेरित करेगा।

**तुला**
आज आपके आर्थिक मामलों में बहुत ही सोच-समझकर कदम उठाने की जरूरत है। भावुक होकर धन का कोई फैसला न लें। आपकी नॉलेज-बेस्ड इनकम और यात्रा से जुड़े लाभ के योग बना रहे हैं।

**वृश्चिक**
आज के दिन आपको अपने आर्थिक मामलों पर बहुत बारीकी से नजर रखने की जरूरत होगी। टैक्स, लोन या पुराने निवेश से जुड़ी बातचीत को बढ़ा सकती है।

**धनु**
आज आपका दिन सोशल कॉन्टैक्ट्स और टीमवर्क के जरिए अच्छे आर्थिक लाभ की ओर इशारा कर रही है। बातचीत और मीडिया से जुड़े कामों से जुड़े लोगों को आज बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं।

**मकर**
आर्थिक तौर पर आज का दिन स्थिर रहेगा, लेकिन आपको पैसों के मैनेजमेंट में थोड़ी सावधानी रखनी होगी। राहु आपके दूसरे भाव में बैठे हैं, जो अचानक कुछ बड़े और अनचाहे खर्चे सामने ला सकते हैं।

**कुंभ**
आज व्यावहारिक तरीके से चलेंगे, तो आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत और स्थिर बनी रहेगी। यात्रा या कंसल्टेंसी के काम से जुड़े जातकों को अच्छा धन लाभ करा सकते हैं।

**मीन**
आज आपको धन से जुड़े मामलों में थोड़ी ज्यादा सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज पैसों को लेकर किसी से भी तीखी बहस न करें।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की पल्सर बाइक बरामद, लावारिस मिली

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना कांड संख्या 425/26 में चोरी गई पल्सर मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद कर लिया है। दिनांक 30.05.26 को पुलिस टीम गश्ती पर थी। इसी दौरान ग्राम कोरियावा स्थित सड़क किनारे एक मोटरसाइकिल लावारिस हालत में खड़ी मिली। जांच करने पर पता चला कि यह वही पल्सर बाइक है जो थाना कांड संख्या 425/26 में चोरी हुई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि बाइक को जब्त कर थाने लाया गया है। चोरों की पहचान के लिए आसपास के उउळश फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बाइक के वास्तविक मालिक को सूचित कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### 15 लीटर शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन शराब तस्करों को 15 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान इस प्रकार है, रहीश कुमार, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता- नागेश्वर बिंद, विक्रांत कुमार, उम्र करीब 21 वर्ष, पिता- अशोक बिंद दोनों सोनकुकरा के निवासी हैं। धीरेन्द्र कुमार उम्र करीब 30 वर्ष, पिता- सुवेलाल प्रसाद, सा0 सुलेमानपुर, थाना- काको, जिला- जहानाबाद का रहने वाला है।तीनों के विरुद्ध मसौढ़ी थाना कांड संख्या 428/26, दिनांक 30.05.26, धारा 30(a)/37 बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर छापेमारी कर तीनों को कुल 15 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस नेटवर्क की जांच कर रही है।

### मसौढ़ी में फरार वारंटियों के घर इश्तेहार चस्पा, सरेंडर नहीं करने पर होगी कुर्की



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभिन्न मामलों में फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर मसौढ़ी पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। रविवार को थाना क्षेत्र के कई गांवों में फरार वारंटियों के घरों पर इश्तेहार चस्पा कर ससमय सरेंडर करने की चेतावनी दी गई। पुलिस ने खराट मुसहरी गांव में कुणाल मांझी, सुधीरचक गांव में सविता देवी और अकलु सिंह तथा गढ़िहारा गांव में अजय पासवान समेत अन्य फरार वारंटियों के घरों पर विधिवत इश्तेहार तामिला कराया। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि सभी वारंटियों को तय समय पर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने को कहा गया है। अगर फरार वारंटी सरेंडर नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने साफ किया है कि कानून से बचने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### भगवानगंज में 90 लीटर देसी शराब समेत ऑटो जब्त, दो सप्लायर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के तहत चलाए जा रहे अभियान में भगवानगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बीते शनिवार की देर शाम खनपुरा गांव के समीप पुलिस ने ऑटो में लदी 90 लीटर देसी शराब के साथ दो सप्लायरों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियों की पहचान रौशन कुमार, पिता- जितेंद्र साव, निवासी- देवरिया मदारपुर, जिला- जहानाबाद और अभय कुमार गौतम उर्फ प्रभु दयाल यादव, पिता- राघवेंद्र यादव के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शराब सप्लायर ऑटो पर शराब लादकर डिलीवरी करने जा रहे हैं। सूचना के आधार पर खनपुरा गांव के पास घेराबंदी कर ऑटो समेत दोनों को गिरफ्तार किया गया। ऑटो से 90 लीटर देसी शराब बरामद हुई है। दोनों के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।



### आर्म्स एक्ट मामले में फरार अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहे अप्राथमिकी अभियुक्त को भगवानगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को सफार्बाद बलियारी गांव से पकड़ा गया है।थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि भगवानगंज थाना कांड संख्या 11/26 के तहत 24 जनवरी 2026 को सरस्वती पूजा के दिन देर रात पिस्तौल लहराते हुए डांस करने की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के लिए जब पुलिस ने छापेमारी की तो सभी लोग भागने लगे। मौके पर एक युवक को खदेड़कर पकड़ा गया था। गिरफ्तार युवक के पास से एक देसी कट्टा और गोली जब्त की गई थी। पूछताछ में उसने प्रिंस कुमार का नाम बताया था। तभी से प्रिंस कुमार इस मामले में फरार चल रहा था।गिरफ्तार युवक की पहचान प्रिंस कुमार, पिता- यदु रविदास, निवासी- सफार्बाद बलियारी के रूप में हुई है। पुलिस ने फरार चल रहे अप्राथमिकी अभियुक्त प्रिंस कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# तेलंगाना में हत्या के आरोपित को दानापुर से किया गिरफ्तार



**खगौल/दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वरीय अधिकारी प्राप्त सूचना के आधार पर ज्ञात हुआ कि तेलंगाना राज्य के एक हत्या कांड का अभियुक्त गाड़ी संख्या 12791 सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस के सामान्य कोच से दानापुर आने वाला है।उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु उप निरीक्षक विमल कुमार के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दानापुर के सहायक उप निरीक्षक गिरिजेश कुमार प्रसाद, सहायक रवि कुमार सिंह एवं अन्य स्टाफ द्वारा दानापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर गाड़ी के आगमन उपरांत अग्रिम सामान्य कोच की घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति की पहचान की गई तथा उसे सुरक्षित अभिरक्षा में लिया गया। प्राप्त विवरण एवं फोटो से मिलान करने पर उसकी पहचान औरंगजेब उर्फ आलम, उम्र 28 वर्ष, पिता मो. वजीर, निवासी ग्राम पंचबिड़िया, थाना रामगढ़वा, जिला मोतिहारी (बिहार) के रूप में हुई।प्रारंभिक पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा तेलंगाना राज्य में एक महिला की हत्या किए जाने संबंधी तथ्य स्वीकार किया गया। तत्पश्चात संबंधित थाना चेवेला, जिला रंगा रेड्डी (तेलंगाना) को सूचना दी गई। तेलंगाना पुलिस के अनुरोध पर अभियुक्त को सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया तथा उसके साथ आए परिजनों को पृथक सुरक्षित रखा गया। दिनांक 29.05.2026 को तेलंगाना पुलिस टीम के दानापुर आगमन पर अभियुक्त को अग्रेतर विधिक कार्रवाई हेतु उनके सुपुर्द किया गया। जांच में अपेक्षित सहयोग एवं अभियुक्त का चिकित्सीय परीक्षण संपन्न कराया गया।ज्ञात हुआ कि अभियुक्त के विरुद्ध थाना चेवेला, जिला रंगा रेड्डी (तेलंगाना) में कांड संख्या 391/2026, धारा 103(1) एवं 303(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज है। दिनांक 30.05.2026 को अभियुक्त को ट्रांजिट रिमांड हेतु सिविल न्यायालय, दानापुर में प्रस्तुत किया गया। ट्रांजिट रिमांड स्वीकृत होने के उपरांत तेलंगाना पुलिस अभियुक्त को हवाई मार्ग से तेलंगाना लेकर प्रस्थान कर गई।

# फतुहा में दिनदहाड़े युवक को मारी गोली, जमीन विवाद का अंदेशा

### पीएमसीएच रेफर, पुलिस जांच और छापेमारी जारी



**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा थाना क्षेत्र स्थित बंजारा होटल के समीप रविवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई और आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। घायल युवक की पहचान नालंदा जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पति बीघा निवासी उपेंद्र प्रसाद के 27 वर्षीय पुत्र विकास कुमार उर्फ सिकंदर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि विकास कुमार अपने काम से जा रहा था, तभी तीन अज्ञात अपराधियों ने उसे घेर लिया और गोली मार दी। गोली लगने के बाद युवक गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया, जहां फिलहाल उसका इलाज जारी है।

# हेल्थ इंस्टिच्यूट द्वारा लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

### 180 नेत्र-जांच, स्पीचथेरापी और रक्त-जांच, 50 से अधिक को नियमित चिकित्सा हेतु बुलाया



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंडियन इंस्टिच्युट ऑफ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च, बेऊर के तत्त्वावधान में रविवार को अनीसाबाद स्थित शिवपुरी सार्वजनिक बाग में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें 180 रोगियों की नेत्र-जांच, स्पीचथेरापी और रक्त जांच की गयी। पचास से अधिक रोगियों को नियमित चिकित्सा के लिए संस्थान परिसर में आमंत्रित किया गया है। वहाँ भी उनकी चिकित्सा निःशुल्क की जाएगी। शिविर में मधुमेह, थायरायड, सुनने से संबंधित और नेत्र-रोगियों की संख्या अधिक पायी गयी। यह जानकारी देते हुए, संस्थान के निदेशक-प्रमुख डा अनिल सुलभ ने बताया है कि शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डा अभिलाषा कुमारी, प्रो देवराज, फि ज़ियोथेरापिस्ट मनीषा, दामिनी, प्रशांत, स्पीचथेरापिस्ट सत्यम कुमार, अभिषेक कुमार, रवि कुमार, रोहित कुमार तथा नेत्र-जांच विशेषज्ञ इंशा रहमान ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में लाभार्थियों की निःशुल्क रक्त-जांच भी की। लैब टेक्नोलौजिस्ट सौरभ कुमार, निशा सिंह निशा भारती एवं राजा कुमार ने मधुमेह,रक्त-समूह, इ एस आर, आदि रक्त जाँच में अपना योगदान दिया।

### धनरूआ के पभेडा मिडिल स्कूल से चोरी हुए 4 पंखे बरामद, 4 नाबालिग हिरासत में

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के पभेडा मिडिल स्कूल से एक माह पहले हुए पंखा चोरी मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। रविवार को धनरूआ पुलिस ने छापेमारी कर चोरी के 4 पंखे बरामद किए हैं। साथ ही इस मामले में 4 नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि एक माह पहले पभेडा स्थित मिडिल स्कूल के हेडमास्टर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आवेदन में उन्होंने बताया था कि स्कूल से 24 पंखे, प्लेट एवं अन्य सामान चोरी हो गया है। मामले की छानबीन लगातार की जा रही थी। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जिसमें 4 पंखे बरामद हुए। इस संबंध में कई लोगों से पूछताछ के दौरान 4 नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी गए बाकी सभी सामान को भी जल्द बरामद कर लिया जाएगा।

# पालीगंज नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति का चुनाव संपन्न, तीन सदस्य निर्वाचित



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज अनुमंडल मुख्यालय में नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति के लिए चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। चुनाव प्रक्रिया अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार तथा अपर समाहर्ता सह चुनाव पर्यवेक्षक के मौजूदगी में संपन्न कराई गई। सशक्त स्थायी समिति के सदस्य पद के लिए कुल छह प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। इनमें वार्ड संख्या-1 से विभा देवी, वार्ड संख्या-2 से संतोष प्रसाद, वार्ड संख्या-6 से शकुंतला देवी, वार्ड संख्या-15 से मोहम्मद परवेज, वार्ड संख्या-16 से दीपक कुमार तथा वार्ड संख्या-19 से राजकिशोर प्रसाद शामिल थे। नगर पंचायत के कुल 20 वार्ड पार्षदों के बीच हुए मतदान के बाद वार्ड संख्या-2 के संतोष प्रसाद को 13 मत उनके प्रतिद्वंदी वार्ड संख्या 6 से शकुंतला देवी को 06 मत , वार्ड संख्या-15 के मोहम्मद परवेज को 14 मत तथा उनके प्रतिद्वंदी दीपक कुमार को 06 मत तथा वार्ड संख्या-19 के राजकिशोर प्रसाद को 12 मत तथा उनके प्रतिद्वंदी वार्ड संख्या 01 से ऋण देवी को 08 मत मिले । इस प्रकार संतोष प्रसाद, मो परवेज,तथा राजकिशोर प्रसाद को सशक्त स्थायी समिति का सदस्य के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार ने नवनिर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न होने पर उप मुख्य पार्षद रजनी कुमारी सहित सभी वार्ड पार्षदों ने संतोष व्यक्त किया।

# मोकामा में नाव हादसे के बाद प्रशासन सख्त, बिना निबंधन नहीं चलेगी कोई नाव



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीते दिनों गंगा में हुए नाव हादसे के बाद मोकामा प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। अब प्रखंड में बिना निबंधन के कोई भी बड़ी या छोटी नाव गंगा नदी में नहीं चल सकेगी। शनिवार को थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने मोकामा के सभी घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नाविकों और गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को माइकिंग के जरिए सतर्क रहने की हिदायत दी। रविवार को थाना परिसर में थानाध्यक्ष कुणाल कुमार, अंचल अधिकारी लवली कुमारी और राजस्व अधिकारी शिव शम्भू प्रसाद ने मछुआरों व किसानों के साथ बैठक की। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी छोटी-बड़ी नावों का निबंधन अनिवार्य है। निबंधन के बाद ही नौका संचालन की अनुमति दी जाएगी।अंचल अधिकारी लवली कुमारी ने बताया कि फिलहाल प्रखंड में मात्र 10 लाइफ जैकेट उपलब्ध हैं और अब तक सिर्फ 10 नावों का ही निबंधन हो पाया है। सोमवार से अंचल कार्यालय में नौका निबंधन फॉर्म का वितरण शुरू किया जाएगा। प्रशासन ने महाजाल और लाइफ जैकेट की संख्या बढ़ाने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भी भेजा है। इसके साथ ही खतरनाक घाटों को चिह्नित कर वहां गंगा स्नान पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

### मारपीट कर जख्मी करने के आरोपित में तीन गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दिघवां गांव आपसी विवाद मे हुई हिंसक झडप में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मारपीट कर जख्मी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान 1. अमरजीत कुमार, पिता- अखिलेश प्रसाद उर्फ दिलीप कुमार, 2. हरिनारायण प्रसाद, पिता- स्व० धनपत प्रसाद सिंह, 3. प्रमिला देवी, पति- दिलीप कुमार सिन्हा के रूप में हुई है। तीनों दिघवा गांव, थाना- मसौढ़ी, जिला- पटना के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपियों पर मारपीट कर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से जख्मी करने का आरोप है। इसी मामले में दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 431/26 के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार किया।

# कभी जीवनदायिनी थी मसौढ़ी की मोरहर नदी, अब अवैध खनन से अस्तित्व पर संकट



शशि तुलस्यान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के पश्चिमी इलाकों की जीवनरेखा कही जाने वाली मोरहर नदी आज खुद अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रही है। अवैध बालू-मिट्टी खनन और अतिक्रमण ने इस नदी को सुखाकर रख दिया है। गर्मियों में नदी पूरी तरह सूख जाती है और अब पानी की जगह सिर्फ गड्ढे, मिट्टी और जंगली घास नजर आती है। नदी के सूखने का सीधा प्रभाव आसपास के गांवों पर पड़ा है। क्षेत्र का भू-जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। चापाकल और बोरवेल सूख रहे हैं। पेड़-पौधे सूखने से पशुओं को पानी और चारे की किल्लत हो रही है। किसानों की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है।स्थानीय लोगों के मुताबिक खनन माफिया मशीनों से नदी तल को गहरा कर देते हैं। बालू निकालने से नदी के तल में गहरे गड्ढे बन गए हैं। मिरचक-शिवचक के पश्चिमी कोने और भगवानगंज के अनौली गांव के पास नदी लगभग मृत हो चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि अंधाधुंध खुदाई से नदियां प्राकृतिक मार्ग बदल रही हैं, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ा है। बालू खनन से सूक्ष्मजीव, मछलियां और कछुए जैसे जलीय जीवों के आवास नष्ट हो रहे हैं। बालू प्राकृतिक फिल्टर का काम करती है, इसके हटने से पानी की गुणवत्ता भी खराब हो रही है वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो मोरहर नदी मसौढ़ी के इतिहास में दर्ज होकर रह जाएगी। अवैध खनन ने पूरे पारिस्थितिक तंत्र के लिए गंभीर अस्तित्व का संकट खड़ा कर दिया है। स्थानीय जलस्तर में भारी गिरावट दर्ज की गई है।



# महात्मा गांधी के विचारों पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रेम यूथ फाउंडेशन द्वारा रविवार को महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन फाउंडेशन परिसर दनियावां के समीपवर्ती गोविंदपुर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को गांधी जी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश से जोड़ना था। प्रतियोगिता में एस के एम वी कॉलेज के 25 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने गांधी जी के ग्राम स्वराज, स्वदेशी, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। कई वक्ताओं ने वर्तमान समय में गांधी के विचारों की प्रासंगिकता पर जोर दिया। प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा सोफी कुमारी ने कहा कि गांधी जी का रास्ता आज भी सबसे मजबूत है। नफरत के दौर में उनके अहिंसा के सिद्धांत व संदेश हमें जोड़ते हैं। फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि नई पीढ़ी को गांधी जी के जीवन मूल्यों से जोड़ना जरूरी है। भाषण के जरिए युवा न सिर्फ बोलना सीखते हैं, बल्कि सोचते भी हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में स्थानीय शिक्षक और समाजसेवी शामिल थे। फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर राखी कुमारी ने कहा कि वह आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के जरिए युवाओं को सामाजिक मुद्दों से जोड़ेगी। महात्मा गांधी आज पूरी दुनिया मे प्रासंगिक है । गांधी जी के बताए मार्ग पर चलकर ही विश्व शांति संभव है ।

# अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव रहे कामरेड सोनेलाल का निधन




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव रहे कामरेड सोनेलाल का रविवार की संध्या तकरीबन साढे पांच बजे उनका निधन हो गया। बताया जा रहा है कि पिछले कई महीनो से अपेंडिक्स बीमारी से ग्रस्त थे,जहाँ पटना चल रहे इलाज के दौरानउनका निधन हो गया, देर शाम को उनके पैतृक आवास नासिरनाचक पार्थिव शरीर पहुंचा, जहां सभी माकपा और भाकपा पार्टी के नेतागण पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दिए ,इस मौके पर माकपा के प्रखंड सचिव कामरेड प्रोफेसर सीपी मंडल ने की कामरेड सोनेलाल का चले जाना मसौढी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मसौढ़ी में पिछले 40 सालों से किसनों मजदूर और गरीबों की आवाज बनने वाले कामरेड सोनेलाल आज असमय चले गए हैं इस मौके पर कामरेड सत्येंद्र प्रसाद ने कहा की पटना जिला कमेटी के वरिष्ठ सदस्य एवं बिहार राज्य किसान सभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष कॉमरेड सोना लाल प्रसाद का निधन वामपंथी और किसान आंदोलन के लिए एक अत्यंत अपूरणीय क्षति है।इन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के वंचितों, शोषितों और किसानों के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित कर दिया। पटना जिले में संगठन को मजबूत करने और बिहार राज्य किसान सभा के कोषाध्यक्ष के रूप में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे एक बेहद कर्मठ, ईमानदार और जमीन से जुड़े ने इस घटना के बाद भाकपा माले के जिला सचिव कमलेश कुमार, पूर्व विधायक गोपाल रविदास, किसान नेता शशि भूषण यादव, राकेश कुमार आदि ने श्रद्धांजलि दी।

# प्लैटिनमआरएक्स ने 10 लाख उपभोक्ताओं का आंकड़ा पार किया

### दवाओं पर 128 करोड़ रुपये से अधिक की बचत

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** किफायती ब्रांडेड-जनरिक दवाओं के लिए भारत के सबसे विश्वसनीय प्लेटफॉर्म प्लैटिनमआरएक्स, ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह प्लेटफॉर्म अब तक देश भर में 10 लाख से अधिक मरीजों को अपनी सेवाएँ दे चुका है और इसने अपने उपयोगकर्ताओं को गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक विकल्पों के माध्यम से 128 करोड़ रुपये से अधिक की बचत कराई है। भारत में लाखों लोग डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारियों से जूझ रहे हैं। इनके लिए हर महीने 2,000 से 5,000 रुपये तक दवाओं पर खर्च होना आम बात है। यह खर्च धीरे-धीरे एक बड़ा बोझ बन जाता है। इसी वजह से कई लोग दवा की खुराक छोड़ देते हैं, या कभी-कभी बिना दवा के भी रह जाते हैं। प्लैटिनमआरएक्स को इसी समस्या का समाधान देने के लिए बनाया गया है। यह प्लेटफॉर्म हर दवा के लिए एक सावधानी से चुना गया, उच्च गुणवत्ता वाला ब्रांडेड जेनेरिक विकल्प उपलब्ध कराता है। ये दवाएं प्रतिष्ठित दवा कंपनियों से सीधे ली जाती हैं और इनमें वास्तविक ब्रांडेड दवाओं के समान ही सॉल्ट मिश्रण होता है। सभी दवाएं लाइसेंस प्राप्त फार्मासिस्ट द्वारा दी जाती हैं और इन्हें पूरे भारत के 20,000 से अधिक पिन कोड्स पर डिलीवर किया जाता है। महानगरों में एक दिन के भीतर और अन्य स्थानों पर 1 से 3 दिन में डिलीवरी हो जाती है।

# बिहार पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में ज्ञान बिन्दु जीएस एकेडमी का शानदार प्रदर्शन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के घोषित परिणामों में ज्ञान बिन्दु जी.एस. एकेडमी के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर संस्थान का नाम पूरे राज्य में गौरवान्वित किया है। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के चयन ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि सही मार्गदर्शन, सुनियोजित रणनीति और निरंतर अभ्यास किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता का आधार होते हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा 'बिहार पुलिस (19838) प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन कर सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक रौशन आनंद एवं बिट्टू झा के नेतृत्व में विद्यार्थियों को नए परीक्षा पैटर्न के अनुरूप तैयार किया गया। बदलते प्रतिस्पर्धी माहौल को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने विषयवार अध्ययन, नियमित मूल्यांकन तथा परीक्षा आधारित रणनीति पर विशेष बल दिया, जिसका सकारात्मक परिणाम विद्यार्थियों के प्रदर्शन में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। ज्ञान बिन्दु जी.एस. एकेडमी की प्रमाणिक एवं व्यवस्थित अध्ययन सामग्री भी सफलता का प्रमुख आधार रही। विद्यार्थियों ने बताया कि संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए क्लास नोट्स और अध्ययन सामग्री ने परीक्षा की तैयारी को सरल और प्रभावी बनाया। परीक्षा में पूछे गए अनेक प्रश्न ऐसे विषयों से जुड़े थे, जिन पर संस्थान की कक्षाओं एवं नोट्स में विशेष रूप से चर्चा की गई थी। प्रतियोगी परीक्षाओं में करेंट अफेयर्स की बढ़ती महत्ता को देखते हुए संस्थान के ज्ञानधारा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित वार्षिकी करेंट अफेयर्स बुक ने भी विद्यार्थियों को विशेष लाभ पहुंचाया। अभ्यर्थियों के अनुसार पुस्तक में शामिल समसामयिक विषयों की सामग्री परीक्षा की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी साबित हुई और बेहतर अंक प्राप्त करने में सहायक रही। अंतिम चरण की तैयारी को सुदृढ़ बनाने के लिए संस्थान द्वारा संचालित होम वर्क सीरिज ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावियों का हुआ सम्मान

नियमित अभ्यास, समयबद्ध प्रश्नों के समाधान तथा निरंतर मूल्यांकन के माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा जैसा वातावरण उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा के पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र पर विशेष कार्य कराया गया, जिससे अभ्यर्थियों को प्रश्नों की प्रकृति और परीक्षा पैटर्न को समझने में सहायता मिली। ज्ञान बिन्दु जी.एस. एकेडमी ने केवल शैक्षणिक मार्गदर्शन तक ही अपने प्रयासों को सीमित नहीं रखा, बल्कि विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निःशुल्क हॉस्टल एवं लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं भी प्रदान कीं। दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को इन सुविधाओं का विशेष लाभ मिला। साथ ही बिहार पुलिस भर्ती प्रक्रिया में शारीरिक दक्षता की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए संस्थान द्वारा निःशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग की भी व्यवस्था की गई, जिससे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा के साथ-साथ शारीरिक परीक्षण की तैयारी भी प्रभावी ढंग से कर सके। प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान सफल विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और जूनियर अभ्यर्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन तथा निरंतर अभ्यास का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति-चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक रौशन आनंद ने कहा, ह्लबिहार पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में हमारे विद्यार्थियों की ऐतिहासिक सफलता हम सभी के लिए गर्व का विषय है। यह परिणाम छात्रों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और हमारी सुनियोजित शैक्षणिक रणनीति का प्रतिफल है। भविष्य में भी हम इसी समर्पण के साथ विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने के लिए कार्य करते रहेंगे। सभी सफल अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने सुनी 'मन की बात'

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के प्रसारण के अवसर पर रविवार को कटिहार नगर निगम वार्ड संख्या-14 में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा पश्चिम मंडल द्वारा सामूहिक श्रवण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का



नेतृत्व महिला मोर्चा पश्चिम मंडल की अध्यक्ष रीना तिवारी ने किया। इस दौरान मंडल की सैकड़ों की संख्या में महिला कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जागरूकता,महिला सशक्तिकरण एवं जनभागीदारी से जुड़े विचारों से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनिता देवी, सोनी देवी, मनी कुमारी, बबीता देवी, विभा मिश्रा, सुनीता झा, मनोरमा देवी, करुणा देवी, पूजा कुमारी, प्रेमलता देवी, बिमला देवी सहित मंडल की अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। वही कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज हित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। महिला मोर्चा कार्यकताओं ने कहा कि ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन और जन-जागरूकता का सशक्त माध्यम बन चुका है।

### 44 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बारसोई /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र के आबादपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। 44 ग्राम स्मैक के साथ आबादपुर थाना क्षेत्र के डमडोलिया बाजितपुर गांव में अवैध नशा की बिक्री करने वाले दो युवक को रात्रि में पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया। इस संबंध में आबादपुर थानाध्यक्ष शादाब अहमद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी नदी किनारे दो व्यक्ति युवकों को सुखा नशा करने की सामाग्री बेच रहे हैं। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जब नदी किनारे पहुंचे तो दोनों तस्कर पुलिस को देखकर भाग रहे थे। पुलिस बल की सहायता से उन्हें पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उनके पास से 44 ग्राम स्मैक और 1400 रूपए नगद बरामद हुए। पकड़ाये तस्करों का नाम भोल्का उर्फ साजिद (30), नजमुल उर्फ बांची (35) है। दोनों तस्कर मडोलिया और नया टोली गांव के रहने वाले हैं। दोनों तस्कर के विरुद्ध आबादपुर थाना में मुकदमा दर्ज कर ली गई है। दोनों तस्कर को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष शादाब अहमद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नशा बेचने वाले की सूचना जो भी व्यक्ति देंगे। उनकी नाम गोपनीय रहेगा। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि आबादपुर पुलिस द्वारा एक सप्ताह के अंदर इसमें एक बेचने वाले को पकड़ने में कामयाबी मिली है जिससे पूरे प्रखंड के लोग राहत की सांस ली है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा जिला महामंत्री सौरभ कुमार मालाकार ने विश्व के सर्वाधिक चर्चित नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 41 स्थित बूथ संख्या 141 पर उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात का 134 वाँ संस्करण सुना । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों से संवाद किया। जिला महामंत्री सौरव मालाकार ने कहा कि मन की बातह्न केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों को प्रेरणा, सकारात्मक ऊर्जा और राष्ट्रहित में योगदान देने की भावना से जोड़ने का माध्यम है। सौरभ मालाकार ने कहा कि यह संवाद केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि जनभागीदारी, सकारात्मक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है।आइए हर महीने के अंतिम रविवार को इस प्रेरक कार्यक्रम मन की बात से जुड़ें और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता निभाएं।



### फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

**कोढ़ा/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोढ़ा थाना क्षेत्र के चर्चित कोलासी पुलिस शिविर मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले में नामजद और लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी शमीम उर्फ साहिल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार कोलासी पुलिस शिविर प्रभारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम को आरोपी के ठिकाने की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर उसे दबोच लिया। आरोपी की गिरफ्तारी को मामले की जांच में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त से मामले जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर पूछताछ की जा रही है। जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि कांड में शामिल अन्य संदिग्धों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास जारी हैं।



### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू मुक्त समाज का लिया गया संकल्प

**कटिहार कोर्ट/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को कटिहार स्थित एडीआर भवन में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीजे-टु आशुतोष रॉय ने की।इस अवसर पर उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों, पैनल अधिवक्ताओं, पीएलवी एवं अन्य लोगों को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहने तथा समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। शपथ में सभी ने ईश्वर को साक्षी मानते हुए अपने परिवार और समाज के हित में तंबाकू का उपयोग नहीं करने तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायिक पदाधिकारियों ने कहा कि तंबाकू सेवन न केवल स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके प्रति जन-जागरूकता ही इस बुराई को समाप्त करने का सबसे प्रभावी माध्यम है।समारोह में एडीजे-नौ, महेंद्र प्रसाद यादव, प्रभारी डीएलएसए सचिव सह एसीजेएम कुलदीप श्रीवास्तव, न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका कुमारी सहित सभी पैनल अधिवक्ता, पीएलवी अर्पिता प्रकाश पाण्डेय , नाजीर ब्रह्मदेव मंडल,आशीष कुमार झा, आशीष कुमार त्रिवेदी, सिंटू कुमार सहित अन्य न्यायालय कर्मी एवं सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से तंबाकू मुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया गया।



### लगातार मई महीने में तिथि भोजन का आयोजन

**बलरामपुर/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में लगातार मई महीने में तिथि भोजन का आयोजन किया जा रहा हैं। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड साधन सेवी मनोज कुमार ने बताया कि प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय कामत,प्राथमिक विद्यालय बालूगंज उर्दू,प्राथमिक विद्यालय सोहार,प्राथमिक विद्यालय पेलापुर सहित प्राथमिक विद्यालय नया टोला चिल्हापाड़ा मैं तिथि भोजन का आयोजन किया गया। इस तिथि भोजन आयोजन कराने का मुख्य उद्देश्य जो भी सामाजिक कार्यकर्ता, अभिभावक, ग्रामीण,पंचायत जनप्रतिनिधि सहित सज्जन व्यक्ति जो अपने आसपास के इलाका के लोगों को निःशुल्क भोजन करा सकते हैं। वैसे व्यक्ति विद्यालय में पढ़ रहे छात्र - छात्राओं को तिथि भोजन में विद्यालय में बने गर्म पका हुआ खाना खिला सकते हैं। इस तरह के जो भी व्यक्ति हैं। विद्यालय में प्रधानाध्यापक एवं प्रखंड साधन सेवी से संपर्क कर सकते हैं। एवं कम से कम एक दिन तिथि भोजन छात्र - छात्राओं को करा सकते हैं। बिहार सरकार के द्वारा प्रत्येक दिन गर्म पका हुआ खाना विद्यालय के प्रधानाध्यापक के माध्यम से खिलाया जाता हैं और एक दिन अगर समाज सेवी इस पुण्य कार्य को करने से सरकार की एक दिन की राशि बचेगी ही और समाजसेवी का नाम भी होगा । तिथि भोजन में नाम भी लिखा जाएगा। इसलिए समाज सेवी जो भी व्यक्ति हैं अपने आसपास के इलाके में प्रत्येक विद्यालय में एक दिन तिथि भोजन अवश्य करावे। तिथि भोजन में छात्र - छात्राओं को खीर, पूरी, सब्जी, बुनिया, दाल,सब्जी सहित विभिन्न प्रकार के व्यंजन खिला सकते हैं।



# चार दिवसीय बिहार राज्य अंडर-13 शतरंज प्रतियोगिता का हुआ समापन






**छपरा की मोहिनी पंडित प्रथम स्थान प्राप्त कर बनी चैंपियन**

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कटिहार जिला चेस एसोसिएशन की ओर से ऑल बिहार चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय बिहार राज्य अंडर-13 ओपन एवं गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप 2026 का भव्य समापन समारोह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया । प्रतियोगिता के आयोजन में लियो क्लब ऑफ कटिहार टाउन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद तारिक अनवर एवं नगर निगम की मेयर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए आयोजन की सराहना की तथा विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती रश्मि सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति-पत्र, मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कटिहार चेस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विकास खंडेलिया, गीत अविनाश, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील यादव, इंटरनेशनल ऑर्बिटल के नंदकिशोर श्रीवास्तव, लियो क्लब ऑफ कटिहार टाउन के डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट तेजस चौरसिया तथा संजीवनी नेत्रालय के आलोक सिन्हा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के गर्ल्स वर्ग में छह राउंड की प्रतिस्पर्धा के बाद छपरा की मोहिनी पंडित ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। पटना की आराध्या प्रकाश उपविजेता रहीं। जबकि मुजफ्फरपुर की अग्रिमा राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं ओपन वर्ग में सात राउंड के रोमांचक मुकाबलों के बाद पटना के देवांश केशरी विजेता बने। किशनगंज के सुरनॉय दास ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि दरभंगा के हर्षवर्धन सिंह तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में बिहार के 19 जिलों से लगभग 95 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में बौद्धिक विकास, एकाग्रता, निर्णय क्षमता एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन के कोषाध्यक्ष राकेश चौधरी, सचिव प्रत्यूष कुमार, सहसचिव सत्यम समदर्शी सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जुआ एवं शराब के चक्कर में पत्नी की हत्या

**पुलिस ने पति, सास, ससुर को किया गिरफ्तार**

मनसाही/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मनसाही थाना क्षेत्र के सहजा पंचायत के वार्ड संख्या 5 बुद्धहटिया के समीप एक महिला आरती देवी (22) की हत्या की जानकारी मिलते ही पूरे सहजा पंचायत में खलबली मच गई। ग्रामीण तत्परता दिखाते हुए तुरंत मनसाही थाना को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही मनसाही थाना अध्यक्ष सहित सदर एसडीपीओ वन विशाल आनंद घटनास्थल पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराते हुए सर्वप्रथम मृतिका के पति अजय कुमार साह, ससुर सन्तलाल साह एवं सास लीला देवी को गिरफ्तार कर थाना भेजा। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल कटिहार भेजा। एसडीपीओ ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या हत्या का मामला लगता है। मृतिका के गला को दबाने एवं मुंह में कपड़ा घुसाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर परिजन पहुंच गया है। लिखित आवेदन देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर मृतिका के पिता श्रवण साह साकिन छपना थाना फलका, मां मनोरमा देवी, भाई राजू कुमार साह, चाचा बालेश्वर साह सभी पहुंच कर किचन में लेटी हुई आरती को देख छाती पीट-पीट कर रोने लगी। मां एवं बाप ने रोते - बिलखते कहा कि जुआ के चक्कर में बेटी को रोज मरता पीटता था। आज दुनिया से ही उठा दिया। तीनों हत्यारों को फांसी की सजा की मांग पुलिस से कर रही थी। चाचा ने बताया कि कई बार मारपीट की घटना की जानकारी मिलने पर समझाया बुझाया गया था। घर में पति, सास ससुर मात्र तीन ही रहते थे। तीनों मिलकर मारपीट करता था। इधर ग्रामीणों ने भी बताया कि शराब एवं जुआ के कारण गांव में किसी से पटता नहीं था। घटना को लेकर गांव में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है।



## अलग-अलग मामलों में दो को उम्रकैद

**कटिहार कोर्ट/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम द्विजेंद्र कुमार की अदालत ने अलग-अलग मामले में दो लोगों को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सजा सुनाने के बाद दोनों आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जो कदवा थाना अंतर्गत कुम्हरी निवासी पंकज महलदार तथा दूसरे मामले में अमदाबाद थाना अंतर्गत बैरिया निवासी महादेव यादव को जेल भेज दिया गया है। वही दोनों ही मामलों में पच्चीस पच्चीस हजार रुपए अर्थदंड देने का आदेश भी दिया गया है। जबकि अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर छह छह माह अतिरिक्त कारावास का आदेश भी दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अमदाबाद वाले केस में अभियोजन की ओर अपर लोक अभियोजक युगल किशोर यादव थे। दूसरे कदवा थाना अंतर्गत वाले मामले में अपर लोक अभियोजक रामविलास पासवान थे। बेरिया दिलावरपुर निवासी माया कुमारी ने बकरी के द्वारा सजना का पत्ता खा जाने के विवाद में 15 अगस्त 2022 को 9 बजे रात में लाठी व धारदार हथियार से मारपीट कर पिता की हत्या कर देने तथा बचाने आने पर भाई राकेश को जख्मी कर देने को लेकर महादेव यादव व उनकी पत्नी पुतुल देवी के विरुद्ध अमदाबाद थाने में मामला दर्ज करायी थी। जिसमें न्यायालय में आठ गवाहों की गवाही भी हुई है। उधर दूसरी ओर कुम्हारी निवासी अनिल कुमार ने पूर्व विवाद में 3 फरवरी 23 को मछली मारने के दौरान बेलगछी बांध के समीप नदी में धारदार हथियार से पिता नरेश महलदार के कनपटी व गर्दन काटकर हत्या कर देने का मामला दर्ज कराया था । इस मामले में भी अभियोजन की ओर से 11 गवाह की गवाही कराई गई है। वही न्यायालय के निर्णय आने के बाद पीड़िता के परिजनों ने इसे इंसाफ की जीत बताई।

## तेलकुप्पा धार में डूब कर अधेड़ की मौत

**परिजन रो-रोकर बेहाल**

**कदवा/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कदवा थाना क्षेत्र के भोगांव पंचायत के बैदा गांव में एक अधेड़ व्यक्ति की पानी में डूबने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार बैदा निवासी दिलीप गोस्वामी पशुओं का चारा लाने तेलकुप्पा धार के उस पार गया हुआ था। गाय का चारा लेकर घर वापस लौटने के क्रम में तेलकुप्पा धार के पास अचानक पांव फिसल जाने से वह पानी में गिर पड़ा और फिसलकर गहरे पानी में चला गया।जहां डूबने से उनकी मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते हीं ग्रामीण जमा होकर दिलीप गोस्वामी को पानी से बाहर निकाला।लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई थी।घटना की सूचना मिलते हीं कदवा पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार भेज दिया। अपर थानाध्यक्ष धनोज कुमार ने बताया कि पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराने के लिए कटिहार भेजा गया है।

## डूमर चौक पर अनियंत्रित हाइवा ने साइकिल सवार को कुचला

**मौत के बाद एनएच-31 जाम**



**समेली/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समेली प्रखंड अंतर्गत पोठिया थाना क्षेत्र के डूमर चौक स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर लगभग तीन घंटे तक एनएच-31 को जाम कर दिया तथा आगजनी कर प्रदर्शन किया। मृतक की पहचान बरारी थाना क्षेत्र के मरघिया गांव निवासी मोहम्मद लतीफ (50) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मोहम्मद लतीफ रविवार सुबह अपनी मक्का की फसल बेचकर साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान डूमर चौक स्थित श्री श्याम धर्म कांटा के समीप कुरसेला की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइवा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर एनएच-31 को दोनों ओर से जाम कर दिया तथा टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जाम हटाने पहुंची पुलिस की 112 आपातकालीन सेवा वाहन को भी उग्र ग्रामीणों ने धक्का देकर सड़क किनारे गड्ढे में उतार दिया। स्थिति को देखते हुए पोठिया थाना के साथ-साथ कुरसेला, फलका एवं कोढ़ा थाना की पुलिस को मौके पर बुलाया गया। करीब तीन घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों से वार्ता कर सरकारी प्रावधानों के तहत सहायता एवं मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद जाम समाप्त कराया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक एवं आक्रोश का माहौल है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वही पोठिया थाना अध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया डुमर राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हों गई। वही हाईवा ट्रक के चालक को गिरफ्तार किया गया है। जबकि हाईव ट्रक को जप्त किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेजा गया है।

## आमडाढ़ी-कर्णपुरा के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में विशाल भंडारा

**सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन और हवन पूजन कार्यक्रम भी हुआ आयोजित**





**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत देने, तालाब से प्राचीन काले पत्थर की भगवान की प्राचीन व दुर्लभ मूर्ति मिलने से उत्साहित व क्षेत्र के लोगों की खुशहाली के उद्देश्य से एकमा प्रखंड के आमडाढ़ी-कर्णपुरा गांव स्थित रेलवे गुमटी के समीप श्रीराम जानकी सह दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में सैन्य परिवार की ओर से भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन एवं श्री सुंदरकांड पाठ के उपरांत पूरे दिन विशाल भंडारे व शर्बत वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संयोजन आमडाढ़ी-कर्णपुरा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार सिंह ने किया। धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य लोगों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी रामदास जी महाराज, मेडिकल स्पेशलिस्ट एवं सेवानिवृत्त कर्नल विनय कुमार, जदयू नेता जितेंद्र सिंह, जिला जदयू उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह उर्फ महेश सिंह, युवा नेता एवं विधायक पुत्र संदीप कुमार सिंह मन्नू, सत्येंद्र भवानी, रोशन भवानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ सिंह, वीरेश सिंह, सरपंच प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि भरत सिंह, राजमोहन सिंह, शिक्षक शैलेश कुमार सिंह, हरेंद्र सिंह, कमल कुमार सिंह, दिग्विजय कुमार गुप्ता, आलोक कुमार सिंह, कुमार रमेश, जनक देव सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिंह, सूबेदार मेजर संजय कुमार सिंह, हवलदार के. के. सिंह, हवलदार बीके सिंह, हवलदार एसके सिंह, प्रांशु कुमार, मनोरंजन सिंह, गुड्डू फौजी अधिवक्ता आदित्य सिंह, बीपीआरओ सूरज कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित तिवारी, सीनियर जर्नलिस्ट के. के. सिंह सेंगर, रुचि सिंह सेंगर, संजीत कुमार अकेला, विनीत कुमार समेत अन्य क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## दुष्कर्म का प्रयास, मुख्य आरोपित गिरफ्तार, पांच पर प्राथमिकी

**फलका/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फलका थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने, गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है।इस संबंध में पीड़िता की मां ने पांच लोगों के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार बीते शुक्रवार की रात परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो रहे थे। देर रात पुत्री के कमरे से चिल्लाने की आवाज आई। मां जब कमरे में पहुंची, तो पुत्री ने बताया कि एक युवक ने कमरे में घुसकर उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया। खोजबीन करने पर आरोपी युवक दरवाजे के पीछे छिपा मिला। परिजनों और ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।पीड़िता का आरोप है कि इस घटना के बाद आरोपी युवक के परिजनों ने उनके घर में घुसकर गाली-गलौज की।

## बलिया बेलौन में शराब तस्कर पिस्टल के साथ गिरफ्तार



**सालमारी/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बलिया बेलौन पुलिस ने गस्ती के दौरान गुप्त सूचना पर वाहन जांच के क्रम में रविवार को मीनापुर फुटानी चौक के पास टोटो की तलाशी लेने पर विदेशी शराब बरामद होने पर टोटो चालक को हिरासत में लिया। साथ ही उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से दो जिन्दा कारतूस के साथ देशी पिस्टल मिलने पर आरोपी को थाना लाकर विधिसंगत कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए कटिहार न्यायालय भेजा गया। वाहन गश्ती में एसआई गणेश कुमार दल-बल के साथ वाहन जांच करते हुए हथियार के साथ शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया की टोटो से विभिन्न ब्रांड के 69.15 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ है। साथ ही उस के पास से एक देशी पिस्टल सहित दो जिन्दा कारतूस भी बरामद हुआ है। पुछताछ करने पर अपना नाम अनुप झा(20) ग्राम सरनपुर थाना हरिश्चन्द्रपुर पश्चिम बंगाल का रहने वाला बताया है। टोटो को रोक कर तलाशी के दौरान एक पिस्टल, दो ज़िंदा कारतूस सहित भाडी मात्रा में विदेशी शराब मिलने पर तस्कर सहित वाहन को जप्त किया गया। इस में 69.15 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ। टोटो से शराब ले कर कटिहार की ओर जा रहा था की मीनापुर फुटानी चौक के पास पिस्टल के साथ पकड़ा गया। अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायिक प्रक्रिया के लिए कटिहार न्यायालय भेजा जायेगा। उन्होंने बताया की शराब के मामले में जरा भी कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

## डीआरएम की दूरदर्शी पहल से संवर रहा कोशी रेल पर्यावरण उद्यान



**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कटिहार रेल मंडल के विकास एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह के नेतृत्व में कोशी रेल पर्यावरण उद्यान एवं प्रशिक्षण क्षेत्र में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर रेल अधिकारियों द्वारा 500 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के ऑनार्मेंटल पौधे लगाए गए।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीआरएम किरेंद्र नरह ने कहा कि प्रशिक्षण क्षेत्र को एक आदर्श हरित एवं आधुनिक परिसर के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि रेल प्रशासन द्वारा इस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, जिनका परिणाम जल्द ही देखने को मिलेगा।डीआरएम किरेंद्र नरह के कुशल मार्गदर्शन, दूरदर्शी सोच एवं सतत प्रयासों के कारण कभी कोशी गोल्फ कोर्स के नाम से पहचाना जाने वाला यह 109 एकड़ में फैला विशाल क्षेत्र अब एक नए स्वरूप में विकसित हो रहा है। आने वाले दिनों में यह न केवल सीमांचल क्षेत्र के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि भारतीय रेल के सर्वश्रेष्ठ पर्यावरणीय एवं प्रशिक्षण परिसरों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा।

## पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान से कार्यकर्ताओं में बढ़ रहा वैचारिक संकल्पः संजय सरावगी

**राष्ट्र प्रथम और अंत्योदय के विचार को मजबूत कर रहा भाजपा का प्रशिक्षण अभियान**



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के जिला स्तरीय कार्यशाला के दूसरे और अंतिम दिन रविवार को रामसन प्लाजा होटल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के लिए संगठन सर्वोपरि है और कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास की सोच को पहुंचाने के लिए समर्पित है। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकताओं में वैचारिक चेतना, संगठनात्मक अनुशासन और सेवा भाव को मजबूत करने का एक व्यापक अभियान है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल दर्शन अंत्योदय और एकात्म मानववाद पर आधारित है, जिसमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और बिहार में एनडीए सरकार गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आज बिहार में हजारों करोड़ का निवेश आ रहा है। बिहार मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ रहा है। कुछ कड़े निर्णय भी लिए जा रहे हैं। आज देश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में जिलाध्यक्ष पवन राज, सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह, मोतिहारी विधायक पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार, हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव, बिहार ताजी मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, पूर्व विधायक गोविंदगंज सुनील मणि तिवारी, नव नियुक्त प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल, नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मोहिब्बुल हक, उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शंकर सिंह, चंद्रकिशोर मिश्र एवं प्रकाश अस्थाना शामिल थे।

CMYK

# केदारनाथ, परवीन और जयगोविंद बने सशक्त स्थायी समिति सदस्य





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर नगर परिषद के लिए सशक्त स्थायी समिति के तीन सदस्यों का निर्वाचन रविवार को अनुमण्डल कार्यालय में संपन्न हुआ। सभी प्रक्रिया एसडीओ अमित राजन के कार्यालय कक्ष में संपन्न हुआ। उनके अलावा तीनों पदों के लिए प्रतिनियुक्ति एआरओ बीडीओ मोहम्मद जफर इमाम, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सतीश राम और सम परवर्तन पदाधिकारी प्रकाश कुमार उपस्थित रहे। एसडीओ ने बताया कि निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से विवाद रहित संपन्न हुई। जिसमें पद संख्या एक से केदारनाथ सिंह, पद संख्या दो से परवीन कौसर और पद संख्या तीन से जय गोविंद प्रसाद विजेता बने। प्राप्त विवरण के अनुसार

पद संख्या एक से जीते डॉ. केदारनाथ सिंह को 13 मत मिला। इनके प्रतिद्वंद्वी बसंत कुमार को नौ और भूपेंद्र कुमार मिश्रा उर्फ चिंटू मिश्रा को पांच मत मिला।

पद संख्या दो के लिए निर्वाचित परवीन कौसर को 12 मत मिला। जबकि प्रतिद्वंद्वी संगीता देवी को नौ और राधा रमण पूरी को छह मत मिला। पद संख्या तीन के लिए निर्वाचित जयगोविंद प्रसाद को 12 मत मिला। जबकि प्रतिद्वंद्वी एहसान अहमद को 11 और सीमन कुमारी को मात्र चार मत मिला। सबसे अधिक मत 13 केदारनाथ सिंह को मिला। जबकि सबसे कम चार मत सीमन कुमारी को मिला। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के साथ ही तीनों को एसडीओ ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। निर्वाचन का प्रमाण पत्र दिया। तीनों कार्यालय कक्ष से बाहर निकले। इनके पहले ही सभी वार्ड पार्षद एसडीओ कक्ष से बाहर जा चुके थे। अनुमंडल कार्यालय के सामने ही सभी ने खुशी जाहिर की। मुख्य पार्षद अंजली कुमारी समेत प्रायः सभी वार्ड पार्षदों ने विजेताओं को बधाई दी। यहां से सभी नगर परिषद कार्यालय गए। वहां मिठाइयां बंटी और सामूहिक भोज का आनंद लिया।

**केदारनाथ व परवीन दूसरी तो जय गोविंद पहली बार**

डा. केदारनाथ सिंह पहली बार वर्ष 2002 में वार्ड पार्षद बने थे। उसके बाद 2023 में वार्ड पार्षद बने। मुख्य पार्षद अंजली कुमारी के साथ वह सशक्त स्थाई समिति के सदस्य बने थे, लेकिन बाद में उन्होंने त्यागपत्र दे दिया था। अब सशक्त स्थाई समिति के निर्वाचित सदस्य बने हैं। उनकी पत्नी पुष्पा कुमारी वर्ष 2012, 2018 और 2023 में लगातार तीन चुनाव में वार्ड पार्षद बनी। वह वर्ष 2018 में सोनी देवी के साथ लगभग ढाई साल उपमुख्य पार्षद रही हैं। परवीन कौसर वर्ष 2023 में वार्ड पार्षद बनी और तभी से मुख्य पार्षद अंजली कुमारी के साथ सशक्त स्थाई समिति की सदस्य हैं। अब वह मनोनीत की जगह निर्वाचित सदस्य हैं। जय गोविंद प्रसाद वर्ष 2012 से 2015 तक भाजपा के नगर अध्यक्ष रहे हैं। उनकी पत्नी सोनी देवी 2007 में वार्ड पार्षद बनी थी। भाजपा के सक्रिय सदस्य श्री प्रसाद पहली बार सशक्त स्थाई समिति के सदस्य बने हैं, वह भी मनोनीत नहीं बल्कि निर्वाचित।

# मौत बांट रहे अवैध अस्पताल व जांच घर, प्रशासन मौन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में इन दिनों दर्जनों अवैध निजी अस्पताल, नर्सिंग होम और पैथोलॉजी लैब धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। बिना किसी वैध डिग्री, रजिस्ट्रेशन और मानकों के चल रहे ये संस्थान क्षेत्र के गरीब और सीधे-साधे मरीजों के लिए डेथ ट्रैप साबित हो रहे हैं। आए दिन गलत इलाज, लापरवाही और अप्रशिक्षित कर्मियों के कारण मरीजों की जान जा रही है, लेकिन स्थानीय स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन इस गंभीर मामले पर आंखें मूंदे बैठा है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, इन अवैध क्लीनिकों का जाल दूर-दराज के गांवों तक फैला हुआ है। भोले-भले मरीजों को बहला-फुसलाकर लाने के लिए बकायदा दलालों का एक नेटवर्क काम कर रहा है। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के बाहर से मरीजों को झांसा देकर इन निजी 'दुकानों' में लाया जाता है, जहां मोटी रकम वसूलने के बाद मरीजों को मौत के मुंह में धकेल दिया जाता है। अधिकांश जांच घरों में न तो कोई योग्य पैथोलॉजिस्ट है और न ही अस्पतालों में कोई रजिस्टर्ड डॉक्टर। कंपाउंडर और झोलाछाप डॉक्टर ही ऑपरेशन तक कर रहे हैं। बिना किसी मानक मशीन के मनमाफिक जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिससे मरीजों का गलत इलाज हो रहा है। इन अस्पतालों से निकलने वाला संक्रमित कचरा खुले में फेंका जा रहा है, जिससे महामारियों का खतरा बढ़ गया है। अहम् सवाल है कि आखिर स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे बिना रजिस्ट्रेशन के इतने बड़े पैमाने पर अवैध धंधा कैसे फल-फूल रहा है? क्या विभाग को किसी बड़ी अनहोनी या किसी और मासूम की मौत का इंतजार है? स्थानीय ग्रामीणों और बुद्धिजीवियों ने जिला प्रशासन एवं सिविल सर्जन से मांग की है कि कुटुंबा प्रखंड के सभी निजी अस्पतालों और जांच घरों की सघन जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया जाए। बिना निबंधन और मानकों के विपरीत चल रहे संस्थानों को तुरंत सील कर उनके संचालकों पर प्राथमिकी दर्ज की जाए, ताकि आए दिन होने वाली मौतों पर लगाम लगाई जा सके।

# ईंधन की कमी के बावजूद दाउदनगर में समस्या नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** ईरान बनाम अमेरिका- इजरायल युद्ध के बीच ईंधन संकट गहराता जा रहा है। पेट्रोल डीजल की कमी साफ दिख रही है। सूत्रों के अनुसार सरकार भी डीजल की बिक्री हतोत्साहित करने के लिए अधिकारियों पर दबाव बना रही है। इस बीच दाउदनगर में भखरुआं स्थित कुमार ब्रदर्स, बुधन बिगहा स्थित मां सरस्वती फ्यूल्स और ओबरा के ऊब में स्थित श्री हरि जानकी नाथ सर्विसेस द्वारा निर्बाध रूप से पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति की जा रही है। यह तीनों ही पंप इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के हैं। कुमार ब्रदर्स के संचालक शैलेश कुमार ने बताया कि कंपनी की तरफ से उन्हें निर्बाध और पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति की जा रही है, ताकि आम लोगों को कोई समस्या नहीं हो। इसलिए यहां ग्राहकों को कोई दिक्कत नहीं हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कई कंपनियां डीजल और पेट्रोल की आपूर्ति पूर्व की अपेक्षा कम कर रही हैं। जिससे सभी पेट्रोल पंपों पर निर्बाध और पर्याप्त या कहे मांग के अनुरूप पेट्रोल डीजल की आपूर्ति नहीं हो रही है। शैलेश कुमार के अनुसार दाउदनगर में पेट्रोल 114.46 रुपये, डीजल 100.40 रुपये और एक्सपी 95 अर्थात ब्रांडेड पेटोल 123.36 रुपये बिक रहा है।




## नवगठित प्रदेश कमिटी में प्रदेश उपाध्यक्ष बने मुकेश शर्मा

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के नवगठित प्रदेश कमेटी में पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जिले के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह के कार्यालय में अभिनंदन समारोह आयोजित कर उन्हें शाल, बुके एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह ने कहा कि मुकेश शर्मा एक कुशल संगठनकर्ता और अनुभवी नेता हैं। उनमें सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की विशेष क्षमता है। जिलाध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# न्याय की मांग को ले निकलेगा महागठबंधन का प्रतिरोध मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के केशराडी निवासी किसान कुंदन यादव हत्याकांड के विरोध में आगामी तीन जून को दाउदनगर में महागठबंधन की ओर से प्रतिरोध मार्च निकाला जाएगा। इस संबंध में निर्णय पुराने अनुमंडल कार्यालय के समीप आयोजित महागठबंधन की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया रामदेव सिह ने की। बैठक में मौजूद नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हत्याकांड में शामिल सभी आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक तकनीक और संसाधनों के इस दौर में भी पुलिस अब तक सभी नामजद आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है जो गंभीर चिता का विषय है। बताया गया कि तीन जून को प्रतिरोध मार्च नगर परिषद कार्यालय के समीप से शुरू होगा। यह मार्च दाउदनगर बाजार के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंचेगा, जहां धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिह ने बताया कि प्रतिरोध मार्च में औरंगाबाद के सांसद अभय कुशवाहा, काराकाट के सांसद राजाराम सिह, जहानाबाद के सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव एवं गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा के शामिल होने की संभावना है। इस मौके पर पूर्व मुखिया कुणाल प्रताप, राजद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिह, राजद नगर अध्यक्ष मुन्ना अजीज, युवा राजद के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार सिह, युवा राजद नेता सुमित कुमार यादव, योगेंद्र वर्मा, ललन प्रसाद समेत बड़ी संख्या में महागठबंधन कार्यकता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



# अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा, छह मजदूर घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बंदेया थाना क्षेत्र के बक्सर मध्य विद्यालय के पास ऑटो पलटने से उसमें सवार छह मजदूर घायल हो गए। घायलों में चार की हालत गंभीर होने पर उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान बक्सर गांव निवासी लक्ष्मीनिया देवी, अमर बिंद, अमृता देवी, अजय बिंद, फुल कुमारी देवी और महेंद्र बिंद के रूप में हुई है। पंचायत के मुखिया अशोक बिंद के अनुसार सभी मजदूर रफीगंज प्रखंड के नैकी गांव में मजदूरी कर ऑटो से घर लौट रहे थे। इसी क्रम में बक्सर मध्य विद्यालय के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। सूचना पर पहुंची बंदेया थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को गोह पीएचसी में भर्ती कराया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने लक्ष्मीनिया देवी, अमर बिंद, फुल कुमारी देवी और अजय बिंद को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं दो अन्य घायलों का इलाज गोह पीएचसी में चल रहा है।

# बदमाशों ने की होटल मैनेजर समेत चार कर्मियों की पिटाई, नकदी व जेवर लूटे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र में एनएच-19 पर फार्म के समीप स्थित होटल नीलम पैलेस में दिनदहाड़े चार बदमाशों ने घुसकर मैनेजर समेत चार कर्मचारियों की पिटाई कर दी और नकदी, मोबाइल तथा जेवरात लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार चार बदमाश होटल में घुसे और सबसे पहले मैनेजर मनीष कुमार पर हमला कर दिया। मैनेजर को बचाने पहुंचीं महिला कर्मी रीमा देवी और वीणा देवी तथा वेटर पिंटू कुमार को भी बदमाशों ने बेरहमी से पीटा। मारपीट की इस घटना में चारों घायल हो गए। घटना की पूरी वारदात होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद महिला कर्मी रीमा देवी ने नगर थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। आवेदन में पिपरडीह गांव के दो लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है, जबकि दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भी मामला दर्ज कराया गया है। रीमा देवी ने आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान बदमाश उनकी सोने की बाली, मैनेजर मनीष कुमार की सोने की अंगूठी, कैश काउंटर में रखे 25 हजार रुपये नकद तथा एक मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। होटल के सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान की जा रही है। नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है तथा जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके के व्यवसायियों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।



# आज के युवा फास्ट फूड से बचें : डा. चंचल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पुराना शहर स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र में कक्षा दशम के विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। आज के समय में खान-पान में बदलाव को लेकर बढ़ती बीमारियों से बच्चे कैसे स्वास्थ्य के प्रति सजग रह सकते हैं, इन मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई। संस्था के निदेशक सह सम्पूर्णानंद एजुकेशनल एन्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव डा.चंचल ने बताया कि आज का जीवन फास्ट फूड पर निर्भर हो गया है। जिससे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव देखने को मिल रहा है। युवा वर्ग अधिकतर इसी फास्ट फूड को पसंद कर रहे हैं। वे नियमित इसका सेवन कर रहें हैं जो आने वाले भविष्य के लिए खतरे का संकेत है। आज युवाओं में पथरी जैसे रोग पनप रहे हैं। मैदा से बने खाद्यपदार्थ का सेवन कर रहे हैं। बच्चों को इससे बचने की सलाह दी गई। निदेशक ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है जब तक हम स्वस्थ नही रहेगें तब तक किसी काम में रुचि नही आयेगी।




# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड का प्रसारण रविवार को शहर के रामराज्य नगर स्थित भाजपा नेता अरविंद सिंह के आवास पर सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में जनभागीदारी, सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण, मानवीय संवेदनाओं तथा राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका पर विशेष बल दिया। उन्होंने देशभर के प्रेरणादायक व्यक्तियों और सामुदायिक प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि सामान्य नागरिकों द्वारा किए जा रहे असाधारण कार्य विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं, महिलाओं, किसानों, विद्यार्थियों तथा सामाजिक संगठनों द्वारा किए जा रहे नवाचारों और सेवा कार्यों की सराहना की। गर्मी के मौसम का जिक्र करते हुए उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने, बुजुर्गों, बच्चों और श्रमिकों की विशेष देखभाल करने तथा पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी और सामूहिक संकल्प से संभव है। स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और सामाजिक सद्भाव को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का भी उन्होंने आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने युवाओं से नवाचार, कौशल विकास और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का छोटा-सा प्रयास भी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। कार्यक्रम के दौरान जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, सुनील सिंह, अमरेंद्र पांडेय, रामानुज पांडेय, राकेश कुमार देवता, अविनाश कुमार, टुना प्रसाद गुप्ता, कमल यादव, वीरेंद्र सिंह, अनिल सिंह, संजय राय, चंदन सिंह, जवाहर यादव, राजेश पांडेय, उपेंद्र सिंह, चंद्रकांत कुमार, कमलेश प्रसाद, अखिलेश राम सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि 'मन की बात' से समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिलता है तथा लोगों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है।



# मदनपुर में मनाई गई रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के हाजीपुर गांव में रविवार को आदर्श पाल कमिटी द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर सीतामढ़ी के सुरसंड विधानसभा के विधायक प्रो. नागेंद्र राउत उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विधायक ने रानी अहिल्याबाई होल्कर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासिका थीं, जिन्होंने धर्म, नीति, न्याय और सुशासन का आदर्श प्रस्तुत किया। उनका जीवन त्याग, साहस, करुणा और जनसेवा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने अपने शासनकाल में समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया तथा महिलाओं को सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश दिया। कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत है। आज आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों को अपनाकर समाज सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाएं। सभी ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर अमरेंद्र पाल, सच्चिदानंद पाल, रविरंजन पाल, ईश्वर पाल, केशव पाल, नागेंद्र पाल, महेश पाल, अंतु पाल, शंभू पाल, विवेक पाल सहित मौजूद रहे।



# सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**मदनपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मदनपुर थाना क्षेत्र में उमगा पहाड़ के समीप हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान बादम गांव निवासी 16 वर्षीय मुकेश कुमार एवं 17 वर्षीय सौरभ कुमार के रूप में की गई है। दोनों का इलाज सदर अस्पताल, औरंगाबाद में चल रहा है। घायल युवकों के साथ मौजूद उनके रिश्ते में चाचा सुनील सिंह भोक्ता ने बताया कि घटना की सूचना उन्हें स्थानीय लोगों से मिली। सूचना मिलने के बाद स्वजन मदनपुर अस्पताल पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मदनपुर ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में दोनों का इलाज किया जा रहा है। परिजनों के अनुसार दुर्घटना में दोनों युवकों को अंदरूनी चोटें आई हैं। घटना के बाद से दोनों युवक अर्धबेहोशी की स्थिति में थे। चिकित्सक उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के डाक-बंगला के समीप सड़क दुघर्टना में तीन लोग घायल हो गए। मोटरसाइकिल पर सवार घायल की पहचान नौआखाप गांव निवासी कृष्णा पासवान के 25 वर्षीय पुत्र मनोहर पासवान एवं इसी गांव के मोती पासवान के 27 वर्षीय पुत्र दिव्यांशु पासवान को हल्का फुल्का चोट लगी हुई है। तीसरे घायल की पहचान अक्षित कुमार यादव के रूप में हुई है। डॉ ललीत प्रसाद ने मनोहर पासवान को बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद रेफर कर दिया।

# एक नजर

## ट्रेन की चपेट में आने महिला घायल, रेफर

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन के पुरानी बैंक के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान गया जिले के गुरुआ थाना क्षेत्र के कठवारा गांव निवासी नागेंद्र यादव के 50 वर्षीया पत्नी शकुंतला देवी के रूप में की गई है। रफीगंज रेलवे पुलिस एवं स्थानीय पुलिस द्वारा घायल को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टर एके केसरी के द्वारा बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल रेफर कर दिया गया।

## कुर्की वारंटी को भेजा गया न्यायालय

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के पौथु पुलिस ने परिवार न्यायालय से निर्गत कुर्की वारंटी रामपुर परसिया गांव के बलिंद्र विश्वकर्मा के पुत्र अजीत कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि परिवार न्यायालय औरंगाबाद के भरण पोषण वाद संख्या 162/23 के कुर्की वारंटी है। यह बहुत दिनों से फरार चल रहा था। गांव में ही अपने घर आने की सूचना मिली। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बल का गठन कर इसके घर छापामारी की गई और घर से ही इसे गिरफ्तार कर लिया गया। थाना लाकर कागजी कार्रवाई पुरी कर अग्रेतर कारवाई हेतु न्यायालय भेज दिया गया।

## नवनिर्वाचित सशक्त स्थायी समिति सदस्यों का सम्मान

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रफीगंज नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों नुरूल होदा खान, राजेश कुमार एवं सुबोध कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि डॉ. गुलाम शाहिद, हरेंद्र कुमार, योगेंद्र कुमार यादव सहित अन्य लोगों ने माला एवं गुलदस्ता भेंट कर खुशी व्यक्त की। सशक्त स्थायी समिति के गठन को लेकर पिछले दो दिनों से नगर पंचायत में काफी गहमागहमी बनी हुई थी। नगर पंचायत की मुख्य पार्षद मिरिख दरखसा एवं उनके प्रतिनिधि डॉ. गुलाम शाहिद ने नगर पंचायत के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए 29 मई को सभी वार्ड पार्षदों के साथ बैठक की थी। बैठक में समिति के सदस्यों को निर्विरोध चुनने पर सहमति बनाने का प्रयास किया गया।

# जरूरत के अनुसार ही उर्वरक खरीदें : बीएओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** खरीफ वर्ष 2026 की शुरुआत के साथ ही किसानों के बीच उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर फैल रही अफवाहों पर विराम लगाते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी मौर्या ने कहा है कि रफीगंज प्रखंड में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। किसानों को घबराने या अनावश्यक भंडारण करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रखंड के विभिन्न उर्वरक प्रतिष्ठानों पर यूरिया के 27,610 बैग, डीएपी के 4,931 बैग, एनपीके के 6,329 बैग तथा एसएसपी के 13,870 बैग उपलब्ध हैं। किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार उर्वरकों की खरीद कर सकते हैं। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे केवल जरूरत के अनुसार ही उर्वरक खरीदें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि विभाग किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर है। अमृता कुमारी मौर्या ने किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की भी सलाह दी। उन्होंने बताया कि बाजार में पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों के अलावा नैनो यूरिया और नैनो डीएपी भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।




# सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति का निर्वाचन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया दाउदनगर के डीसीएलआर सह निर्वाची पदाधिकारी प्रणव कुमार एवं रफीगंज बीडीओ कुमार अश्विनी की उपस्थिति में संपन्न कराई गई। नगर पंचायत में कुल 16 वार्ड पार्षद हैं। सशक्त स्थायी समिति के तीन पदों के लिए चुनाव निर्धारित था। निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि तीनों पदों के लिए नुरूल होदा खान, राजेश कुमार तथा सुबोध कुमार ने नामांकन दाखिल किया। प्रत्येक पद के लिए केवल एक-एक अभ्यर्थी के नामांकन होने के कारण सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। निर्वाचन के उपरांत निर्वाची पदाधिकारी द्वारा सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया तथा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, सहकारिता पदाधिकारी अरुण कुमार, सहायक मुकुल कुमार, राकेश रंजन सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। निर्वाचन संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी गई।



# विश्व तंबाकू निषेध दिवस : तंबाकू उत्पादों के सेवन का करें बहिष्कार

- तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने की दिलाई गई शपथ
- तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देने की कही गई बात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के एडीआर भवन के प्रांगण मे राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत की अध्यक्षता में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला न्यायमंडल के न्यायाधीश, विद्वान अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मी, एलएडीसी के सदस्य, अधिकार मित्र (पीएलभी) सभी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। शपथ कार्यक्रम के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने कहा कि आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर हम सभी को यह शपथ लेना है कि हम सभी किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन नही करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने परिवार, परिजन अपने आसपास के लोगो को भी तंबाकू के सेवन नहीं करने की शपथ दिलानी होगी एवं उन्हें जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को न्यायालय परिसर को तंबाकू मुक्त रखने होगा। उन्होंने कहा कि हमसभी को जो भी लोग हमारे आसपास तंबाकू का सेवन कर रहे हैं उन लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में बताना होगा। कि किस प्रकार तंबाकू हमारे जीवन को प्रभावित करता है। तंबाकू के सेवन से मुंह का कैंसर भी होता है और यह हमारे स्वास्थ्य को हमारे मन मस्तिष्क को प्रभावित कर हमें बीमार बना देता है इसलिए मैं आप सभी अपील करता हूं, कि आप भी अपने आसपास के लोगों को तंबाकू सेवन नहीं करने के प्रति जागरूक करें। वही इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अवर न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्य ने कहा कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत की अध्यक्षता मे हम सभी ने तंबाकू के सेवन नहीं करने की शपथ ली है। मैं बेगूसराय न्यायालय कर्मियों, विद्वान अधिवक्तागण अधिकार मित्रों, साथ ही साथ जिलेवासियों से अपील करता हूं कि तंबाकू का सेवन नहीं करे एवं आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस के शुभ अवसर पर यह शपथ ले कि आज से तंबाकू का सेवन नहीं करगे। उन्होंने कहा कि आज हम सबके लिए यह प्रेरणा का दिन है कि हम अपने आप को अपने समाज को तंबाकू से मुक्त करें। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं तंबाकू हमारे लिए कितना नुकसान दायक है। यह हमे मानसिक आर्थिक और शारीरिक रूप से कमजोर बनाता है। इसके सेवन से हमें कैंसर होने की संभावना प्रबल रहती है। और यदि कैंसर हो गया तो पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। इसलिए हमसभी को आज तंबाकू सेवा नहीं करने की शपथ लेनी चाहिए । साथी ही साथ अपने आसपास के लोगों को भी तंबाकू के सेवन नहीं करने की शपथ दिलानी चाहिए इससे हम सभी एक स्वस्थ समाज और एक स्वस्थ और तंबाकू मुक्त समाज का निर्माण कर सकेंगे। उन्होंने न्यायालय परिसर शाहिद अपने आसपास तंबाकू मुक्त रखने की अपील की। मौके पर जिला एवं अपराध न्यायाधीश प्रथम संजय कुमार सिंह पोक्सो न्यायालय की स्पेशल जज दिव्या शहर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री राम झा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कविता कुमारी अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम विवेक चंद्र वर्मा व्यवहार न्यायालय के बाद बाबू विनोद कुमार हेड रिश्तेदार पंकज कुमार बबलू कुमार अभिनव कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सहायक इंद्रसेन शर्मा उदय कुमार संगम मिश्रा शशि कुमार सौरभ कुमार आलोक शैलेश कुमार रूबी कुमारी अरविंद कुमार सुजीत कुमार विवेक कुमार सहित सभी न्यायालय कर्मी उपस्थित थे।

# विश्व तम्बाकू दिवस पर आइएमए ने चलाया जागरूकता अभियान

## रैली के माध्यम से लोगों ने किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के तत्वावधान में मटिहानी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नयागांव सिंहपुर में रविवार को भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशाल जागरूकता रैली के साथ हुई। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से पूरे नयागांव क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को तंबाकू और धूम्रपान के जानलेवा दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया गया। हाथों में तंबाकू विरोधी नारे लिखी तख्तियां लिए बच्चे ग्रामीणों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित कर रहे थे। रैली के समापन के बाद विद्यालय परिसर में एक जन-सभा आयोजित की गई, जिसे संबोधित करते हुए आईएमए बेगूसराय के अध्यक्ष डॉ एके राय ने कहा कि तंबाकू न केवल व्यक्ति के शरीर को खोखला करता है। बल्कि यह पूरे परिवार की आर्थिक और मानसिक स्थिति को भी बर्बाद कर देता है। उन्होंने बताया कि कैंसर, हृदय रोग और फ़ेफड़ों की गंभीर बीमारियों का सबसे बड़ा कारण तंबाकू का सेवन ही है। सचिव डॉ. पंकज कुमार सिंह ने युवाओं पर बढ़ते नशे के प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाना होगा। उन्होंने अपील की कि लोग संकल्प लें कि वे स्वयं तंबाकू छोड़ेंगे और अपने आसपास के वातावरण को भी नशामुक्त बनाएंगे। वहीं डॉ. रूपरेखा ने तंबाकू के कारण महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव कुमार और उप मुखिया नितेश कुमार ने आईएमए की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के अभियानों से लोगों की सोच में बदलाव आएगा। इस अवसर पर ग्रामीण अभिभावक मनीष कुमार, शिक्षिका संयुक्त कुमारी, कांता कुमारी, शिक्षक राम पोद्दार सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। आईएमए के पदाधिकारियों ने जोर देकर कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक नशा मुक्ति का संदेश पहुँचाना है ताकि एक स्वस्थ बेगूसराय का निर्माण हो सके।

# स्वच्छता आदत नहीं जिम्मेदार और स्वस्थ जीवनशैली का है आधार : परियोजना प्रमुख




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** एनटीपीसी बरौनी में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन 16 से 31 मई तक किया गया जिसका समापन रविवार को हुआ। पखवाड़े के दौरान परियोजना परिसर, टाउनशिप एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता एवं सफाई अभियान आयोजित किए गए। समापन के अवसर पर परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार और स्वस्थ जीवनशैली का आधार है। उन्होंने सभी से अपने घर, कार्यस्थल तथा आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने सभी से अपील की कि वे भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और इस मुहिम को जन आंदोलन बनाएं। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए निबंध लेखन और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जबकि टाउनशिप के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन गतिविधियों का उद्देश्य विभिन्न आयु वर्गों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा रचनात्मक माध्यमों से स्वच्छता के संदेश का प्रसार करना था। इसके अतिरिक्त, हाउसकीपिंग कर्मियों के लिए स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी उपयोगी जानकारी देने के उद्देश्य से एक संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। वहीं, टाउनशिप निवासियों के बीच सिंगल यूज़ प्लास्टिक के प्रयोग से बचने के लिए भी एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें इसके दुष्परिणामों की जानकारी दी गई और वैकल्पिक उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। पूरे पखवाड़े के दौरान आयोजित गतिविधियों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने तथा स्वच्छ वातावरण के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर समाज के निर्माण में निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया।

# स्वच्छ एवं सुंदर बनेगा नगर निगम कटिहार

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर निगम की सशक्त स्थाई समिति के चुनाव में पूर्व उपमुख्यमंत्री ने तारकिशोर प्रसाद को नवनिर्वाचित सदस्यों विपिन बिहारी चौबे, प्रमोद महतो, नितेश कुमार सिंह, आलोक वर्मा एवं सलीम अंसारी को शॉल एवं पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया। तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि सशक्त स्थाई समिति के नवनिर्वाचित सदस्य कटिहार के विकास तथा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए बेहतर निर्णय लेंगे। बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 के तहत यह समिति स्थानीय नगर निकाय का मजबूत स्तंभ है। शहर के विकास की दशा तय करना उनकी जिम्मेदारी है। पक्ष विपक्ष भूल कर सिर्फ कटिहार के विकास के लिए आगे आए।

# फॉरच्यून ग्लोबल 500 में 127 वें स्थान पर है बरौनी रिफाइनरी : सत्य प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी राष्ट्र को ईंधन आपूर्ति के प्रति प्रतिबद्ध है तथा स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों के निर्माण की दिशा में भी अग्रसर है। कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश ने बताया कि इंडियन ऑयल सतत विकास की दिशा में नेट ज़ीरो 2046 लक्ष्य की ओर सार्थक कदम उठा रहा है। श्री प्रकाश ने कहा कि बरौनी रिफाइनरी ने हरित विकल्पों पर ध्यान केंद्रित किया है। जैसे कि सौर ऊर्जा रूफटॉप की स्थापना। हाल ही में सबस्टेशन 44 पर 140 केवीपी रूफटॉप सोलर पीवी सिस्टम का सफलतापूर्वक कमीशनिंग किया गया है। इसके साथ ही रिफाइनरी की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 2.57 मेगावॉट से बढ़कर 2.71 मेगावॉट हो गई है। इस उपलब्धि से प्रतिवर्ष लगभग आरएस 24 लाख की ऊर्जा बचत होगी तथा 1.5 लाख किलोग्राम को 2 उत्सर्जन में कमी आएगी। प्रसंस्करण प्रबन्धक नेहा कुमारी ने प्रस्तुति के माध्यम से वर्ष 2025-26 की तकनीकी उपलब्धियों और बरौनी रिफाइनरी द्वारा अर्जित पुरस्कारों का विवरण साझा किया। रिफाइनरी को गर्व है कि वह फॉर्च्यून ग्लोबल 500 में 127 वें स्थान पर है। इस वित्तीय वर्ष में रिफाइनरी ने 94.2 ए़ी, 231 टीएमटी एटीएफ उत्पादन और 325.2 टीएमटी एबीएमएस उत्पादन हासिल किया।मुख्य प्रबंधक (ईएमएस, सीएसआर) नीरज कुमार, ने समाज कल्याण हेतु किए गए कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्वों की जानकारी दी। जहाँ बरौनी रिफाइनरी ने सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय पहल में भी उल्लेखनीय कार्य किए। हाल में ही बरौनी रिफाइनरी ने क्षय रोग निदान हेतु जिला टीबी केंद्र को ट्रूनत मशीनें सौंपी। अपनी तीव्र और अत्यधिक सटीक निदान तकनीक के लिए जानी जाने वाली ये अत्याधुनिक मशीनें, क्षय रोग की शीघ्र पहचान और प्रभावी प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इसके अलावा बरौनी रिफाइनरी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में स्माइल्स वी स्प्रेड पहल के माध्यम से 10 से 14 साल की लगभग 100 बच्चियों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी को आसान बनाने और पूरी तरह से आगे बढ़ने के लिए उन्हें स्वच्छता किट, स्पोर्ट्स किट, दैनिक जीवन के समान, स्टडी किट और स्कूल बैग उपहार में दिए।इनडोर गेम्स जैसे लूडो, शतरंज और कैरम के अलावे आउटडोर गेम्स जैसे बास्केटबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट बैट और बैडमिंटन रैकेट भी उपहारों में शामिल थे। ये संसाधन बच्चियों को सक्रिय रहने, आत्मविश्वास बढ़ाने और पढ़ाई व खेल के बीच एक स्वस्थ संतुलन बनाने के अवसर प्रदान करेंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामुदायिक विकास में रिफाइनरी ने स्थानीय समाज को सशक्त बनाने में सदैव योगदान दिया है। प्रेस वार्ता जैसे आयोजनों के माध्यम से बरौनी रिफाइनरी ने मीडिया और जनता के बीच विश्वास एवं संबंधों को और मजबूत करने का संकल्प लिया है तथा समाज की सेवा में निरंतर तत्पर रहने के लिए प्रतिबद्ध है। बरौनी रिफाइनरी ने वर्ष की पहली प्रेस वार्ता का आयोजन शनिवार को ऑफिसर्स क्लब में किया। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश ने की। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, विभिन्न मीडिया जगत के ब्यूरो प्रमुख, छायाकार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# नप सशक्त समिति का चुनाव सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** नगर परिषद के सशक्त स्थायी समिति का चुनाव शनिवार को निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ तरनिजा के उपस्थिति में हुआ। चुनाव में 28 सदस्यों ने हिस्सा लिया।चुनाव तीन ग्रुप में हुए जिस सभी ग्रुप में दो-दो प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सर्व सम्मति नही बनने पर मतदान कराया गया। मतदान के बाद मतगणना हुआ। जिसमें अविनाश कुमार ने सादां परवीन को चार मतों से हराया। वही करण कुमार ने संगिता देवी को चार मतों से हराया। वही अमित कुमार ने दे० कुमार को एक मत से हराया। सभी बिजयी प्रत्याशी को निर्वाचित प्रमाणपत्र के साथ शपथ ग्रहण कराया गया। उसके बाद बाहर बिजयी प्रत्याशी के समर्थकों ने माला पहनाकर स्वागत के साथ जमकर आतिशबाजी किया। निर्वाचन कार्य मे जिला सहायक आपूर्ति पदाधिकारी लोकेश नाथ, बलिया बीडीओ सन्नी कुमार, साहेबपुरकमाल बीडीओ रवि सिन्हा, बीपीआरओ सहित पुलिस बल तैनात दिखे। डीएसपी सुबोध कुमार भी पुलिस बल के साथ जायजा लिया।

# श्रावणी मेला का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें तैयारी : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भागलपुर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में भागलपुर समाहरणालय परिसर स्थित समीक्षा भवन में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला-की तैयारी एवं अन्य विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी, मुंगेर के जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पानिकर एवं बांका के जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री को श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जानेवाली आवश्यक सुविधाओं एवं पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष श्रावणी मेला क्षेत्र में नियमित साफ सफाई एवं स्वच्छता, मेला स्टॉल बंदोबस्ती, पेयजल, सड़क चौड़ीकरण एवं मरम्मती कार्य, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, चिकित्सा एवं एंबुलेंस व्यवस्था, खाद्य सामग्री की उपलब्धता एवं दर नियंत्रण, सुरक्षा तथा निगरानी व्यवस्था, आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं संचार व्यवस्था, बैरिकेडिंग, आपातकालीन तैयारी, टेंट सिटी/आवासन व्यवस्था, वन सुरक्षा एवं संरक्षण गतिविधियां, यात्री परिवहन व्यवस्था, सूचना एवं प्रसारण कार्य आदि के अलावा नवाचार-2026 के तहत श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं (कांवरियों) की सुविधा के लिए स्विस कॉटेज व्यवस्था का प्रस्ताव, कृष्णगढ़ चौक से मस्जिद की तरफ जानेवाली पोखर का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्गीकरण, नए गेस्ट हाउस की व्यवस्था का प्रस्ताव, म्यूजिकल फाउंटेन का अधिष्ठापन आदि के संबंध में तैयारी की पूरी जानकारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर पहलू को ध्यान में रखते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से श्रावणी मेला-2026 की तैयारी पूर्ण करें। श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# मन की बात : पीएम ने भागलपुर के जर्दालु आम का किया जिक्र

## बढ़ेगी वैश्विक पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भागलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में एक बार फिर भागलपुर के प्रसिद्ध जर्दालु आम का जिक्र कर इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने महाराष्ट्र के हापुस (अल्फांसो), गुजरात के केसर, उत्तर प्रदेश के दशहरी और लंगड़ा आम के साथ बिहार के जर्दालु, चौसा और मालदा आम का उल्लेख किया। पीएम ने कहा कि भारत में आम केवल एक फल नहीं, बल्कि लोगों की भावनाओं, परंपराओं और यादों से जुड़ा हुआ है। देश के अलग-अलग क्षेत्रों में उगने वाली आम की विभिन्न प्रजातियां अपनी विशिष्ट पहचान रखती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय आम अब गांवों और बागानों से निकलकर वैश्विक बाजारों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' में जर्दालु आम का यह दूसरा उल्लेख है। इससे पहले भी वह इस खास आम की गुणवत्ता और लोकप्रियता का जिक्र कर चुके हैं। प्रधानमंत्री के बयान के बाद भागलपुर और आसपास के आम उत्पादक किसानों में खुशी का माहौल है।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजी जाती है जर्दालु की सौगात

भागलपुर का जर्दालु आम वर्षों से अपनी खास मिठास और सुगंध के कारण देश के सर्वोच्च पदों तक पहुंचता रहा है। वर्ष 2006 से बिहार सरकार और जिला प्रशासन की ओर से हर साल राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य विशिष्ट अतिथियों को जर्दालु आम की विशेष खेप भेजी जाती है। इस वर्ष भी दो जून को जर्दालु आम की सौगात राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री कार्यालय और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को भेजी जाएगी। मैंगो मैन' के नाम से प्रसिद्ध अशोक चौधरी ने बताया कि रविवार से आम तोड़ने का कार्य शुरू हो गया है। आमों को पहले पटना के बिहाटा स्थित पैक हाउस भेजा जाएगा। वहां गुणवत्ता जांच और पैकेजिंग के बाद बिहार भवन के माध्यम से विशेष पैकेट विभिन्न स्थानों पर भेजे जाएंगे। जर्दालु आम को वैश्विक स्तर पर और अधिक पहचान दिलाने के लिए केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 में भागलपुर हवाई अड्डा परिसर में जर्दालु आम के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की घोषणा की थी। इस परियोजना पर तेजी से काम आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार इसके लिए राशि जारी कर चुकी है और भागलपुर के शाहकुंड क्षेत्र में भूमि भी चिह्नित कर ली गई है। अधिकारियों का कहना है कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनने के बाद जर्दालु आम के उत्पादन, अनुसंधान, प्रसंस्करण और निर्यात को नई दिशा मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह केंद्र किसानों को आधुनिक तकनीक, बेहतर पौध सामग्री और अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में भी मददगार साबित होगा। आत्मा के उप परियोजना निदेशक प्रभात कुमार सिंह के अनुसार भागलपुर का जर्दालु आम अपनी विशिष्ट खुशबू, शहद जैसी मिठास और कम रेशे के कारण देश-दुनिया में अलग पहचान रखता है। यही वजह है कि इसे 'उत्तर भारत का अल्फांसो' भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि पकने के बाद इस आम का रंग आकर्षक पीला हो जाता है। इसका औसत वजन 186 से 265 ग्राम के बीच होता है और इसमें लगभग 16.33 प्रतिशत शुगर पायी जाती है। स्वाद के साथ-साथ यह सुपाच्य भी होता है तथा इसमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले गुण मौजूद हैं। जर्दालु आम की सबसे बड़ी विशेषता इसकी प्राकृतिक सुगंध है, जो इसे अन्य आमों से अलग बनाती है। इसी कारण देश और विदेश के बाजारों में इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। अपनी विशिष्ट गुणवत्ता के कारण वर्ष 2018 में जर्दालु आम को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्राप्त हुआ था।

# स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में असंतोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखण्ड क्षेत्र में विधानसभा चुनाव से पूर्व बिजली विभाग द्वारा घर-घर स्मार्ट मीटर लगाने का विशेष अभियान चलाया गया था। इस अभियान के तहत नावकोठी प्रखंड के कई मध्यम वर्गीय एवं गरीब परिवारों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए। हालांकि चुनाव के बाद यह अभियान लगभग ठप पड़ गया, जिसके कारण प्रखंड के अधिकांश घरों में अब भी पुराने मीटर ही लगे हुए हैं। इस स्थिति को लेकर स्मार्ट मीटर लगे उपभोक्ताओं में असंतोष बढ़ता जा रहा है। स्मार्ट मीटर का उपयोग कर रहे उपभोक्ताओं का कहना है कि उनके बिजली बिल में पहले की तुलना में वृद्धि हुई है। उनका आरोप है कि सामान्य मीटर के समय बिजली बिल एक सीमित दायरे में आता था, जबकि स्मार्ट मीटर लगने के बाद खर्च बढ़ गया है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का यह भी कहना है कि जब सरकार ने स्मार्ट मीटर योजना शुरू की है तो इसे सभी उपभोक्ताओं पर समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। केवल कुछ घरों में स्मार्ट मीटर और बाकी घरों में पुराने मीटर रहने से उपभोक्ताओं के बीच असमानता की स्थिति बन रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर विभाग के कनीय अभियंता ने बताया कि उच्च स्तर से कोई नया निर्देश प्राप्त नहीं होने के कारण फिलहाल घर-घर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य नहीं हो पा रहा है। साथ ही साथ बता दें कि बीपीएल उपभोक्ताओं के लिए तत्काल स्मार्ट मीटर लगाना बंद है। उन्होंने कहा कि विभाग को जैसे ही आवश्यक कोई निर्देश प्राप्त होंते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं का कहना है कि प्रखंड के कुछ क्षेत्रों डुमरिया, पीरनगर, ररिऔना, गम्हरिया, जीतपुर, करैयटार, हसनपुर बागर पंचायत के कुछ क्षेत्र, ईसफा जैसे-जैसे छोटे गांव में गरीब एवं मध्यम वर्गीय लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगा दिया गया है। शेष प्रखंड के सभी क्षेत्रों में सामान्य मीटर पर ही विद्युत दिया जा रहा है।

# डीएलएसए में सैकड़ों अधिकार मित्रों की होगी बहाली

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा अधिकार मित्र सह पीएलवी के 100 पदों पर बहाली होगी। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक एवं कंप्यूटर संबंधित ज्ञान अनिवार्य रखा गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्य ने बताया कि जिले में आर्थिक रूप से कमजोर एवं गरीब शोषित समाज वर्ग से ताल्लूक रखने वाले लोगों को विधिक सहायता प्रदान करने लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार में 100 रिक्तियों पर अधिकार मित्र सह पीएलवी की बहाली निकाली गई। जो भी उम्मीदवार इस पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं वह डाक या सीधे तौर पर व्यवहार न्यायालय स्थित एडीआर भवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में 10 जून 2026 तक आवेदन दे सकते हैं।

# वंचित समाज के बीच जागरूकता की हो विशेष पहल : पांडा

**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गिद्धा सामुदायिक भवन में 'नई आशा' द्वारा संचालित 'सेतु केंद्र' पर आज प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र कुमार पांडा द्वारा बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री, फल एवं बिस्कुट आदि का वितरण किया गया। श्री पंडा आज अपने जन्मदिन पर महादलित बच्चों के बीच उपरोक्त सामग्री का वितरण करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से देश की आजादी के बावजूद एक समाज का बहुत पीछे छूट जाना हम सबके लिए सोचनीय है। उन्होंने कहा कि इस समाज के बीच विशेष जागरूकता की आवश्यकता है। श्री पांडा ने इन बच्चों की शिक्षा एवं महादलित टोला का विकास हेतु अपने स्तर से हर संभव प्रयास की बातें कहीं। इस अवसर पर युवा अधिवक्ता शक्ति गायत्री पांडा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग पढ़िए, आगे बढ़िए। शिक्षा से सब कुछ संभव है।

# चौपारण को मिली विकास की बड़ी सौगात

## सांसद-विधायक ने दस करोड़ की छह योजनाओं का किया शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चौपारण (हजारीबाग)।** चौपारण प्रखंड में विकास कार्यों को नई रफ्तार देते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रूप से करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली छह महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास किया। विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में दोनों जनप्रतिनिधियों का ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। शिलान्यास के बाद क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सांसद और विधायक की यह जोड़ी मिलकर चौपारण सहित पूरे क्षेत्र में विकास की गति को दोगुनी रफ्तार देने का काम करेगी। वहीं विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है और क्षेत्र की लंबित मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास जारी है।

### इन योजनाओं की रखी गई आधारशिला

शिलान्यास की गई योजनाओं में एनएच-2 स्थित कर्बला चौक से केवला होते हुए बेला तक 3 किलोमीटर सड़क सुदृढ़ीकरण, आईयो रोड स्थित गोपाल सिंह के घर से चक-बाराडीह होते हुए नगवां तक 2.5 किलोमीटर सड़क निर्माण, पीडब्ल्यूडी रोड हथिया से जामुनचक तक 2.5 किलोमीटर सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल हैं। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय चपरीकलां में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए चार अतिरिक्त कमरों का निर्माण तथा ग्राम दादपुर में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया।

### बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीण और जनप्रतिनिधि

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान, सहदेव प्रसाद यादव, आशीष सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, मुखिया संतोष सिंह, जानकी यादव, पूजा कुमारी, गंदौरी दांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रेवाशंकर साव, भाजपा नेता अरविंद सिन्हा, गजाधर प्रसाद, विकास यादव, देवल यादव, सुमन सिंह, रामचंद्र सिंह, समिति सदस्य विजय मधेसिया, जनमजेय सिंह, सतेंद्र सिंह, बबलू खान, नौशाद खान, विनोद साव, राजेंद्र भगत, कैलाश पांडेय, राकेश पांडेय, सियाराम सिंह, दिलीप सिंह, जितेंद्र सिंह और रामप्रसाद भुइयां सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बड़की होरहोरी नदी पर बनेगा उच्च स्तरीय पुल

### वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सिरमा पंचायत अंतर्गत चोरका और पड़रिया गांव के बीच शिव मंदिर के समीप बड़की होरहोरी नदी पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया। नारियल फोड़कर एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ निर्माण कार्य की शुरुआत की गई।



शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यह पुल क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। पुल बनने से चोरका, पड़रिया समेत आसपास के कई गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी सहूलियत मिलेगी। विशेषकर बरसात के मौसम में नदी पार करने की समस्या से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि तथा व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। विधायक ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पुल-पुलिया, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने की दिशा में उनकी प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहेगी। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि पूनम साव, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य भोला महतो, संदीप कुशवाह, भाजपा प्रखंड महामंत्री नरसिंह प्रसाद, अवध किशोर कुमार, धर्मनाथ महतो, संजय विश्वकर्मा, महादेव साव, लालजी महतो, मुंशी महतो, गंगाधर लोहार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं गणमान्य लोग मौजूद थे। समारोह में ग्रामीणों ने पुल निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पाकुड़।** जिले की पुलिस ने हत्या के एक मामले में दो लोगो को गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ़्तारी लिट्टीपाड़ा प्रखंड के बड़ा चटकम गाँव से की गयी है. दो हत्यारोपियों की गिरफ़्तारी की जानकारी एसपी अनुदीप सिंह ने दी। एसपी ने बताया कि सिमलौंग आउटपोस्ट की पुलिस को बीते 28 मई को यह सूचना मिली थी कि बड़ा चटकम गांव के निकट जंगल में एक सड़ा गला शव पड़ा है और मिली इसी सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ कांड संख्या 27/26 अंकित करते छानबीन शुरू की। शव की पहचान गोड्डा जिले के राजाभिटा गाँव के 35 वर्षीय सुनील पहाड़िया के रूप में की गयी। एसपी ने बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी में शामिल पुलिस अधिकारियो ने अनुसंधान शुरू किया. अनुसन्धान के क्रम में मिली सुचना पर जालिया पहाड़िया एवं धर्मा पहाड़िया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। एसपी ने बताया कि पूछताछ में धराये दोनों ने बताया कि सुनील पहाड़िया ने एक महिला से अपशब्द का प्रयोग किया था और इसी को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ और विवाद इतना बढ़ गया कि सुनील की पत्थर से कुचकर कर हत्या कर शव को घने जंगल में फ़ेक दिया गया। एसपी ने बताया कि घटना में प्रयुक्त पत्थर को भी जब्त किया गया और एफएसएल में भेज दिया गया है।

# एक्शन : पुराना जेल के पीछे 45 अवैध दुकानों पर चला बुलडोजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के अभियान के तहत शनिवार को गिरिडीह नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुराना जेल के पीछे अवैध रूप से संचालित 45 दुकानों को ध्वस्त कर दिया। नगर निगम की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से दुकानों को हटाया और मलबा साफ करने का कार्य शुरू किया। मजिस्ट्रेट विनोद कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम सुबह करीब 10 बजे मौके पर पहुंची। कार्रवाई शुरू करने से पहले पूरे क्षेत्र की घेराबंदी की गई, जिसके बाद एक-एक कर सभी चिन्हित दुकानों को तोड़ा गया। अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई दोपहर करीब 2 बजे तक चली अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर थाना और ट्रैफिक पुलिस के जवानों की



तैनाती की गई थी। मौके पर सहायक नगर आयुक्त अशोक हांसदा, सिटी मैनेजर मंजूर आलम, वसीम फिरोज, अभिषेक कुमार, रवि कुमार, अर्जुन महथा, अमित कुमार, आकाश सिंह और शिवम कुमार सहित नगर निगम के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्रवाई के बाद प्रभावित दुकानदारों में नाराजगी और मायूसी देखी गई। कई दुकानदारों ने कहा कि वे वर्षों से यहां दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे और अब उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने नगर निगम से वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की वहीं नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा। निगम ने कहा कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चिन्हित अवैध अतिक्रमण के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी तथा लोगों से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण नहीं करने की अपील की गई है।

# प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण को लेकर अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद की बैठक

### 9 से 14 जून तक होगा प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर के झंडा मैदान के निकट स्थित विवाह भवन में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री रविशंकर पांडे तथा धनबाद विभाग अध्यक्ष रितेश पांडे उपस्थित रहे। बैठक में आगामी वीर हिन्दू विजेता हिन्दू राष्ट्रीय बजरंग दल प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जानकारी दी गई कि यह प्रशिक्षण वर्ग झारखंड के दुमका में 9 जून से 14 जून तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में गिरिडीह जिले से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर संगठन के विस्तार के तहत कुछ महत्वपूर्ण दायित्वों की घोषणा भी की गई। अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष पद पर विकास गुप्ता तथा ओजस्विनी नगर उपाध्यक्ष पद पर पलक सिन्हा को मनोनीत किया गया बैठक में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला महामंत्री पंकज पांडेय, जिला कार्यकारी अध्यक्ष विजयमल पांडे, जिला मंत्री कुंदन केसरी, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष गौरव कुमार अंशु, उपाध्यक्ष सुजीत सिंह, मंत्री शुभम झा, राष्ट्रीय महिला परिषद की जिला अध्यक्ष पूनम सिन्हा, हिन्दू हेल्पलाइन के जिला अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता, श्री परिवार के अध्यक्ष रौनक मिश्रा सहित ओजस्विनी नगर की खुशी चंद्रवंशी, कोमल चंद्रवंशी, रिनी चंद्रवंशी एवं पावनी चंद्रवंशी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झालसा, रांची के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के आदेशानुसार एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह (प्रभार) के नेतृत्व में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैरा लीगल वॉलंटियर्स द्वारा आमजनों को तंबाकू एवं धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्य देशों द्वारा वर्ष 1987 में पारित प्रस्ताव के आधार पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी। वर्तमान में प्रत्येक वर्ष 31 मई को यह दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य तंबाकू सेवन से होने वाली स्वास्थ्य




संबंधी हानियों के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा इसके उपयोग को कम करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाना है। जागरूकता कार्यक्रम में तंबाकू नियंत्रण कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन से होने वाले रोगों, विशेष रूप से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार तंबाकू सेवन करने वाले व्यक्तियों में मुंह के कैंसर का खतरा सामान्य लोगों की तुलना में कई गुना अधिक होता है। तंबाकू में ऐसे अनेक हानिकारक तत्व पाए जाते हैं जो कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को तंबाकू एवं धूम्रपान से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के सभी सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न विधिक सहायता केंद्रों में भी तंबाकू निषेध एवं धूम्रपान विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जमालपुर वर्कशॉप में आज होगा जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** तंबाकू सेवन के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कारखाना जमालपुर में सोमवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस (वर्ल्ड नो टोबैको डे) के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगा, जिसमें जागरूकता शिविर, नुक्कड़ नाटक, स्वास्थ्य परामर्श, सांस्कृतिक प्रस्तुति तथा जनजागरण अभियान आयोजित किए जाएंगे। इधर, वर्ल्ड नो टोबैको डे सह जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्व रेलवे कोलकाता के एसीएमडी डॉ. पीएस. मित्रा रविवार को जमालपुर पहुंच गए। उनके आगमन पर एसीएमएस डॉ. जेके प्रसाद और डॉ. देवेंदू दास सहित अन्य ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। पूर्व रेलवे अस्पताल जमालपुर के एसीएमएस डॉ. जेके प्रसाद ने बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस प्रत्येक वर्ष 31 मई को मनाया जाता है, लेकिन इस वर्ष 31 मई रविवार होने और कारखाना बंद रहने के कारण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तंबाकू और धूम्रपान से होने वाली गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि जागरूकता शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक तंबाकू सेवन से होने वाले कैंसर, हृदय रोग, फ़ेफड़ों की बीमारी, श्वसन संबंधी समस्याओं और अन्य घातक रोगों की विस्तृत जानकारी देंगे। साथ ही लोगों को तंबाकू की लत छोड़ने के उपाय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# डॉ. सुनील कुमार बर्णवाल के नेतृत्व में भारत ने हासिल की बड़ी डिजिटल स्वास्थ्य उपलब्धि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खनि विद्यापीठ), धनबाद के पूर्व छात्र डॉ. सुनील कुमार बर्नवाल के नेतृत्व में भारत ने डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में कार्यरत डॉ. बर्नवाल के नेतृत्व में देश में आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) की संख्या 90 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है।

यह उपलब्धि भारत को दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल और इंटरऑपरेबल स्वास्थ्य तंत्रों में से एक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। एबीएचए के माध्यम से नागरिकों को एक विशिष्ट डिजिटल हेल्थ आईडी मिलती है, जिसके जरिए वे अपनी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को सुरक्षित तरीके से संग्रहीत और साझा कर सकते हैं।

इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए पैन आईआईटी एलुमनाई इंडिया के महासचिव, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद एलुमनाई एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष तथा मार्श इंडिया के चीफ स्ट्रेटेजी ऑफिसर अशोक कुमार ने कहा कि यह उदाहरण दिखाता है कि तकनीक और सार्वजनिक नीति मिलकर किस तरह राष्ट्रीय स्तर की चुनौतियों का समाधान कर सकती हैं।

उन्होंने कहा कि आधार, यूपीआई और डिजीलॉकर के बाद एबीएचए भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की अगली बड़ी सफलता है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड की सुविधा से मरीजों को बेहतर उपचार मिलेगा, अनावश्यक जांचों में कमी आएगी और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी।

अशोक कुमार ने कहा कि डॉ. सुनील कुमार बर्नवाल जैसे आईआईटी (आईएसएम) के पूर्व छात्र देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं और उनकी यह उपलब्धि संस्थान के लिए गर्व का विषय है।

आईआईटी (आईएसएम) धनबाद डॉ. सुनील कुमार बर्नवाल को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देता है। संस्थान को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में भारत का डिजिटल स्वास्थ्य मिशन आने वाले वर्षों में और अधिक प्रभावशाली परिणाम देगा तथा करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सड़क निर्माण को लेकर शहरवासियों ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** नगर परिषद क्षेत्र के नया टोला केशोपुर जहांगीरा वार्ड नंबर 35 में सड़क निर्माण अधिकारियों की मनमानी के कारण 3 महीने से आधार में लटके होने के कारण शहर वासियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया है। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता मनीष मंडल ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य विगत 3 महीने से अधिक हो जाने के उपरांत भी अधिकारियों की मनमानी और समस्या को जल्द नहीं निबटाने कि प्रवृत्ति के कारण अधर में लटका हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह दलित बस्ती में सड़क निर्माण कार्य हो रहा है इसलिए अधिकारियों ने जान बुझ कर जाँच के नाम पर अभी तक लटका रखा हैं। श्री मंडल नहीं अभी बताया कि उपरोक्त सड़क इस क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि सड़क का इस्तेमाल विद्यार्थी हो या कामकाजी लोग या



फिर रेल कर्मी ज्यादा करते हैं। सड़क निर्माण अधूरा एवं इस लाल मिट्टी गेरुआ बिछाए जाने से उड़ने वाले धूल कण से राजगीर सहित आसपास के घर के लोग परेशान हैं। यहां तक की सुबह शाम बुजुर्ग एवं महिला अब इस रोड का इस्तेमाल करने से भी परहेज कर रहे हैं क्योंकि रोड से उड़ रहे बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। इधर शंभू पासवान ने बताया कि अधूरा परे सड़क निर्माण कार्य जल्द ही शुरू नहीं हुआ तो मजबूर होकर जनता सड़क पर उत्तर सकते हैं। मौके पर रामदेव पासवान, आकाश कुमार, छोटू पासवान ,राजा पासवान, रवीश रेमो,अरविंद कुमार ,प्रदीप कुमार, मनु पासवान , अमृत कुमार, अभय पासवान, रीना देवी ,मंजू देवी,रानी देवी, बबीता देवी,सुनीता देवी, रूबी देवी, आशा देवी ,किरण देवी, प्रभा देवी सहित कई मौजूद थे।

# ललन कुमार बदल रहे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर

### घर-घर पहुंच रही पशुपालन की आधुनिक तकनीक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पदमा (हजारीबाग)।** ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को लाभकारी और आधुनिक बनाने की दिशा में एआई मैत्री कार्यकर्ता ललन कुमार उर्फ लालू यादव महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सरकार की एआई मैत्री योजना के तहत प्रशिक्षित ललन कुमार गांव-गांव पहुंचकर पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान (एआई) की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे पशुओं की नस्ल में सुधार के साथ दूध उत्पादन और पशुपालकों की आय में भी वृद्धि हो रही है। पदमा प्रखंड के विभिन्न



गांवों में सक्रिय ललन कुमार ने झारखंड स्टेट इम्प्लॉयिंग एजेंसी फॉर कैटल एंड बफ़ेलो डेवलपमेंट, रांची से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने क्षेत्र में अपनी सेवाएं शुरू कीं और अब तक 400 से अधिक गाय एवं भैंसों का सफल कृत्रिम गर्भाधान कर चुके हैं। कृत्रिम गर्भाधान तकनीक के माध्यम से बेहतर नस्ल के बछड़ों का जन्म हो रहा है, जिससे पशुओं की उत्पादकता बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार यह तकनीक दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाने में सहायक साबित हो रही है। क्षेत्र के पशुपालकों का कहना है कि पहले उन्हें इस सुविधा के लिए दूर-दराज के केंद्रों तक जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त लागत आती थी। अब गांव में ही सेवा उपलब्ध होने से उन्हें काफी राहत मिली है। ललन कुमार केवल कृत्रिम गर्भाधान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण, संतुलित आहार, स्वच्छता और वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियों की जानकारी भी दे रहे हैं।

# रामगढ़ में लगा नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** रामगढ में चेंबर सेवा ट्रस्ट के द्वारा समागती कैंसर केयर फाउंडेशन के सौजन्य से कैंसर विशेषज्ञ डॉ सतीश शर्मा द्वारा नि:शुल्क कैंसर रोग जांच शिविर का रामगढ़ चैंबर भवन में आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक ममता देवी ने शिरकत किया। इस मौके पर विधायक ममता देवी के साथ नगर परिषद उपाध्यक्ष एवम विभिन्न वार्ड के पार्षदों के अलावा शहर के कई गणमान्य प्रबुद्ध एवं समाजसेवी व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने तंबाकू के सेवन को खत्म करने तथा सेलिब्रेटियों के द्वारा पान गुटका मसाला के प्रचार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दुहराई। 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले जानलेवा नुकसान के प्रति जागरूक करने और उन्हें तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करने को लेकर मनाया जाता है। तंबाकू के सेवन से कैंसर के साथ फ़ेफड़ों, और दिल की बीमारियों जैसे गंभीर खतरे पैदा होते है जिससे हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तंबाकू कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों और रणनीतियों से बचाना है ताकि वे इसकी लत का शिकार न बनें और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से मुक्त रहे। रामगढ़ विधायक ममता देवी ने बताया कि आज चैंबर भवन में निशुल्क कैंसर जांच शिविर लगाया गया यहां उपस्थित सभी लोगों ने यह प्रण लिया कि कैंसर पीड़ित लोगों को हम सभी मिलकर बेहतर इलाज प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में पहुंची एक महिला पार्षद गीता देवी ने बताया कि कैंसर निजात से संबंधित हम लोगों ने यहां जानकारियां प्राप्त की अब इन जानकारी के द्वारा हम लोग अपने क्षेत्र में जाकर युवा लोगों को तंबाकू निषेध के प्रति जागरूक करेंगे। मौके पर अपनी जांच कराने आए रामगढ़ शहर के एक समाजसेवी धनंजय कुमार पुटुस ने बताया कि यह एक अच्छी पहल है और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भी लगातार युवाओं से धूम्रपान निषेध के लिए अपील करते हैं और युवा वर्ग को इससे दूरी बनाकर रखने की बात करते हैं।

# चिकित्सक पर हमला करने वाले लोगों की अविलंब गिरफ्तारी हो

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** ड्यूटी से लौट रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पाटन के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार पर हुए क्रूर हमले की हम घोर निंदा करते हैं। यह घटना न केवल एक चिकित्सक पर हमला है, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र और समाज की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। ड्यूटी से लौटते समय उन्हें रास्ते में रोककर गंभीर रूप से मारपीट की गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हुए और वर्तमान में रांची में उपचाररत हैं। झारखंड की संपूर्ण चिकित्सा बिरादरी, जिसमें विभिन्न पारा-मेडिकल कर्मचारी संगठन शामिल हैं, इस घटना को अत्यंत गंभीरता से लेती है और एकजुट होकर निम्नलिखित मांगें करती है: घटना की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच हो। दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा हेतु प्रभावी और स्थायी व्यवस्था की जाए। संबंधित क्षेत्र में सक्रिय अपराधी तत्वों एवं सड़क लूट की घटनाओं पर तत्काल अंकुश लगाया जाए। हम राज्य सरकार एवं प्रशासन को स्पष्ट रूप से अवगत कराना चाहते हैं कि चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के प्रश्न पर अब किसी प्रकार की उदासीनता स्वीकार न की जाएगी।

# औरंगाबाद नप व देव नपं की सशक्त स्थायी समिति का गठन

## नगर परिषद, औरंगाबाद के सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित, देव नपं में एक पद के लिए कराया गया चुनाव





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/देव।** नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा लागू बिहार नगरपालिका अधिनियम (संशोधन) 2026 के आलोक में रविवार को औरंगाबाद नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के गठन की प्रक्रिया संपन्न हुई। अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी संतन कुमार सिंह की देखरेख में सभी पांच पदों के लिए नामांकन की कार्रवाई की गई। निर्धारित समय सीमा तक समिति के सभी पांच पदों पर एकल नामांकन होने के कारण चुनाव कराने की आवश्यकता नहीं पड़ी। इसके बाद वार्ड पार्षद शोभा सिंह, अशोक कुमार सिंह, सुनील कुमार, मलका बानो एवं पिंकी कुमारी को निर्विरोध सशक्त स्थायी समिति का सदस्य घोषित किया गया। निर्वाची पदाधिकारी द्वारा सभी निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। नगर परिषद के मुख्य पार्षद उदय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में समिति के सभी सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन नगर परिषद के वार्ड पार्षदों द्वारा उनके प्रति व्यक्त किए गए विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है। राजनीतिक एवं सामाजिक हलकों में इसे नगर परिषद में आपसी समन्वय और विकास के प्रति प्रतिबद्धता के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह ने सभी निर्वाचित सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सशक्त स्थायी समिति के गठन से नगर परिषद के विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई समिति जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए नगर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रभावी भूमिका निभाएगी। सशक्त स्थायी समिति के गठन के साथ ही नगर परिषद में विकास योजनाओं, वित्तीय निर्णयों और जनसुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के संचालन को नई दिशा मिलने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वहीं देव नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति के गठन के लिए रविवार को आयोजित चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। चुनाव में दो पदों पर सूरज और करिश्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए जबकि एक पद के लिए हुए मुकाबले में वार्ड संख्या-1 के पंकज यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रविरंजन उर्फ सिंटू कुमार को तीन मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। चुनाव प्रक्रिया के दौरान निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन पदाधिकारी वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही सभी विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी गई। चुनाव प्रक्रिया के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सभी वार्ड पार्षद मौजूद रहे। चुनाव संपन्न होने के बाद निर्वाचित सदस्यों के समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि नई सशक्त स्थायी समिति नगर के विकास कार्यों को गति देने और जनहित के मुद्दों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# जिला पार्षद नीतू सिंह को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

## दिल्ली में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से होंगी सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला पार्षद नीतू सिंह को आगामी 3 जून को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें अपने क्षेत्र में किए गए प्रभावी कार्यों और ग्रामीण विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जायेगा। नीतू सिंह को उनके कार्यकाल के दौरान अपने क्षेत्र में विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और जनहितकारी कार्यों के लिए चुना गया है। उनके प्रयासों से पंचायत क्षेत्र में विकास की कई नई पहलें देखने को मिली है। उनकी इस उपलब्धि को जिले स्तर पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस उपलब्धि की जानकारी मिलते ही रफीगंज प्रखंड सहित पूरे औरंगाबाद जिले में खुशी का माहौल है। स्थानीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इसे पंचायत और जिले के लिए गौरव का क्षण बताया है। लोगों ने नीतू सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जिला पार्षद नीतू सिंह ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी के पत्र का हवाला देते हुए बताया कि यह समारोह आगामी 3 जून को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित होगा, जहां देशभर के उत्कृष्ट पंचायत प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह मेरे लिए उत्साह और गौरव का विषय है। पहली बार मुझे जिला परिषद अध्यक्ष रहते वर्ष 2019 में दीनदयाल महिला शक्तिकरण सम्मान से सम्मानित होने का अवसर मिला था तथा 50 लाख रूपये का पुरस्कार जिला परिषद औरंगाबाद को मिला था। इस बार पुनः जिला परिषद क्षेत्र संख्या - 08 में विकास कार्यों को गति देने, जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय पहल करने तथा जनसेवा के प्रति समर्पित कार्यशैली के कारण मुझे राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह 2025 के लिए चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ धरातल पर उतारा गया है। स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण और जनकल्याणकारी योजनाओं पर लगातार काम किया गया है। आने वाले समय में क्षेत्र को और बेहतर बनाने का प्रयास जारी रहेगा। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव और नेतृत्व से पंचायत व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा विकास की नई संभावनाओं को बल मिलेगा। जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय यादव का कहना है कि यह सम्मान अन्य प्रतिनिधियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। इससे ग्रामीण विकास कार्यों को और गति मिलने की उम्मीद है तथा पंचायत स्तर पर बेहतर प्रशासन की दिशा में यह एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। हर्ष व्यक्त करने वालों में सहायक अभियंता ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, जिला पार्षद शंकर यादव, विरासत बचाओ संघर्ष परिषद अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, जिला पार्षद विकास पासवान आदि शामिल हैं।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर दिलाई गयी शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक सेवा सदन में समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी न्यायिक पदाधिकारियों, प्राधिकार के कर्मी, पैनल अधिवक्ता शामिल हुए। समारोह का संचालन प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष विश्व विभूति गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरूआत विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1987 में की थी। पुरी दुनिया में प्रति वर्ष लगभग 80 लाख लोग तंबाकू के प्रयोग के कारण मर जाते हैं इसलिए इस दिन को मनाने के पीछे का ध्येय यहीं है कि आम जनता तंबाकू से होने वाले नुकसान को जाने और तंबाकू से बने पदार्थो से दूर रहें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने उपस्थित लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले शारीरिक दुष्प्रभाव और नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक करने तथा तंबाकू रहित समाज के निर्माण में अपना योगदान देने की शपथ दिलायी।

# सड़क हादसे में किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के कारा मोड़ के समीप रविवार के सुबह अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवारों को रौंद दिया। इस घटना में घायल एक किशोर की मौत जमुहार मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के कुरमाईन गांव निवासी राकेश कुमार यादव के 15 वर्षीय पुत्र निखिल कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायल व्यक्ति दाउदनगर थाना क्षेत्र के बुधन बिगहा गांव निवासी अंकुश कुमार है। घटना की सूचना मिलते ही ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार मौके पर पहुंचे और घटना के जायजा लिया। वहीं कुरमाइन गांव में जाकर पीड़ित परिवारों से घटना की स्थिति के बारे में जानकारी ली। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अपने रिश्तेदार अंकुश के साथ दाउदनगर तरफ से कारा मोड होते हुए अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में औरंगाबाद तरफ से आ रही एक अज्ञात वाहन ने मौके पर बाइक सवार को टक्कर मार दिया जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा लाया गया जहां से दोनों को स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इस क्रम में जिला अस्पताल से भी मृतक निखिल को जमुहार मेडिकल कॉलेज एवं घायल अंकुश को पटना रेफर किया गया। इसमें निखिल कुमार की मौत जमुहार मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान हो गई। वही अंकुश का इलाज अभी पटना में ही चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही ओबरा विधायक डा. प्रकाश चंद्रा मृतक के घर पहुंच कर परिवार के लोगों को सांत्वना दिया। कहा कि विपत्ति के समय मनुष्य को धैर्य से काम लेना चाहिए।

# लू लगने से ट्रक चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** रविवार को लू लगने से एक ट्रक चालक की मौत होने का मामला सामने आया है। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर शिवराजपुर मोड़ की है। मृतक की पहचान झारखंड के धनबाद निवासी दुर्गा प्रसाद यादव के 40 वर्षीय पुत्र शंकर यादव के रूप में की गई है। घटना की जानकारी ट्रक के सह चालक आकाश गडी ने पुलिस को दी जिसके आलोक में पीएसआई सुरेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया जहां पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। पीएसआई सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि लू लगने से एक ट्रक चालक की मौत की बातें कहीं जा रही है। उन्होंने बताया कि गेहूं लदे ट्रक औरंगाबाद की ओर से बंगाल ले जा रहा था। इसी क्रम में शिवराजपुर मोड़ के समीप ज्योंही पहुंचा कि उसे अचानक शरीर में दर्द, दस्त और सर दर्द होने लगा जिससे कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। पीएसआई सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि सरकारी प्रावधान के अनुसार मृतक के आश्रितों को मुआवजा के रुप में चार लाख रूपये दिलाने के लिए कागजी प्रक्रिया की कार्रवाई की जाएगी।

# स्मार्ट मीटर व महंगाई के विरोध में प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बहुजन मुक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को शहर में पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में प्रदर्शन किया। पार्टी के राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत तीसरे चरण में 'दे धक्का आंदोलन' चलाया गया। शाहपुर स्थित अंबेडकर नगर से कार्यकर्ताओं ने वाहनों को धक्का देकर समाहरणालय तक मार्च निकाला और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने स्मार्ट मीटर व्यवस्था की पारदर्शिता पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप था कि स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। साथ ही घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों तथा पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि को आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि महंगाई के कारण आम परिवारों का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है तथा गरीब और मध्यमवर्गीय लोगों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी के जिलाध्यक्ष मिथिलेश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से किसान, मजदूर, कर्मचारी, छात्र एवं आम उपभोक्ता प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जनहित से जुड़े मुद्दों पर सुधार नहीं किया गया तो पार्टी भविष्य में और व्यापक आंदोलन चलाएगी। वहीं नेताओं ने सरकार से ईंधन एवं गैस की कीमतों में राहत देने तथा बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने की मांग की। प्रदर्शन में लोकसभा प्रभारी अधिवक्ता विनोद यादव, सूबेदार प्रसाद मेहता, रामस्वरूप पासवान, रहमत आलम, महेंद्र शर्मा, महेश यादव, ब्रजेश अंबेडकर, ऋषिकेश मौर्या समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# दो एनबी वारंटियों को किया गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले की देव थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के निष्पादन के तहत कार्रवाई करते हुए दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार देव थाना क्षेत्र के केसौर गांव में छापेमारी कर जवाहर पाल तथा विपिन पाल को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी था। गिरफ्तार दोनों वारंटियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। फरार अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# पत्नी ने भाई के साथ मिल पति को किया जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के वार्ड नंबर-14 स्थित शाहपुर अखाड़ा के समीप घरेलू विवाद को लेकर पत्नी द्वारा अपने मायके वालों को बुलाकर शिक्षक पति की जमकर पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट में 31 वर्षीय शिक्षक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी शिक्षक की पहचान शाहपुर अखाड़ा के समीप निवासी स्व. राजेंद्र भगत के पुत्र संजीत कुमार के रूप में हुई है। रविवार की दोपहर जख्मी शिक्षक संजीत कुमार ने बताया कि इसी वर्ष 24 फरवरी को ओबरा बाजार स्थित हनुमान गढ़ी निवासी सुरेश कुमार मालाकार की पुत्री श्वेता कुमारी से उनका विवाह हुआ था। शनिवार की रात अचानक पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ गया। घटना की सूचना पत्नी ने मायका वालों को दी। सूचना पर पहुंचे ससुर सुरेश कुमार ने मामले की जानकारी डायल 112 के पुलिसकर्मियों को दी। सूचना पर डायल 112 की पुलिस पहुंची और दोनों पति-पत्नी को लेकर थाना चली गई। थाना में काफी देर तक समझौता हुआ। रविवार की अहले सुबह संजीत की पत्नी श्वेता ने अपने भाई से कहा कि अगर इसकी हत्या कर दोगे तो मुझे सरकारी नौकरी मिल जाएगी और संपत्ति के मालिक हो जाओगे। इसके बाद दोनों भाई-बहन ने शिक्षक संजीत की जमकर पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। फिलहाल शिक्षक संजीत की स्थिति गंभीर बनी हुई है और वह सदर अस्पताल में इलाजरत है। शिक्षक संजीत ने अपनी पत्नी व साले पर आरोप लगाया कि मारपीट के बाद उसकी पत्नी सैलरी के 40 हजार रुपये और उसके द्वारा खरीदे गये गहने, जिसकी कीमत लगभग दो लाख रुपये है, लेकर फरार हो गई। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर शिक्षक संजीत का चचेरा भाई पहुंचा और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। मामले में जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएंगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)

सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)

पिन - 824101

मो.-9431223574,9572550076

व्हाटसप नं.-7295863300

ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com

Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.

बोकारो स्टील सिटी, बोकारो

मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनायी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान पूर्वक सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं अंजली जायसवाल, अनंता सिन्हा, किरण सिंह एवं रेनू तथा आचार्य रवि रंजन उपस्थित रहे। सभी ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनंता सिन्हा ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की एक आदर्श शासिका थीं। उन्होंने अपने न्यायपूर्ण शासन, जनकल्याणकारी कार्यों तथा नारी शक्ति के उत्कृष्ट उदाहरण से समाज को नई दिशा प्रदान की। उनका जीवन हमें सेवा, समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का संदेश देता है।''कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने तथा उनके आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। श्रद्धा एवं प्रेरणा से परिपूर्ण इस आयोजन का समापन सभी के द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को नमन करने के साथ हुआ।

# फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में औरंगाबाद पुलिस ने फरार अभियुक्त के विरुद्ध इश्तेहार चिपकाया है। जम्होर थाना पुलिस ने अभियुक्त गुड्डू कुमार के घर पहुंचकर विधिवत ढोल-नगाड़ा बजाते हुए न्यायालय का इश्तेहार चस्पाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इश्तेहार चस्पा करने के दौरान स्थानीय लोगों की उपस्थिति में अभियुक्त को निर्धारित समय के भीतर न्यायालय अथवा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने की सूचना दी गई। यदि अभियुक्त निर्धारित अवधि के भीतर उपस्थित नहीं होता है तो न्यायालय के आदेशानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और न्यायालय के आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस कार्रवाई का उद्देश्य अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए विधिक रूप से सूचित करना है।

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
पशुपालन निदेशालय

# क्लासिकल स्वाईन फीवर

राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक गाँव/वार्ड में सूकरों में क्लासिकल स्वाईन फीवर रोग के विरूद्ध

दिनांक: 19 मई, 2026 से नि:शुल्क टीकाकरण अभियान
(प्रतिदिन 8 बजे पूर्वाह्न से 4 बजे अपराह्न तक)

पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में क्लासिकल स्वाईन फीवर रोग नियंत्रण हेतु टीकाकरण कराया जाना है। इस कार्य हेतु मानक संचालन प्रक्रिया का निर्धारण किया गया है। राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक गाँव/वार्ड में क्लासिकल स्वाईन फीवर रोग नियंत्रण हेतु टीकाकरण निर्धारित है।



- पशुपालकों से अनुरोध है कि कार्यक्रम का भरपूर लाभ उठायें, अपने सूकरों को क्लासिकल स्वाईन फीवर रोग से बचायें।
- सभी जनप्रतिनिधियों से इस टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आग्रह है।
- किसी भी योग्य सूकरों का टीकाकरण नहीं होने अथवा टीकाकरण के दौरान राशि की मांग करने की शिकायत पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना के दूरभाष संख्याः 0612–2230942 पर की जा सकती है।



विशेष जानकारी हेतु पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना के नियंत्रण कक्ष का सम्पर्क सूत्र 0612–2226049
अथवा पशुपालन निदेशालय के आपदा नियंत्रण कक्ष के सम्पर्क सूत्र 0612–2230942 पर सम्पर्क किया जाय।

PR No.- 004649 (Animal)D. 2026-27

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार

@BiharDFARD